हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**शिखर धवन ने गुरूग्राम में खरीदा लग्जरी फ्लैट, कीमत है करोड़ों में**

Page 10



देश

**सांसदों को विदेश भेजने को लेकर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर उठाए सवाल**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • गुरूवार • 22 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 160 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 97,4200 | ₹ 1,00,000 |

## आज का इतिहास

1936 : भारत के पहले स्टेडियम ब्रेबोर्न स्टेडियम का बॉम्बे में शिलान्यास।

1963 : भारत की पहली ग्लाइडर रोहिणी ने उड़ान भरी।

## न्यूज बाइट्स

### 'माई बहिन मान योजना' के लिए मिस्ड कॉल नंबर जारी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा की है। पार्टी ने ऐलान किया है कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो राज्य में 'माई बहिन मान योजना' लागू की जाएगी। इस योजना के तहत हर जरूरतमंद महिला को प्रति माह 2500 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कांग्रेस की ओर से योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए एक मिस्ड कॉल नंबर 8800023525 भी जारी किया गया है

### पहला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल चार देशों की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली (ए.)।** आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया। यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जायेगा। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रूख के बारे में जानकारी दी थी।

### 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला उच्च गुणवत्ता का प्रमाण पत्र : मंगल

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज कहा कि प्रदेश के 32 जिलों के 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) को उच्च गुणवत्ता का प्रमाण पत्र मिला है। श्री पांडेय ने बुधवार को यहां कहा कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आमजनों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सेवाएं दी जा रही है। उन्होने कहा कि ये संस्थाएं कई मानकों पर श्रेष्ठ साबित हो रहा है। इसकी गुणवत्ता श्रेष्ठ है, वो अब प्रमाणित भी हो रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर आधारभूत संरचनाओं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की मदद से बेहतर इलाज पर जोर दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री देंगे रेलयात्रियों को बड़ी सौगात, आज करेंगे 100 से अधिक अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

# अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और हो जायेगा आसान : पीएम

- इन स्टेशनों के उद्घाटन से यात्रियों को आधुनिक और सुगम रेल सुविधाएं मिलेंगी।
- पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में इस कार्यक्रम को 'भारतीय रेल के लिए ऐतिहासिक दिन' बताया।



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बताया कि वह 100 से अधिक अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों के रिडेवलपमेंट से आम लोगों के रेल सफर को और भी अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री बुधवार को राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं, जहां वे लगभग 26 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिनसे सीमावर्ती इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और साथ ही देश के रक्षा ढांचे को और अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी। मोदी ने इस संबंध में एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा, 'भारतीय रेल के लिए कल का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने वाला है। बीकानेर में सुबह साढ़े 11 बजे मैं अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करूंगा। इससे देशवासियों का रेल सफर और भी सुगम और सुविधाजनक बनेगा। पीएम ने कहा कि ये स्टेशन न केवल आधुनिक तकनीक और डिज़ाइन से लैस होंगे, बल्कि यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। यह परियोजना भारत को भविष्य की ओर ले जाने वाले कदमों में से एक है, जो विशेषकर रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक मजबूत प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि 'राजस्थान के अपने दौरे में मुझे अनेक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी अवसर मिलेगा। इसमें कई सड़क परियोजनाएं शामिल हैं जो न केवल यातायात को सुगम बनाएंगी बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती देंगी। मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में रेलवे और सड़कों के विकास को अपनी प्राथमिकता में रखा है, ताकि आम जनता को बेहतर आवागमन के साथ-साथ देश की सुरक्षा को भी सुदृढ़ किया जा सके। आज का यह कार्यक्रम न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


### केन्द्रीय गृह मंत्री ने लॉन्च किया ओसीआई के लिए नया पोर्टल

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया के लिए नया पोर्टल लॉन्च किया है। ओसीआई कार्ड धारकों के फीडबैक के आधार पर बनाया गया नया पोर्टल पुराने कार्डधारकों के साथ-साथ ओसीआई कार्ड के लिए नया आवेदन करने वालों के लिए भी सुविधाजनक बनाया गया है। ओसीआई का पुराना पोर्टल 2013 में विकसित किया गया था, जिसकी जगह अब नया पोर्टल आ गया है। नए पोर्टल को लॉन्च करते हुए अमित शाह ने कहा कि दुनिया के कई देशों में भारतीय मूल के नागरिक रहते हैं। भारत आने और यहां रहने के दौरान उन्हें कोई असुविधा नहीं हो, इसका सुनिश्चित करना जरूरी है और नया पोर्टल इसी दिशा में काम करेगा।



## 27 नक्सलियों का एनकाउंटर, एक पर था डेढ़ करोड़ का इनाम, 20 शव और हथियार बरामद, एक जवान शहीद





एजेंसी | जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार की सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है। पुलिस ने 7 दिन पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर करेंगुट्टा ऑपरेशन की जानकारी दी थी। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित करेंगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं। नक्सल सूत्रों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में करीब 40 सालों में हिड़मा ही इकलौता ऐसा नक्सली है जिसे संगठन के टॉप-2 टीम (सेंट्रल कमेटी) में जगह मिली है। वो भी तब जब नक्सल संगठन में अंदरूनी कलह चली और नक्सलियों को सिर्फ ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की बात उठने लगी।

वहीं डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर) के पद से देवा बारसे का प्रमोशन कर उसे (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) कैडर में शामिल कर कमांडर बनाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 को छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंच से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह की इस डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

## भारत ने पाकिस्तान हाईकमीशन के अफसर को निकाला

**नई दिल्ली(ए.)।** भारत ने बुधवार को पाकिस्तान हाई कमीशन के एक और अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। यह 8 दिनों के भीतर दूसरी बार है जब भारत ने किसी पाकिस्तानी राजनयिक को देश से निकाला है। विदेश मंत्रालय ने बताया- भारत सरकार ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को अवांछनीय व्यक्ति घोषित किया है, क्योंकि वह अपने पद के अनुरूप काम नहीं कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, निष्कासित अफसर पर भारत के खिलाफ जासूसी जैसे गंभीर आरोप हैं। इससे पहले भी एक अन्य पाकिस्तान अधिकारी को भारत विरोधी गतिविधियों के चलते देश से निकाला जा चुका है।

## सीबीआई ने केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य को 32 हजार रुपये लेते पकड़ा

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में रोहतास जिले से एक और घूसखोर को पकड़ा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की टीम ने बुधवार को सासाराम के केंद्रीय विद्यालय में छापेमारी की। इस दौरान प्राचार्य मयंक कुमार श्रीवास्तव को 32 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। सीबीआई की इस कार्रवाई से स्कूल में हड़कंप मच गया। बीते 24 घंटे के भीतर बिहार में घूसखोरों के खिलाफ यह तीसरी कार्रवाई है। प्राचार्य ने माही इंटरप्राइजेज के सप्लायर प्रिंस कुमार से 1 लाख 92 हजार रुपये का बिल पास कराने की एवज में रिश्वत ली।

## बिहार में सुधा दूध हुआ महंगा आज से लागू हुआ नए दाम

निज संवाददाता | पटना

बिहारवासियों को अब दूध के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। राज्य की प्रमुख दुग्ध आपूर्ति संस्था बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन (कमफेड) ने सुधा दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। नई दरें 22 मई 2025 से लागू होंगी। कॉम्फेड द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सुधा दूध के विभिन्न वेरिएंट्स की कीमत में 2 से 3 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की गई है। यह बढ़ोतरी बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में लागू की जाएगी। दोनों राज्यों के लिए कॉम्फेड ने अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। हालांकि, फिलहाल सुधा के अन्य उत्पादों जैसे घी, दही, लस्सी, पेड़ा आदि की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सुधा दूध बिहार-झारखंड के लाखों उपभोक्ताओं की पहली पसंद है। ऐसे में दाम बढ़ने का सीधा असर आम आदमी के घरेलू बजट पर पड़ेगा। खासकर उन परिवारों के लिए यह महंगाई और चिंता बढ़ाने वाली खबर है, जिनका दैनिक खर्च दूध पर काफी हद तक निर्भर रहता है। गौरतलब है कि इससे पहले साल की शुरुआत में अमूल डेयरी ने भी दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। अमूल स्टैंडर्ड दूध, भैंस का दूध, गोल्ड, स्लिम एंड ट्रिम, ताजा और टी-स्पेशल जैसे वेरिएंट्स की कीमतों में बदलाव किया गया था। जानकारों के मुताबिक, उत्पादन लागत, पशुचारे की बढ़ती कीमतें और वितरण खर्च में वृद्धि के चलते यह कदम उठाया गया है।

### तीन रुपये बढ़ी सुधा की दूध की कीमत



नए रेट के अनुसार, सुधा फुल क्रीम दूध 'गोल्ड' की कीमत 62 रुपये से बढ़ाकर 65 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। वहीं, सुधा शक्ति दूध अब 55 रुपये के बजाय 57 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। गाय के दूध की कीमत भी 52 रुपये से बढ़ाकर 54 रुपये कर दी गई है।

## कल से सातवें चरण में बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण

निज संवाददाता | पटना

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के निर्देश पर राज्य भर में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सातवें चरण के अंतर्गत 23 मई को पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिलों के बीएलए को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक अनुसंधान संस्थान परिसर में किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए हिस्सा ले रहे हैं। इन्हें मतदाता सूची, चुनाव प्रक्रिया और उनके जिम्मेदारियों के बारे में गहन जानकारी दी जा रहा है।

## अबतक 177 आशा कर्मियों की काम के दौरान मौत, परिवार को मिलेगा चार लाख का मुआवजा

- प्रत्येक परिवार को 4 लाख की सहायता
- 7.08 करोड़ रुपये की स्वीकृति



निज संवाददाता | पटना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पर कार्य करने वाली 177 आशा कर्मियों की कार्य के दौरान मौत हुई है। जिलों से इस संबंध में अलग-अलग समय पर प्राप्त सूची को समेकित करते हुए अब पूर्व से स्थापित नियमों के तहत संबंधित आशा के परिवार के लोगों को अनुदान देने का निर्णय लिया है।

प्रत्येक आशा कर्मी के परिवार को अनुदान मद में चार-चार लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए 7.08 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने राशि स्वीकृति के अपने निर्णय से महालेखाकार को भी अवगत करा दिया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मृत आशा कर्मियों का ब्योरा सभी जिलों के सिविल सर्जनों से मांगा गया था। सिविल सर्जनों से मिली सूची के अनुसार, भागलपुर में 17, कटिहार में 11, मधुबनी, मजफ्फरपुर में 10-10, पश्चिम चंपारण व जमुई में नौ-नौ आशा कर्मियों की मौत हुई है। इसके अलावा बांका, नालंदा में आठ-आठ, पूर्णिया, रोहतास में सात-सात, समस्तीपुर और गया में छह-छह, भोजपुर, सिवान, औरंगाबाद में पांच-पांच आशा कर्मियों की मौत कार्य के दौरान होने की सूचना जिलों ने भेजी है। अन्य जिलों में कहीं चार, कहीं तीन तो कहीं से दो और एक-एक के आंकड़े विभाग को भेजे गए हैं।

शिक्षा विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, विभाग में मचा हड़कंप

## शिक्षा विभाग ने 61 शिक्षकों को किया बर्खास्त, 264 हुए निलंबित

निज संवाददाता | पटना

- 500 से ज्यादा पर मंडरा रहा खतरा

बिहार राज्य के शिक्षा विभाग से बड़ी खबर सामने आ रही है। शिक्षा विभाग की जांच में दोषी पाए जाने वाले शिक्षकों पर बड़ा एक्शन लिया है। जांच में दोषी मिलने वाले 61 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ 264 शिक्षक निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई कार्य में लापरवाही, विभागीय आदेश नहीं मानने पर और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण की गई है। हालांकि, राज्य के सरकारी विद्यालयों से गैरहाजिर, शिक्षण कार्य के प्रति लापरवाही तथा विभागीय आदेश नहीं मानने वाने 556 शिक्षकों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग ने राज्य के 61 शिक्षकों को बर्खास्त किया है। वहीं 264 शिक्षकों को निलंबित किया है। 273 शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा विभाग के विशेष सचिव एवं निदेशक (प्रशासन) सुबोध कुमार चौधरी के हस्ताक्षर के बाद सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। गूगल शीट में सभी जिलों से शिक्षकों के विरुद्ध निलंबन, विभागीय कार्रवाई एवं बर्खास्तगी की सूचना भी सभी जिलों से मांगी गई है।

### गूगल शीट में उपलब्ध कराने का निर्देश

शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश में सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों से कहा गया है कि सभी जिलों में शिक्षकों के खिलाफ निलंबन, विभागीय कार्रवाई एवं बर्खास्तगी का अद्यतन आंकड़े शिक्षा विभाग के गूगल शीट में उपलब्ध कराएं। दरअसल, शिक्षकों के खिलाफ निलंबन, विभागीय कार्रवाई एवं बर्खास्तगी के संबध में समीक्षा विभाग के स्तर पर की जाती है।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**संदेश**

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर मैं झारखण्ड के समस्त लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। संथाल परगना के घने वन हों या छोटानागपुर की भव्य पहाड़ियां, हमारा राज्य समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है।

वर्तमान में समस्त विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से ग्रस्त है, ऐसे में जैव विविधता का संरक्षण नितांत आवश्यक है। जैव विविधता का संरक्षण न केवल भूमि के क्षरण को रोकने में, बल्कि जल संरक्षण में भी सहायक है। संतुलित जैव विविधता से हमें उत्तम कृषि उपज औषधीय पौधे वन आधारित आजीविका जैसे लाह की खेती, तसर सिल्क की खेती, मुधमक्खी पालन, बांस की खेती के उत्तम परिणाम मिलते हैं।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय **"प्रकृति के साथ सामंजस्य एवं सतत विकास"** है।

आइए, अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर हम सभी, जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके संतुलित उपयोग के लिए संकल्प लें।

PR. No. 353165/IPRD/2025-26

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार**

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्ध का शव हुआ बरामद, लू लगने की जताई आशंका

**मानपुर**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसुंडा-फतेहपुर मार्ग से बारा गंधार जाने वाले रास्ते पर सूखा बाबा डाक स्थान के पास मंगलवार को एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला। मृतक की उम्र करीब 80 से 85 वर्ष बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध नंगे बदन था। उसने लाल रंग का गमछा पहन रखा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह भीख मांगकर जीवन यापन करता था। मंगलवार सुबह भी उसे भीख मांगते देखा गया था। आशंका है कि दोपहर में लू लगने से उसकी मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और एसआई सोहन हाजरा के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची। कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### मुख्य पुजारी का बेटा और भतीजा सहित 5 गिरफ्तार

**नालंदा**। नालंदा जिले के राजगीर में स्तिथ नौलखा मंदिर में हुई लूट का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मंदिर के मुख्य पुजारी का बेटा और भतीजा भी शामिल हैं। आरोपियों से 8,05,090 रुपए नगद, हथियार और घटना में प्रयुक्त अन्य सामग्रियां बरामद की गई है। एसपी भारत सोनी ने कहा कि राजगीर स्थित नौलखा मंदिर की श्वेतांबर धर्मशाला में रविवार की रात 2:00 से 2:30 बजे के बीच घटना हुई। आरोपियों ने नाइट गार्ड को गंभीर रूप से घायल कर दान पेटी में रखे पैसों को लूट लिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। नौलखा मंदिर एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

**कार्रवाई के लिए टीम हुई थी गठितः** घटना की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तत्काल एक विशेष अनुसंधान टीम गठित की। इसमें तकनीकी विशेषज्ञ, फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (FSL) की टीम, डॉग स्क्वाड और पुलिस अधिकारी शामिल थे। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और मंदिर के ट्रस्टियों से भी जानकारी प्राप्त की। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने 24 घंटों के भीतर 5 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

**इनकी गिरफ्तारी हुई हैः** राजगीर के पुरी थाना निवासी अखिलेश्वर तिवारी का बेटा परमीत तिवारी, जो मंदिर के मुख्य पुजारी सिद्धेश्वर तिवारी का भतीजा है। दूसरा राजगीर निवासी त्रिपुरारी उपाध्याय का बेटा बच्चन है। तीसरा पुरी निवासी मंदिर के मुख्य पुजारी सिद्धेश्वर तिवारी का बेटा विनीत कुमार है। चौथा नवादा के वासलीगंज अपसगढ़ निवासी विनेश सिंह का बेटा कन्हैया कुमार है और पांचवां वारसलीगंज निवासी धनंजय कुमार का बेटा हीरा कुमार है। इन लोगों के पास से लूट के 8,05,090 रुपए, एक देसी पिस्तौल, प्वाइंट 3.5 के 2 कारतूस, 7.65 एमएम के 11 जिंदा कारतूस, घटना में इस्तेमाल बाइक, घटना के समय पहने गए कपड़े, 3 मोबाइल फोन, लोहे का बना हथियार बरामद किया गया है।

**घायल को पटना में कराया गया है भर्तीः** घटना में गंभीर रूप से घायल हुए गार्ड को पहले स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस एस्कॉर्ट के साथ पटना के रूबन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वर्तमान में उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। एसपी सोनी के अनुसार, आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मंदिर में दान की राशि के लालच में आकर आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया। मंदिरों में आमतौर पर त्रैमासिक आधार पर कमेटी की ओर से दान पेटियों को खोला जाता है और धन का प्रबंधन किया जाता है। इसी धन के लालच में आरोपियों ने यह वारदात की।

**आपराधिक इतिहास की जांच की जाएगीः** पुलिस ने अन्य जिलों में भी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच शुरू कर दी है। एसपी सोनी ने बताया कि पुलिस को एक माह के भीतर सभी साक्ष्य एकत्र कर केस डायरी अदालत में प्रस्तुत करने और त्वरित मुकदमे (स्पीडी ट्रायल) के लिए निर्देशित किया गया है।

### माले कार्यकर्ताओं ने की बैठक, 30 को सम्मेलन

**परवलपुर**। स्थानीय बाजार के संत नगर मुहल्ला स्थित भाकपा माले कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के प्रखंड प्रभारी प्रमोद यादव ने कहा कि आगामी 30 मई को परवलपुर एवं 28-29 जून को बिहारशरीफ में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड से लेकर जिला और राज्य स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में शंभू कुमार वर्मा, उमेश सिन्हा, राजा मालाकर, सुरेश राउत, चंद्रिका शामिल थे।

### उगावां से दो साइबर फ्रॉड धराया

**बिहारशरीफ**। अस्थावां थाना पुलिस ने उगावां गांव में छापेमारी कर दो साइबर फ्रॉडों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपित नोआवां निवासी अरविंद कुमार और उगावां निवासी पिंटू है। थानाध्यक्ष लालमनी दुबे ने बताया कि फ्रॉडों के पास से दो मोबाइल बरामद हुआ। बरामद मोबाइल फ्रॉड का अनेकों साक्ष्य उपलब्ध है। आरोपितों को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया।

### पुलिस की गाड़ी ने बाइक सवार मां, बेटी-बेटे को रौंदा

**नालंदा**। नालंदा में गोकुलपुर थाने की पुलिस की गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मां, बेटा-बेटी घायल हो गए। बाइक सड़क से नीचे फेंका गई। बताया जा रहा कि गाड़ी करीब 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। घटना के बाद गोकुलपुर पुलिस ने घायलों को कुछ दूर ले जाकर छोड़ दिया। कहा कि गाड़ी गर्म हो रही है। जिसके बाद रहुई पुलिस पहुंची और घायलों को मॉल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में हरनौत थाना क्षेत्र के मौतरा गांव निवासी अरविंद पांडे की पत्नी सरिता देवी, बेटी लूसी कुमारी और बेटा सन्नी पांडे हैं। घटना रहुई थाना क्षेत्र के निजाय गांव के पास की है। घायल लूसी कुमारी ने कहा, 'हम भागन बीघा स्थित डेंटल कॉलेज से दांत का इलाज करवा कर भाई और मां के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मार दी। ड्राइवर समेत पुलिसकर्मी शराब के नशे में थे।'

**पुलिस पर थप्पड़ मारने का भी आरोपः** सन्नी पांडे ने बताया कि मैंने अपनी बाइक को सड़क किनारे कर लिया, बावजूद तेज रफ्तार में आई पुलिस गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। जब मैंने इसका वीडियो बनाने का प्रयास किया तो पुलिस वालों ने थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। ड्राइवर के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी।

### विश्व मधुमक्खी दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**राजगीर**। जू सफारी द्वारा आदर्श मध्य विद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों के बीच पोस्टर प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल आए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल मधुमक्खियों के महत्व को उजागर करना है, बल्कि भावी पीढ़ी को उनके संरक्षण की दिशा में प्रेरित करना भी है। उन्होंने कहा कि राजगीर जू सफारी द्वारा इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। इस अवसर पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी खुशबू, शिवम सिन्हा, वनपाल निरंजन कुमार, वनरक्षी राजकुमार मंडल आदि उपस्थित थे।

### दोषियों पर कार्रवाई न होने पर स्वास्थ्य सेवा होगी ठप

**गया**। शहर के एपी कॉलोनी स्थित शुभकामना अस्पताल में 16 मई की सुबह मरीज की मौत के बाद परिजनों द्वारा की गई तोड़फोड़ और मारपीट के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ की आपात बैठक हुई। बैठक में शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान बताया गया कि मरीज शहर के गांगो बिगहा हनुमान नगर निवासी यदुनंदन सिंह के पुत्र अरुण कुमार सिंह पिछले दो साल से हार्ट फेल्योर, डायबिटीज और किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। उन्हें कई बार कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमन सिन्हा ने पेस मेकर लगाने की सलाह दी थी। मरीज इलाज में लापरवाही बरत रहे थे। 14 मई को भी वे डॉ. अमन सिन्हा को दिखाने आए थे। उन्हें फिर से पेस मेकर लगाने की सलाह दी गई, लेकिन परिजन गंभीर नहीं हुए और वापस चले गए। 15 मई की देर रात करीब सवा एक बजे मरीज को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले डॉक्टर, लगी फटकार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को मॉडल अस्पताल बिहार शरीफ का निरीक्षण किया। जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं की दयनीय स्थिति का खुलासा हुआ। डॉ. सिंह ने लगभग आधे घंटे तक अस्पताल के विभिन्न वार्डों का गहन निरीक्षण किया और कई गंभीर कमियों को चिह्नित किया। ओपीडी में डॉक्टर अनुपस्थित मिले। सिविल सर्जन के पहुंचने की सूचना मिलते ही जब डॉक्टर ओपीडी में पहुंचे, तो उन्हें डॉ. सिंह ने फटकार लगाई और नियमित रूप से अपनी ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया। इस प्रकार की लापरवाही से मरीजों को होने वाली परेशानियों पर भी उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रसव वार्ड की स्थिति भी दयनीय पाई गई, जहां साफ-सफाई का अभाव दिखाई दे रहा था। डॉ. सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाई और प्रसव वार्ड में विशेष रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिया, जो मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। औषधि वितरण व्यवस्था में भी कमियां पाई गईं। वर्तमान में मॉडल अस्पताल में केवल 2 दवा काउंटर हैं, जो बढ़ती मरीजों की संख्या के अनुपात में अपर्याप्त हैं। डॉ. सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को दवा काउंटरों की संख्या बढ़ाने का स्पष्ट निर्देश दिया, ताकि मरीजों को दवाओं के लिए लंबी कतारों में न खड़ा होना पड़े।

**दोबारा निरीक्षण में कमियां मिलने पर होगी कार्रवाईः** निरीक्षण के बाद डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को मॉडल अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। आज के निरीक्षण में कई कमियां पाई गई हैं, जिन्हें अविलंब दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि मरीजों से सीधे बातचीत करके उनकी समस्याओं और उपचार की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली है। सिविल सर्जन ने अस्पताल के सभी कर्मचारियों को ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया और कहा कि मरीजों को समय पर भोजन मिलना चाहिए और उन्हें समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। डॉ. सिंह ने चेतावनी दी कि वे फिर से अचानक निरीक्षण करेंगे और यदि स्थिति में सुधार नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मॉडल अस्पताल के उपाधीक्षक, अकाउंटेंट, मैनेजर और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## प्री से 8वीं तक सुबह 10 बजे तक होगी पढ़ाई



निज संवाददाता। गया

भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए गया जिले के स्कूलों के समय में एक बार फिर बदलाव किया गया है। बच्चों के सेहत पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है। उनसे ये बार फिर से नया फरमान जारी किया है। पूर्व में 16 मई से 19 मई तक स्कूलों के समय में बदलाव किया गया था, लेकिन मौसम की स्थिति में किसी प्रकार का कोई खास सुधार नहीं होने के कारण जिला दण्डाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने धारा-163 के तहत नया आदेश जारी किया है, जो 20 मई से प्रभावी होगा और 31 मई 2025 तक लागू रहेगा।

**गर्मी और लू को लेकर स्कूलों के लिए ये निर्देशः** प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 8 तक की कक्षाएं अब प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। जबकि कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं अधिकतम सुबह 11 बजे तक ही संचालित की जा सकेंगी। यह आदेश जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और कोचिंग संस्थानों पर लागू होगा। जिला प्रशासन ने सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे इसी के अनुसार अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करें। गर्मी की तीव्रता को देखते हुए यह कदम सावधानी के तौर पर उठाया गया है। ताकि बच्चों की सेहत और सुरक्षा से कोई समझौता किसी भी स्तर पर न हो। प्रशासन ने लगे हाथ अभिभावकों से भी अपील की है कि वे भीषण गर्मी के इस दौर में बच्चों की देखभाल में अतिरिक्त सतर्कता बरतें और निर्धारित समय पर ही बच्चों को स्कूल भेजें।

## गया में करोड़ों की प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

निज संवाददाता। गया



गया शहर में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीएनबी) ने कार्रवाई की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के रंगबहादुर रोड और रामशिला मोड़ इलाके में सीएनबी की टीम ने छापेमारी की, जिसमें करीब 400 पैकेट नशीली दवाओं की खेप बरामद की गई। इन दवाओं की बाजार में कीमत करोड़ों रुपए में आंकी गई है। सूत्रों के मुताबिक, सीएनबी को इनपुट मिला था कि गया शहर में बड़े स्तर पर कोडीन सिरप और अन्य प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर तुरंत एक्शन लेते हुए टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई की कमान खुद केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक ने संभाल रखी थी। सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई को नारकोटिक्स डिपार्टमेंट के अधीक्षक विजय शंकर कर रहे थे। छापेमारी के दौरान कोडीन सिरप, प्रामाडोल, डायजापाम, नेट्रोजापाम जैसी कई उच्च श्रेणी की मादक दवाएं जब्त की गईं हैं। यह दवाएं आमतौर पर नशे के लिए इस्तेमाल की जाती हैं और इन पर कानूनी रूप से प्रतिबंध है। सीएनबी ने स्पष्ट किया है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोगों की तलाश जारी है और जल्द ही गिरफ्तारियां भी की जाएंगी। हालांकि, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**मध्य प्रदेश नारकोटिक्स टीम रही शामिलः** इस पूरे अभियान में मध्य प्रदेश नारकोटिक्स टीम प्रमुख रूप से शामिल थी। छापेमारी की टीम में नारकोटिक्स के सिपाही, इंस्पेक्टर और अधिकारी शामिल थे। सीएनबी की यह कार्रवाई गया में नशे के बढ़ते जाल के खिलाफ एक सफलता मानी जा रही है। कोतवाली थाना के इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने नारकोटिक्स डिपार्टमेंट की ओर से की गई छापेमारी व दवा पकड़े जाने की पुष्टि की है। लेकिन, उन्होंने यह नहीं बताया कि किस किस घर में कार्रवाई की गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि नारकोटिक्स डिपार्टमेंट की ओर से अब तक कोतवाली पुलिस को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई है। न ही किसी प्रकार की कोई मदद उन्होंने ली है। ऐसे में कुछ भी बताना उचित नहीं है। सूत्रों का कहना है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के रंगबहादुर रोड स्थित एक ब्यूटी पार्लर की आड़ में यह सारा खेल खेला जा रहा था।

## गया एसएसपी ऑफिस परिसर से मिला 36 लीटर शराब

निज संवाददाता। गया



गया एसएसपी ऑफिस परिसर के अंदर से शराब बरामद हुआ है। वायरलेस विभाग के निर्माणाधीन भवन में एक कर्कट नुमा कमरे से उत्पाद विभाग व पुलिस ने छापेमारी की। 36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। बगल के चाय दुकान में भी शराब मिला है। फिलहाल, दुकानदार फरार हो गया है। इसकी पत्नी को पुलिस ने अरेस्ट किया है। पुलिस की ओर से इस मामले में बताया गया है कि गुप्त सूचना पर पुलिस हरकत में आई। 20 मई की रात करीब 9:45 बजे पुलिस को सूचना मिली थी। वायरलेस भवन में रखे निर्माण सामग्री के कमरे में शराब छिपाकर रखी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने सिविल लाइन थाना प्रभारी और उत्पाद विभाग की टीम को तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। बाउंड्री टूटी थी और अंदर शराब थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि वायरलेस भवन के उत्तर दिशा की बाउंड्री टूटी हुई थी। वहां से कोई भी अंदर आसानी से आ-जा सकता था। उसी रास्ते का फायदा उठाकर नशे का कारोबार चल रहा था। तलाशी में कर्कट नुमा कमरे से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की बोतलें मिलीं। मौके से दो संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की गई है। जांच के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। जिन्हें हिरासत में लिया गया था, वे कार्रवाई के वक्त सादी वर्दी में थे और वे पुलिस वाले थे।

**चाय दुकानदार के डीप फ्रीजर से भी मिली शराबः** इसी कमरे से सटे एक गली में मौजूद चाय दुकानदार राकेश कुमार के डीप फ्रीजर से भी अंग्रेजी बीयर और शराब बरामद की गई। जांच में पता चला कि वह इन्हें बेचने के लिए रखता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (SIT) बनाई गई है। यह टीम गहन जांच कर दोषियों को चिह्नित करेगी और उन पर कठोरतम कार्रवाई होगी। दूसरी ओर आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त प्रिय रंजन ने बताया है कि मंगलवार की रात केदारनाथ मार्केट के सब्जी मंडी में चाय बेचने वाले ठेले पर छापेमार की गई। शुरुआती कार्रवाई में शराब की बोतलें मिली। चाय बेचने वाला राकेश उत्पाद विभाग की टीम को देख फरार हो गया। उसकी पत्नी को हिरासत में लिया गया। जिसे अरेस्ट कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि एसएसपी ऑफिस के एक गेट के अंदर करकट नुमा कमरा है।

## कोई भी बिरहोर परिवार योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा

निज संवाददाता। गया



फतेहपुर प्रखंड की कठौतिया केवाल पंचायत के गुरपा जंगल में बसे बिरहोर टोला का प्रखंड विकास पदाधिकारी शशिभूषण साहू ने जायजा लिया। उन्होंने टोला में कराए गए विकास कार्यों, मुहैया कराए गए सुविधाओं और व्याप्त समस्याओं से रू-ब-रू हुए। उन्होंने बिरहोर परिवार को मिलने वाले योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली। साथ ही सात बिहोर परिवार का जॉब कार्ड बनवाए और बैंक खाता भी खुलवाये। बीडीओ ने बिरहोर टोला की वस्तु स्थिति से अवगत होने के बाद यहां व्याप्त समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने की बात कही है। बीडीओ शशिभूषण साहू गया जी जिले में सिर्फ एक स्थान गुरपा जंगल में बसे बिरहोर टोला की स्थिति से अवगत होने पहुंचे। उन्होंने टोला में घूम-घूमकर उसका जायजा लिया और यहां की स्थिति को जाना। वे टोला में अब तक कराए गए विकास कार्यों, मुहैया कराए गए सुविधाओं और यहां व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने बिरहोर परिवारों से मिल उनसे बात की और उनकी समस्याओं को सुना। बिरहोर परिवारों ने बीडीओ को राशन कार्ड, आधार कार्ड व जॉब नहीं रहने, पेंशन नहीं मिलने के साथ ही पानी की समस्या से अवगत कराया। बीडीओ उनकी समस्याओं को सुनने के बाद उसे जल्द ही दूर करने का भरोसा उन्हें दिलाया। बीडीओ ने बताया कि बिरहोर टोला में पेयजल, आवास, बिजली, शौचालय की कमियों को दूर कर जल्द ही इसकी सुविधा मुहैया कराया जाएगा। साथ ही टोला में पेवर ब्लॉक व पीसीसी का भी कराया जा रहा है। टोला के हर परिवार को पक्का आवास मिलेगा। इसके लिए सूची में उनका नाम जोड़ा गया है। जिसके पास आधार जॉब कार्ड व बैंक खाता उपलब्ध नहीं है उन लोगों का नाम जोड़ने के लिए उनका जाब कार्ड, आधार कार्ड बनाया जा रहा है तथा बैंक में खाता खुलवाया जा रहा है। इसकी जिम्मेवारी विकास मित्र को दिया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की आबो योजना के तहत अनुसूचित जन जाति बिरहोर टोला में फेवर ब्लॉक बिछाने व पीसीसी का कार्य चल रहा है। टोला में सोलर लाइट लगाया गया है। पेयजल के लिए पानी टंकी का निर्माण कार्य भी चल रहा है। बिरहोर परिवार के वृद्ध पुरुष व महिलाओं तथा विधवाओं को जिन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें जल्द ही पेंशन का लाभ दिला जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से कोई भी बिरहोर परिवार वंचित नहीं रहेगा।

## नालंदा में 62 परियोजनाओं का शिलान्यास




निज संवादाता। नालंदा

♦ सभी 14 नगर निकायों में बुनियादी ढांचे होंगे दुरुस्त, सबसे अधिक 25 योजनाएं बिहारशरीफ में स्वीकृत

नालंदा में सीएम नीतीश कुमार ने नालंदा में शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड की ओर से कार्यान्वित 'मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना' के अंतर्गत 62 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। योजना के तहत नालंदा जिले के सभी 14 नगर निकायों में विभिन्न प्रकार की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें सड़क निर्माण, नाला निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण और स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से स्थानीय नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा, बरसाती पानी की उचित निकासी और सार्वजनिक स्थलों पर उन्नत बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी। सबसे अधिक 25 परियोजनाएं बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में स्वीकृत की गई हैं, जिनमें मीरदाद प्राथमिक विद्यालय से पुलिया तक नाला व पथ निर्माण, सोहसराय स्थित सूर्य मंदिर के सामने पंचाने नदी की शाखा पर इंद्रधनुषी पुल का निर्माण और वार्ड संख्या-16 अम्बेर स्थित संगत पर नागरिक सुविधा केंद्र का निर्माण व सौंदर्यीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

**राजगीर का पर्यटन विकासः** राजगीर नगर परिषद अंतर्गत 8 योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनमें पर्यटन के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। बिहारशरीफ-राजगीर फोरलेन से गांधी आश्रम होते हुए निचली बाजार मुख्य पथ तक सड़क और नाला का निर्माण, वार्ड संख्या-09 क्षुनकीया बाबा तालाब और वार्ड संख्या-07 पंडितपुर तालाब का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण इनमें प्रमुख हैं।

**अन्य नगर निकायों में विकास कार्यः** इस्लामपुर नगर परिषद में 3, हिलसा नगर परिषद में 3, सिलाव नगर पंचायत में 3, नालंदा नगर पंचायत में 2, एकंगरसराय नगर पंचायत में 1, परवलपुर नगर पंचायत में 1, हरनौत नगर पंचायत में 3, चंडी नगर पंचायत में 2, रहुई नगर पंचायत में 4, अस्थावां नगर पंचायत में 2, सरमेरा नगर पंचायत में 1, पावापुरी नगर पंचायत में 2 और गिरियक नगर पंचायत में 2 महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

**जल निकासी और यातायात सुविधाओं पर विशेष जोरः** स्वीकृत परियोजनाओं में सबसे अधिक जोर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और यातायात सुविधाओं के विकास पर दिया गया है। इनमें से अधिकांश परियोजनाएं नालों के निर्माण और सड़कों के निर्माण या सुधार से संबंधित हैं। इससे बरसात के मौसम में जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। योजनाओं में स्थानीय समुदायों की जरूरतों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। बिहारशरीफ के वार्ड संख्या-03 में सामुदायिक भवन का निर्माण, अम्बेर में नागरिक सुविधा केंद्र का निर्माण और हरनौत में हाई स्कूल स्टेडियम के विकास जैसी परियोजनाएं इसका उदाहरण हैं।

## राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि, नालंदा में कार्यक्रम

निज संवाददाता। नालंदा



♦ कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, कहा- पूर्व प्रधानमंत्री के बिना आधुनिक भारत की कल्पना असंभव

नालंदा के बिहार शरीफ स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा हुई। सभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिलीप कुमार ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता और पंचायती राज व्यवस्था के जनक राजीव गांधी के बिना वर्तमान भारत की कल्पना असंभव है। राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज हमारे हाथों में मोबाइल और कंप्यूटर हैं। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी का सपना था कि केंद्र सरकार का पैसा सीधे पंचायतों तक पहुंचे, जो आज की व्यवस्था में फलीभूत हो चुका है।

**नम आंखों से राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलिः** कुमार ने भावुक होते हुए कहा कि जब तक सूरज और चांद रहेगा, राजीव गांधी जी का नाम अमर रहेगा। आज हम सभी नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। आज ही बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय सदानंद बाबू का 82वां जन्मदिवस भी था, जिसे भी इसी अवसर पर मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने राजीव गांधी के योगदान को याद किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में राजीव गांधी के योगदान और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के उनके प्रयासों की विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने और देश के विकास में उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

गांव में पसर मातम, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

# दो बाइक की आमने सामने टक्कर में दो युवकों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

- कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए
- स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए पहुंचाया गया स्वास्थ्य केंद्र



निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

जिले के नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र से एक हृदयविदारक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। यह हादसा मंगलवार की देर शाम को नारदीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ती बिगहा बाजार से ओड़ो गांव जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर हुआ, जब दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र और फिर वहां से नवादा ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही एक युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे युवक को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर किया गया, जहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरा युवक अभी भी जीवन-मृत्यु की लड़ाई लड़ रहा है और उसे बिहार शरीफ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान ओड़ो गांव निवासी दूलो देवी के 17 वर्षीय पुत्र भोला मांझी और दिनेश रविदास के 18 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार के रूप में की गई है। दोनों युवक आपस में घनिष्ठ मित्र बताए जा रहे हैं और गांव में मेहनती व स्वभाव से मिलनसार थे। वहीं घायल युवक की पहचान ओड़ो गांव के ही उदय साव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस दर्दनाक हादसे की खबर पूरे क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गई। गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन बना हुआ है। हर कोई इस अकल्पनीय दुर्घटना से स्तब्ध है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता एवं ओड़ो गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, किसान विजय कुमार सिंह, 20 सूत्री सदस्य प्रिय रंजन सिंह, चंदन सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से आपदा प्रबंधन कोष से पीड़ित परिवारों को यथाशीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति खराब है और मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाया जाए और सुरक्षा के अन्य उपाय किए जाएं ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# चार साइबर अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल एवं लैपटॉप समेत कई उपकरण बरामद

- पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर की गई छापेमारी



निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

वारिसलीगंज पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के भवानी बीघा गांव से पुलिस ने चार सक्रिय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नौ मोबाइल फोन, एक टैब और एक लैपटॉप बरामद किया गया है, जिसका इस्तेमाल ये लोग आम जनता को ठगने के लिए करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भवानी बीघा गांव के पिंटू कुमार के पुत्र रितिक कुमार, कपिल राम के पुत्र गुड्डू कुमार, संतोष साव के पुत्र रोहित कुमार और एक बार फिर कपिल राम के ही पुत्र प्रताप कुमार के रूप में की गई है। ये सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं और सामूहिक रूप से मिलकर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भवानी बीघा गांव में आधा दर्जन साइबर अपराधी एक जगह एकत्र होकर ठगी के काम में लगे हुए हैं। इस सूचना की सत्यता की पुष्टि के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इनके पास से नौ मोबाइल फोन, एक टैब और एक लैपटॉप बरामद हुआ, जो साइबर ठगी के काम में इस्तेमाल किया जा रहा था। पूछताछ के दौरान इन अपराधियों ने बताया कि वे लोगों को बैंकों से सस्ते दर पर लोन दिलाने, पेट्रोल पंप दिलाने, गैस एजेंसी दिलवाने के नाम पर ठगी करते थे। ये लोग भोली-भाली जनता को झांसा देकर उनसे बैंक डिटेल, ओटीपी और अन्य निजी जानकारी हासिल कर पैसे की ठगी करते थे। वारिसलीगंज पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस अब यह जानने की कोशिश कर रही है कि इनके साथ और कौन-कौन लोग इस गिरोह में शामिल हैं और इनके नेटवर्क की जड़ें कितनी दूर तक फैली हैं। इस कार्रवाई से इलाके में साइबर अपराध पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, और पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया है।

# देवनंदन मांझी जदयू अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिला प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी ने बताया कि आज जनता दल ( यूनाइटेड )कार्यालय कर्पूरी सभागार नवादा में देवनंदन मांझी जी को अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर पार्टी के साथियों ने भव्य स्वागत किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी जी ने देवनंदन मांझी जी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया है बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को धरातल पर उतारने का काम किया गया। मुख्यमंत्री जी ने पंचायती राज अधिनियम 2006 में अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को एकल पदों पर आरक्षण देने का काम किया। जिससे अनुसूचित जाति जनजाति के लोग मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, प्रमुख जैसे पदों पर काम करने का मौका मिला है ।अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों छात्राओं को1000 नगद तथा 15 किलो गेहूं चावल दिया जा रहा है। बिहार का पहला राज्य बिहार है जहां अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र-छात्राओं को बिहार संघ लोक सेवा आयोग के पीटी परीक्षा उत्तीर्ण होने पर मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए50000 दिया जा रहा है।

संघ लोक सेवा आयोग के प्रीमिलस परीक्षा उत्तीर्ण होने पर मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए100000 का अनुदान दी जा रही है अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी कोचिंग की व्यवस्था मुख्यमंत्री जी ने किया है। रोजगार के क्षेत्र में अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र-छात्राओं को उधम योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपया उद्यम लगाने के लिए दिया जा रहा है जिसमें से500000 अनुदान के रूप में दिया जा रहा है और500000 उधम लगाने के 1 साल के बाद 72 किस्तों में बिना ब्याज के वापस करना है। देवनंदन मांझी समता काल के साथी रहे हैं। इनको बनने से अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों के लिए मजबूती से सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को अपने लोगों के बीच में लाभ दिलाने का काम करेंगे। अभिनंदन समारोह के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री सदस्य शशि कुमार शेष, नवल प्रसाद चौहान, जयराम प्रसाद कुशवाहा, मोहम्मद बखो, डॉ रियाज खान, प्रिय रंजन सिंह, विनय साव, प्रिंस प्रभात डांगी, अनिल कुमार मंडल, विक्की कुमार ने बधाई दिए।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक हुआ आयोजित

कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)। प्रखण्ड अवस्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की पूर्वी मण्डल इकाई के कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष अनिल मेहता मौजूद रहे। बैठक में सभी बूथों पर पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा किया गया तथा कार्यकर्ताओं से कहा गया कि बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर कार्यकर्ता संघर्ष करें। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। वहीं बैठक में तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर भी चर्चा किया गया। पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा ने बताया कि पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में पार्टी के निर्देश पर गुरुवार को कौआकोल बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। मौके पर शैलेन्द्र शर्मा, रोह के जिला पार्षद व भाजपा नेत्री बिनीता मेहता, भोली सिंह, सुरेन्द्र महतो, ज्योति देवी, कुन्दन प्रभाकर, परशुराम यादव, सुरेन्द्र महतो, जितेंद्र साव, संतोष सिंह, बालमुकुंद सिंह, अनन्त बर्णवाल, सूरज कुमार,मुन्ना शर्मा आदि मौजूद थे।

# एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने किया पदभार ग्रहण

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। अनुमंडल कार्यालय में बुधवार को नवपदस्थापित एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने फूलों का गुलदस्ता देकर नवपदस्थापित एसडीओ का स्वागत किया।अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत कर्मी एवं रजौली सीओ मो. गुफरान मजहरी ने निवर्तमान एवं वर्तमान एसडीओ को फूलों की माला पहनाया।बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग ने 20 मई को लिस्ट जारी कर सूबे के कई पदाधिकारियों का तबादला किया,जिनमें रजौली के एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं डीसीएलआर प्रमोद कुमार भी शामिल हैं।रजौली के निवर्तमान एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष का पदस्थापना प्रतीक्षा में रखा गया है।वहीं दूसरी ओर डीसीएलआर प्रमोद कुमार को पूर्णिया जिले के बनमनखी अनुमंडल में एसडीओ के रूप में पदस्थापना किया गया है।नवपदस्थापित एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना एवं विधि व्यवस्था को हर हाल में बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी।

# भूमि विवाद को लेकर आठ राउंड फायरिंग, दो घायल आठ बदमाश गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



पंडपा गांव में बुधवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर बवाल हुआ। पहले रोड़ेबाजी और फिर खुलेआम आठ राउंड फायरिंग कर गांव में दशहत फैला दी गई। इस घटना में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही नारदीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चार राइफल, एक रिवाल्वर, 94 गोली और 15 रिवाल्वर के गोली के साथ तीन लग्जरी वाहन (एक फॉर्च्यूनर, एक थार व एक पंच) भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में विभिन्न जिलों के अपराधी शामिल हैं। इनमें आरा, नालंदा, डुमरांव, पालीगंज, शेखपुरा और नौबतपुर से आए बदमाश शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए सभी लोग पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के नदवां निवासी अरविन्द सिंह उर्फ अरविन्द पहलवान के नेतृत्व में हथियारों से लैस होकर पंडपा गांव में जमीन पर गेट लगाने के उद्देश्य से पहुंचे थे। लेकिन स्थानीय अनुसूचित जाति के परिवारों ने इसका विरोध किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस जमीन पर अरविन्द सिंह कब्जा करने आए थे, उस पर वे लोग वर्षों से रह रहे हैं और उनके पास उस भूखंड का वासिगत पर्चा भी है। वहीं अरविन्द सिंह का दावा है कि उन्होंने उक्त भूमि की वैध तरीके से खरीद की है। दोनों पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि रोड़ेबाजी शुरू हो गई और फिर गोलीबारी की नौबत आ गई। दोनों तरफ से पत्थरबाजी में पंडपा निवासी अर्जुन रविदास और नदवां निवासी अरविन्द सिंह उर्फ अरविन्द पहलवान घायल हो गए। सूचना मिलते ही नारदीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने तत्परता दिखाते हुए हथियारों से लैस आठ बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया, जिसके बाद एसडीओ अखिलेश कुमार, सदर एसडीपीओ हुलास कुमार, हिसुआ इंस्पेक्टर रंजन कुमार, सीओ रईस आलम समेत अन्य अधिकारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। पुलिस ने मौके से चार राइफल, एक रिवाल्वर, राइफल के 94 गोली और रिवाल्वर के 15 गोली जब्त किए। इसके अलावा तीन लग्जरी वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिन्हें घटना में इस्तेमाल किया जा रहा था। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार अपराधियों की योजना जबरन जमीन पर गेट लगाकर कब्जा करने की थी। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अन्य संभावित आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। सीओ रईस आलम ने बताया कि यह भूमि रैयती है, लेकिन अनुसूचित परिवार के पास उसका दाखिल-खारिज नहीं हुआ है। इस कारण विवाद की स्थिति बनी हुई है। दोनों पक्षों की बातों और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने की कुर्की की कार्रवाई, कई घरों में चिपकाया इश्तेहार

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



नारदीगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने एक बार फिर सख्ती बरती है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फरार आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार को नारदीगंज पुलिस ने कई आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया, जिसमें उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए अंतिम चेतावनी दी गई है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ की गई है। उन्होंने बताया कि जफरा गांव के स्वर्गीय कृष्णा सिंह के पुत्र विपिन सिंह, देवेंद्र सिंह, तथा ललन सिंह के पुत्र राकेश कुमार के अलावा इचुआ गांव में श्रवण केवट के पुत्र अनिल केवट के घरों पर पुलिस टीम ने इश्तेहार चिपकाया है। ये सभी आरोपी अलग-अलग मामलों में न्यायालय द्वारा वांछित हैं और बार-बार बुलावे के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपी के खिलाफ पहले से ही गिरफ्तारी वारंट निर्गत है और वे लगातार पुलिस कार्रवाई से बचते फिर रहे हैं। अब न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस ने इनके घरों पर धारा 82 के तहत इश्तेहार चिपकाकर यह सार्वजनिक किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में ये आरोपी न्यायालय में समर्पण नहीं करते हैं तो अगला कदम धारा 83 के तहत इनकी संपत्तियों की कुर्की होगी। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। जिन गांवों में पुलिस की टीम पहुंची, वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और पुलिस की कार्रवाई को देख रहे थे। पुलिस की ओर से यह साफ संदेश दिया गया है कि जो भी व्यक्ति कानून से भागेगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाएगा। फरार आरोपियों के परिजनों से भी आग्रह किया गया है कि वे अपने परिवार के सदस्य को समझाएं और उन्हें जल्द से जल्द न्यायालय में समर्पण करने के लिए प्रेरित करें। थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नारदीगंज पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी और सघन अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी जो भी आरोपी पुलिस से भागने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)। प्रखण्ड अवस्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की पूर्वी मण्डल इकाई के कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष अनिल मेहता मौजूद रहे। बैठक में सभी बूथों पर पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा किया गया तथा कार्यकर्ताओं से कहा गया कि बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर कार्यकर्ता संघर्ष करें। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं।

# वाराणसी से नक्सली कमांडर गिरफ्तार, मुठभेड़ के बाद हुआ था घायल, करवा रहा था इलाज

निज संवाददाता | पलामू



पलामू पुलिस ने नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के सब जोनल कमांडर गौतम यादव को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। मिथिलेश यादव के नाम से गौतम यादव अस्पताल में इलाज करवा रहा था। 17 मई को मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर जंगल में पुलिस और टीएसपीसी कमांडर 10 लाख के इनामी शशिकांत गंझू के दस्ते के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान पुलिस को नक्सलियों को गोली लगने की आशंका पुलिस ने जताई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने नक्सलियों को जख्मी साथी को लेकर जाते हुए देखा था। इसके बाद से ही पुलिस जख्मी नक्सलियों की जानकारी जुटाने में लगी थी। पुलिस को पता लगा कि गौतम यादव का इलाज बनारस के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। जख्मी गौतम यादव को टीएसपीसी नक्सली खटिया से लेकर पहाड़ी से उतरे थे। उस खटिया को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। मुठभेड़ स्थल से भागने के बाद शशिकांत गंझू ने जख्मी गौतम यादव के घर वालों को इसकी जानकारी दी थी। एक रिश्तेदार को बुलाया और निजी गाड़ी से उसे वाराणसी भेजा। एएसपी राकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम बनारस गई, गौतम यादव के इलाज का सत्यापन किया और यूपी पुलिस की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। वाराणसी के कोर्ट में उसे पेश किया जाएगा। पुलिस कस्टडी में इलाज चलेगा।

# 22 मई से संकुल स्तरीय मशाल कार्यक्रम का होगा आयोजन



निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

मध्य विद्यालय दायबिगहा में मशाल खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम की सफलता को लेकर संकुल स्तरीय मध्य विद्यालय की प्रधान शिक्षक एवं शाररिक शिक्षक के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। संकुल संचालक संजय कुमार ने बताया कि मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन 22, 23 और 24 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक संकुल से 77 बालक बालिकाओं का चयन कर प्रखण्ड बीआरसी भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित बच्चों को मशाल कार्यक्रम के तहत एक टीशर्ट दिया जाएगा जिसको पहन कर ड्रेस कोड में बच्चें बीआरसी जाएंगे। बीआरसी से चयनित बालक बालिकाएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज किया जाना है। इसके लिए सर्व प्रथम संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मध्य विद्यालय गारो बिगहा के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार, बभनौर के शाहनवाज अली, दायबिगहा से संजय कुमार शारिरिक शिक्षक रविन्द्र पांडेय, मनीष कुमार मौजूद थे। बीएसरपी सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रखण्ड के सभी संकुलों में मशाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक आयोजित की गई है।

## पुलिस के गिरफ्तार से बचकर भागने वाला शराब तस्कर गिरफ्तार, जेल

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के मंझला सेम गांव से पुलिस बलों ने एक वांछित शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाए जाने को लेकर लगातार छापेमारी अभियान पुलिस बलों ने सहयोग से किया जा रहा है।बीते 17 मई की शाम लगभग 4:30 बजे जमुनदाहा से सतगीर गांव होते हुए नवादा ले जा रहे शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर गश्त में रहे पीटीसी सत्यदेव प्रसाद को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ भेजा गया। पुलिस बल जैसे ही सतगीर गांव पहुंचे कि सामने से बिना नंबर प्लेट के एक काले रंग के स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया, जिसने अपने पीछे उजले और पीले रंग की बोरियों में शराब रखी थी। पुलिस बलों को देखकर शराब तस्कर मोटरसाइकिल और शराब को सड़क पर पटककर संकीर्ण गलियों की मदद से भागने में सफल रहा।

# जनता के हौसले से बदलेगी नवादा विधानसभा की तकदीर : डॉ अनुज

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिला सहित नवादा विधानसभा के विकास के लिए शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के द्वारा लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उनके द्वारा नवादा विधानसभा के हर समाज के लोगों के दरवाजे पर जाकर समर्थन मांगा जा रहा है। नवादा की जनता भी इस बार बदलाव के लिए तैयार है। जहां भी वह अपने समर्थकों के साथ जा रहे हैं वहां इन्हें पूर्ण समर्थन देखने को मिल रहा है। बीते मंगलवार को सदर प्रखंड नवादा के लोहरपुरा पंचायत के झरायण एवं बिशनुपुर गांव में अपना जनसंपर्क अभियान चलाया। दोनों गांव के हर दरवाजे पर जाकर लोगों से मिलकर विधानसभा चुनाव में अपना समर्थन मांगते दिख रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बार जहां भी यह समर्थन मांगने जाते हैं जनता-जनार्दन इन्हें घेरे रहती है। चुनाव के पूर्व किसी जन प्रतिनिधि को इतना समर्थन पहली बार देखने को मिल रहा है। नवादा की जनता भी कई वर्षों से लगातार सभी को मौका दिया पर किसी ने विधानसभा के विकास को लेकर ठोस कदम उठाने का काम नहीं किया। यहां की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रहीं हैं। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत झरायण गांव से किया गया, जहां सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने डॉ अनुज का भव्य स्वागत माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर किया। वहां से वह गांव के हर बड़े, बुजुर्ग, महिलाओं, युवाओं से मिलकर परिवर्तन के लिए समर्थन मांगा। मांझी टोला में लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अनुज ने कहा कि आप तमाम जनता जनार्दन इस बार अपने मन को बदलकर एकजुट होकर हमें सहयोग करें ताकि हम आपकी आवाज बनकर नवादा जिला सहित पूरे विधानसभा में विकास का परचम लहरा सकें। मैं राजनीति में जनता की सेवा के लिए आया हूं अपना मेरा कोई स्वार्थ नहीं है अगर कुछ है भी तो वह है नवादा का विकास। आज भी सरकार के द्वारा निचले तबके को जो सहयोग मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाता। कमजोर वर्ग के लोगों का हक उन्हें नहीं मिल पा रहा है। राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन,आवास योजना हर तरफ बिचौलियों के द्वारा काम किया जाता है जिसका खामियाजा यहां के आम जनता को भुगतना कर रहा है। आपको अगर इन सब चीजों से छुटकारा पाना है तो एकजुट होकर मतदान करें और इस बार नवादा विधानसभा में परिवर्तन लाने का काम करें। उनकी बातों का समर्थन करते हुए लोहरपुरा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार आदर्शी जी ने सभी ग्राम वासियों से अनुरोध किया कि इस बार आप सभी एकजुट होकर नवादा विधानसभा में परिवर्तन लाने का काम करें ताकि हम सबों को अपना हक मिल सके। फिर वहां से अपने समर्थकों के साथ बिशनपुर गांव में लोगों से मिलने पहुंचे वहां भी सभी ग्रामवासी उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। फूल मालाओं के साथ ग्राम वासियों ने उनका स्वागत किया। फिर धीरे-धीरे एक-एक दरवाजे पर जाकर युवाओं से सहयोग मांगा, बड़े-बुजुर्गों महिलाओं से आशीर्वाद लिया। गांव के सभी वर्गों के लोग उनके समर्थन में सहयोग करने की बात कही। वहां उन्होंने लोगों से आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। साथ चल रहे मुखिया प्रतिनिधि मनोज आदशी ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि अगर आपको अपने क्षेत्र का विकास चाहिए तो जातिवाद, परिवारवाद से ऊपर उठकर एकजुट होकर डॉ अनुज सिंह के पक्ष में मतदान करना होगा नहीं तो बार-बार यह अवसर आने वाला नहीं है। पहली बार किसी ईमानदार, शिक्षित, स्वच्छ छवि वाले जनप्रतिनिधि ने आपके दरवाजे पर आने का काम किया है,वह भी आपकी आवाज को बुलंद करने के लिए आपके सामने हाथ जोड़ खड़े हैं। फिर गांव के हर दरवाजे पर जाकर अपने समर्थकों के साथ मिलकर लोगों को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जागरूक किया। उनके साथ उनके सा यात्रा में चल रहे जनसंपर्की यात्रियों में पसई निवासी समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, लोहरपुरा पंचायत केअमरजीत कुमार, अभिमन्यु कुमार, नवीन कुमार, अभिषेक कुमार, राजेश कुमार, बिट्टू कुमार, वार्ड सदस्य बिंदेश्वरी प्रसाद, रंजीत कुमार, जयराम महतो, ग्राम झरायण के जनार्दन प्रसाद, व्यास महतो, अनुज राजवंशी, अनिल प्रसाद, दिलीप मिस्त्री, सुधीर यादव, रविंद्र कुमार मेहता शिव शंकर प्रसाद सहित हजारों की संख्या में समर्थक जनसंपर्क यात्रा में शामिल रहे। डॉ अनुज ने सभी जनसंपर्की यात्रियों तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शहरी विकास को लेकर 15 योजनाओं की सौगात

**आरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भोजपुर जिले को 15 योजनाओं की सौगात दी। ये योजनाएं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत शुरू की गईं। इन पर कुल 6 करोड़ 98 लाख 79 हजार 995 रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री ने पटना से पूरे राज्य में 1327 योजनाओं का शिलान्यास किया। इन पर कुल 1002 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कार्यक्रम का आयोजन बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम ने किया। भोजपुर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। इस मौके पर बिहार विधान परिषद सदस्य राधा चरण शाह, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, आरा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी, जिलाधिकारी तनय सुलतानिया, उप विकास आयुक्त डॉ. अनुपमा सिंह, सहायक समाहर्ता सैयद आदिल मोहसिन और नगर आयुक्त अंजू कुमारी मौजूद रहे। इन योजनाओं का क्रियान्वयन बुडको द्वारा किया जाएगा। इनसे शहरी इलाकों में बुनियादी सुविधाओं के स्तर को और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रगति होगी। इन कार्यों को नगरीय विकास की आवश्यकताओं और जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इन योजनाओं के तहत प्रमुख रूप से सड़क निर्माण, नाला निर्माण आदि कार्य कराए जाएंगे।

### जवाहर टोला में 3 योजनाओं का किया गया लोकार्पण

**आरा**| वार्ड संख्या-40 जवाहर टोला में मंगलवार को नगर निगम की तीन योजनाओं का लोकार्पण हुआ। महापौर इंदु देवी ने दो सबमर्सिबल स्टैंड पोस्ट और एक सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन किया। इन योजनाओं पर कुल 1813.729 लाख रुपए खर्च हुए हैं। महापौर ने कहा कि सबमर्सिबल स्टैंड पोस्ट से भीषण गर्मी में लोगों को पीने का पानी मिलेगा। सामुदायिक शौचालय से स्थानीय लोगों को सुविधा होगी। इस अवसर वार्ड पार्षद राजीव कुमार उर्फ गुड्डू जी, मनीष चौधरी, विवेक कुमार, अमन कुमार, आदित्य सिंह, पिंटू कुमार, नीरज कुमार थे।

### आज से राजगीर तक जाएगी अहमदाबाद-अजीमाबाद ट्रेन

**आरा**| आरा से गुजरने वाली अहमदाबाद-पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस अब राजगीर तक चलेगी। इसके लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यह ट्रेन 21 मई से 30 जुलाई 2025 तक सप्ताह में दो दिन चलेगी। यह ट्रेन गाड़ी संख्या 12947/48 अजीमाबाद एक्सप्रेस के रेक से चलाई जाएगी। हर बुधवार और शुक्रवार को गाड़ी संख्या 03204 पटना-राजगीर स्पेशल ट्रेन सुबह 4:35 बजे पटना जंक्शन से रवाना होगी। यह ट्रेन सुबह 7:30 बजे राजगीर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03203 राजगीर-पटना स्पेशल ट्रेन हर बुधवार और शुक्रवार को रात 8:00 बजे राजगीर से चलेगी। यह ट्रेन रात 11:10 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी।इस ट्रेन का ठहराव पटना साहिब, फतुहा जंक्शन, खुशरुपुर, बख्तियारपुर जंक्शन, हरनौत, वेना, बिहार शरीफ जंक्शन, पावापुरी रोड और नालंदा स्टेशन पर होगा।

### कोईलवर में 20 सूत्री कार्यालय शुरू, प्रथम बैठक

**कोईलवर।** स्थानीय कोईलवर प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यालय का उद्घाटन बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने सभी सदस्यों के साथ कार्यालय में प्रवेश कर परिचय बैठक की। उन्होंने कहा कि समिति के गठन से प्रखंड में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। सरकार की योजनाएं अब धरातल तक प्रभावी तौर से पहुंचेंगी। उन्होंने सभी सदस्यों से योजनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।कहा कि लाभ सीधे योग्य लाभुकों तक पहुंचे, यह जरूरी है। विधायक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की भी चर्चा की। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी वीर बहादुर पाठक, अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रमंडल प्रभारी जदयू राज किशोर दांगी, संदेश विधानसभा प्रभारी बिनोद कुमार राय, अनुसूचित जाति प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर राम सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। नया कार्यालय निर्वाचन कार्यालय के बगल में स्थापित किया गया है। इस अवसर पर 20 सूत्री अध्यक्ष संजीत रजक, उपाध्यक्ष जयशंकर कुशवाहा, सदस्य राकेश शर्मा, श्याम प्रकाश बिंद, सविता देवी, बीना देवी, संजय कुशवाहा, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, कालीचरण प्रसाद, अजीत चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार सिंह कुशवाहा, लीलावती कुमारी, श्री भगवान साह, उप मुखिया सुरेंद्र सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता बबली सिंह भी उपस्थित रहे।

### बच्चों को वाटर पार्क की सौगात

**आरा**| एसएन मेमोरियल स्कूल ने पीटी वन परीक्षा के बाद बच्चों को तनाव से राहत देने के लिए उन्हें वाटर पार्क की सैर कराई। 17 मई को परीक्षा खत्म हुई। इसके बाद 20 मई को कक्षा 1 से 10 तक के सभी छात्राओं को बामपाली के वाटर पार्क ले जाया गया। विद्यालय की निदेशक डॉ. स्मिता सिंह ने इस आयोजन की 70% लागत खुद वहन की। वरिष्ठ शिक्षक व एचओडी धीरज कुमार, पिंटू, अनुराग, मनोरंजन, अमित, उत्तम, विशाल, प्रियंका, पुतुल, रूबी, सैयदा, नीमा, प्रगति, निवेदिता, नितेश, चंदन, लाइव्ली, प्रीति और अनु सोनी ने बच्चों की देखभाल की।

### 20 मई से गांवों में बनेंगे जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र

**कोईलवर।** अब ग्रामीणों को जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय नहीं जाना होगा। यह सुविधा 20 मई से शुरू हो गई है। बिहार सरकार ने आम लोगों की सहूलियत के लिए यह फैसला लिया है। अब हर ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव को ही जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार बनाया गया है। यानी गांव में ही प्रमाण पत्र बनेंगे। प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि कोईलवर प्रखंड कार्यालय में 20 मई से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन लेना बंद कर दिया गया है। यह फैसला जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 7(1) और धारा 10(1)(3) के तहत लिया गया है। योजना व विकास विभाग के अधीन अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार पटना ने अधिसूचना संख्या 232, दिनांक 24 फरवरी 2023 को आंशिक संशोधन कर इसे लागू किया। इस बदलाव से ग्रामीणों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। गांव स्तर पर ही सभी प्रक्रिया पूरी होगी। यह फैसला ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत और आसान बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की तैयारियों की समीक्षा

**आरा**| मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सचिवालय स्थित सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संभावित बाढ़ और सुखाड़ की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा पीड़ितों का राज्य के खजाने पर पहला अधिकार है। सरकार हर हाल में प्रभावितों को मदद देती है। इसलिए सभी विभाग समय रहते तैयारी पूरी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति में राहत कार्यों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सभी जरूरी संसाधन पहले से जुटा लिए जाएं। इस समीक्षा बैठक में भोजपुर समाहरणालय सभागार से जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक राज, उप विकास आयुक्त डॉ. अनुपमा सिंह, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मदन नारायण सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा, सहायक आपदा पदाधिकारी राहुल भूषण और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 96 पैकेट अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**बिहिया**| बहोरनपुर थाने की पुलिस ने छापेमारी कर एक बाइक पर लदे 2 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद किया है। हालांकि, इस दौरान शराब के धंधेबाज मौके से भाग निकले। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से शराब की खेप लायी जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई की। बहोरनपुर के थानाध्यक्ष सुशांत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के चमरपुर पुल के समीप छापेमारी कर एक बाइक पर दो कार्टन में लदे 180 एमएल के 96 पैकेट अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया है। शराब ढोने में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया गया है। जब्त बाइक के सहारे फरार धंधेबाजों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। मामले को लेकर थाने में केस दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि शराब व शराबियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# तेलंगाना में सीआरपीएफ जवान की करंट लगने से मौत

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर के जय शंकर का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल

बक्सर के चौसा निवासी सीआरपीएफ जवान जय शंकर चौधरी का पार्थिव शरीर बुधवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा। तेलंगाना में ड्यूटी के दौरान सोमवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी। शव जब तिरंगे में लिपटा गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के साथ-साथ गांववाले भी अपने इस वीर सपूत की अंतिम झलक पाने को उमड़ पड़े। गांव के लाल को सीआरपीएफ की टीम विशेष वाहन से लेकर पहुंची, जिसमें दो उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी और लगभग एक दर्जन जवान शामिल थे। शव के गांव पहुंचते ही मां, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जवान की अंतिम यात्रा चौसा बाजार से होते हुए स्थानीय श्मशान घाट पहुंची, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**2006 में CRPF किया था ज्वाइन:** जय शंकर चौधरी ने वर्ष 2006 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था। वर्तमान में वह तेलंगाना में तैनात थे और पिछले ढाई वर्षों से वहीं सेवा दे रहे थे। ड्यूटी के प्रति निष्ठा और ईमानदारी उनके व्यक्तित्व की पहचान थी। हादसे के बाद उनका शव पहले हैदराबाद से पटना एयरपोर्ट लाया गया और फिर वहां से सड़क मार्ग से चौसा पहुंचाया गया। जय शंकर चौधरी के पिता रामनाथ चौधरी की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। परिवार की जिम्मेदारी का बोझ उन्होंने पूरी निष्ठा से निभाया। उनके पीछे पत्नी लीलावती देवी, दो बेटे दुर्गेश (16) और ऋतिक (10), एक बेटी स्नेहा कुमारी (14), मां और छोटे भाई श्याम सुंदर चौधरी समेत पूरा परिवार गहरे दुख में डूबा है।

**अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण हुए शामिल:** अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण, समाजसेवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और सीआरपीएफ के जवान शामिल हुए। हर आंख नम थी और जुबां पर एक ही बात "गांव का बेटा चला गया, पर उसकी शहादत हमेशा याद रहेगी।" जय शंकर चौधरी की शहादत ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व और गम से भर दिया है।

## भोजपुर पुलिस ने 3 देसी कट्टा किया जब्त

निज संवाददाता। आरा



♦ मकान मालिक बेटे के साथ घर छोड़ कर भागा, दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एफ आई आर

भोजपुर पुलिस ने वारदात को अंजाम देने से पहले छापेमारी कर तीन देसी कट्टा बरामद किया है। चौरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बाबूबांध, ढिबरा टोला में कार्रवाई हुई है। इसे लेकर मकान मालिक सत्यानंद सिंह और उसके बेटे दीपक सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसकी जानकारी मंगलवार को एसपी राज ने दी। एसपी ने बताया कि नामजद आरोपित पिता व बेटा की तलाश जारी है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि चौरी थानाध्यक्ष विवेक कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि बाबूबांध, ढिबरा टोला निवासी सत्यानंद सिंह अपने घर में अवैध हथियार को छुपा कर रखा है, जो किसी घटना को अंजाम देने वाला है।

**पुलिस को देख घर का मालिक फरार:** सूचना के आधार पर टीम गठित कर रात में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस को देख गृहस्वामी और उसका बेटे समेत अन्य सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान पीछा भी किया गया। लेकिन,अंधेरा होने के कारण बदमाश नहीं पकड़े जा सके। तलाशी लिए जाने पर भूसा के घर के छज्जा पर पीला रंग के पन्नी में छुपा कर रखा गया 315 बोर का तीन देसी पिस्तोल बरामद किया गया। इसे लेकर एसआई नुमान अली शौकत के बयान पर दोनों पिता व बेटा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मई के महीने महीने में बीस दिनों के अंदर करीब एक दर्जन से अधिक अवैध हथियार बरामद कर चुकी है। इसे लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## श्रमिकों का हुआ बायोमेट्रिक पंजीकरण, सैकड़ों ने लिया लाभ



निज संवाददाता। आरा

वार्ड नंबर-28 के रौजा मुहल्ला में मंगलवार को श्रमिक पंजीकरण शिविर लगा। यह शिविर नयी बायोमेट्रिक प्रणाली से संचालित हुआ। आयोजन जदयू महानगर, आरा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी की सौजन्य से हुआ। शिविर का नेतृत्व जदयू सेक्टर अध्यक्ष और पूर्व वार्ड पार्षद उर्मिला देवी ने किया। जयप्रकाश चौधरी ने श्रमिकों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं मजदूरों के लिए फायदेमंद हैं। जिला श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सदर, आरा रौशन कुमार ने पंजीकरण प्रमाणपत्र से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी। सैकड़ों मजदूरों ने शिविर में भाग लिया। उन्होंने पंजीकरण और नवीकरण करवाया। कार्यक्रम में जदयू महानगर सेक्टर अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ राय, वार्ड अध्यक्ष राजू कुमार शर्मा और मोहम्मद सरफराज मौजूद रहे। स्थानीय लोगों में ददन गोंड, कन्हैया गोंड, मनोरंजन विश्वकर्मा, धनंजय शर्मा, सीतला देवी, लालमुनि कुंअर, झालर देवी, मोहम्मद हसनैन खां, मोहम्मद जहांगीर और मोहम्मद जावेद सक्रिय रहे।

# आरा में बदमाशों ने युवक का काटा गला

निज संवाददाता। आरा



♦ घायल बोला- घर का कमरा बनवाया था, मिस्त्री ने बकाया 1100 रूपए के लिए हमला किया

भोजपुर में मंगलवार की देर शाम बकाए पैसे के विवाद को लेकर धारदार हथियार से एक युवक का बदमाशों ने गला काट दिया। इसे खून से लथपथ जमीन पर छटपटाते देख इसकी सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन ने जख्मी युवक को इलाज के लिए अविआंव PHC में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि स्थिति को नाजुक देखते हुए आरा सदर अस्पताल से भी प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव का है। युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के मढनपुर गांव निवासी स्व.ईश्वर दयाल सिंह का 34 साल का बेटा संभल यादव है। संभल यादव ने बताया कि आठ दिन पहले उसने अपने गांव के ही राजमिस्त्री ओम प्रकाश से अपने घर का एक कमरा बनवाया था। जिसका 11 सौ रुपया मजदूरी का बकाया था। ओमप्रकाश ने उससे अपना 11 सौ बकाया रुपए की मांग की थी। उसने कहा कि मुझे पांच-छह दिन का वक्त दो मैं तुम्हें इंतजाम करके दे दूंगा।

**मारपीट के बाद काटा गला:** तभी राज मिस्त्री ने कहा था कि मुझे कल तक पैसा नहीं मिला तो मैं तुझे बता दूंगा। मंगलवार की जब देर शाम जब वह शौच करने के लिए बधार में जा रहा था। तभी ओमप्रकाश ने उसे घेर लिया। पहले उसके साथ मारपीट की। उसे पटककर धारदार हथियार से उसके गले को काट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। ऑन ड्यूटी डॉक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि युवक का गला काफी अंदर तक कटा है, जिसके कारण खून थमने का नाम नहीं ले रहा है। नस कटने की संभावना है। किसी तरह गले को बांधकर उसे हायर सेंटर भेजा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# बेटे-बहू ने बुजुर्ग माता–पिता को पीटा, फिर घर से निकाला

निज संवाददाता। आरा



♦ महिला बोली- दवा के लिए पैसे नहीं देता, 28 साल पहले पति ने अपनी नौकरी दी थी

भोजपुर में बेटा-बहू ने एक बुजुर्ग माता-पिता की पिटाई कर दी। मारपीट के बाद बेटे-बहू ने बुजुर्ग को धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। अन्य लोगों कीमदद से बुजुर्ग दंपती को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है। इनके चेहरा और सिर के साथ शरीर के अलग-अलग जगहों पर चोटें आई है। मामला बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव का है। जख्मियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी स्वर्गीय नरजीत पासवान के 85 साल के बेटे भदई पासवान और उनकी 80 साल की पत्नी मनबसिया देवी शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए बुजुर्ग महिला मनबसिया देवी बताया कि उनके एक बेटे की मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद उनके इकलौते बेटे तेजन पासवान को साल 1997 में उनके पति की तबीयत ठीक नहीं रहने के कारण चौकीदार की नौकरी दे दी गई थी। इसके बाद से बेटे और उसके परिवार बिना किसी वजह के रह रहकर प्रताड़ना करते है। एक दिन शरीर पर गर्म पानी डाल दिया था। काफी दिनों बाद उस घाव से उबरे थे। फिर से इन्होंने प्रताड़ना करना शुरू कर दिया गया।

**बुजुर्ग माता-पिता को खर्च के लिए नहीं देते पैसे:** बेटे बुजुर्ग माता-पिता को खर्च के लिए पैसे दिए देते है, ना ही दवा के लिए पैसे देते है। किसी तरह अलग रहकर घर के बाहर दलान पर गुजारा करते है। उसके बावजूद भी मारपीट किया जाता है। घायल बुजुर्ग महिला ने बताया कि पति ने घर के बाहर गलती से थूका दिया था। इसके बाद बेटे के परिवार ने गाली–गलौज की। मारपीट शुरू कर दी गई। पोती ने मेरा सिर दीवार से टकरा दिया, पीठ पर मारा गया और पति को लात–घुसे से मारा गया, फिर घर से बाहर भगा दिया गया। ग्रामीणों के मदद से अपने बेटियों को सूचना दी। फिर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इधर,बुजुर्गों के नाती बिमलेश ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि उनके नाना–नानी को मारपीट करने के बाद घर से बाहर निकाल दिया गया है। इसके बाद हमलोग उन्हें आरा सदर अस्पताल लेकर आए । बराबर उनके बेटे के परिवार के लोग मारपीट करते है। नाना ने अपनी नौकरी तक इनको दे दी। इसके बाद भी बुजुर्ग माता-पिता को पालने में दिक्कत हो रहा है। इस घटना की जानकारी हमने स्थानीय थाना पुलिस को दी है।

## भाभी के साथ कमरे में पकड़ाया देवर,भीड़ ने शादी कराई

निज संवाददाता। आरा



♦ प्रेमी बोला- मुझे शादी नहीं करनी, पति ने कहा- रानी की खुशी में ही मेरी खुशी

आरा में मंगलवार को प्रेमी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा। गांव वालों ने दोनों को कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा और मंदिर में शादी करवा दी। खबर लगते ही गांव वाले लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में लड़की के ससुराल वालों को बुलाया गया। पति भी मौके पर पहुंचा। गांव में पंचायत बैठी। बैठक में दोनों की शादी कराने का फैसला किया। इसके बाद गांव के ही शिव मंदिर में विधि विधान के साथ दोनों की शादी करवा दी गई। मामला चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव का है। चंदा गांव के दिलीप कुमार (24) का चरपोखरी थाना क्षेत्र की रानी (22) से ढाई साल से अफेयर चल रहा था। रानी की शादी प्रेमी दिलीप के मौसेरे भाई सोनू चौधरी से 27 फरवरी 2022 को हुई थी। इसमें वे शामिल हुआ था और बारात के साथ डांस भी किया था।

**शादी के 4 महीने बाद भाभी से बढ़ी नजदीकियां:** 3 साल पहले रानी की शादी डीलिया लख गांव के सोनू चौधरी से धूमधाम से शादी हुई थी। शादी के बाद वो अपने ससुराल रहने लगी थी। दिलीप (प्रेमी) भी अपने ननिहाल डीलिया लख में बचपन से रहता था। रानी का पहला पति सोनू और प्रेमी दिलीप दोनों ही बचपन से एक ही साथ रहते थे। रानी की शादी में दिलीप ने खुशी से डांस भी किया था। रानी शादी के बाद अपने ससुराल आ गई। जहां उसकी मुलाकात दिलीप से हुई। 4 महीने तक सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच दिलीप और रानी की नजदीकियां बढ़ने लगीं। दिलीप ने अपनी भाभी के पास ज्यादा समय बिताना शुरू कर दिया। जब भी घर पर पति सोनू नहीं रहता था, तब रानी दिलीप को अपने पास बुला लेती थी। दोनों के मिलने का सिलसिला 2 महीने तक चलता रहा। इसी बीच इन दोनों की आशिकी की भनक रानी के पति सोनू को लगी।

**6 महीने पहले दोनों को पति ने साथ पकड़ा:** 6 महीने पहले रानी और दिलीप को उसके पति सोनू ने रंगे हाथ पकड़कर लिया। दोनों के बीच काफी कहासुनी भी हुई। इसके बाद रानी अपने मायके कोयल गांव आ गई। इसके बाद भी दिलीप उसके मायके कोयल गांव चोरी–छिपे मिलने आया करता था। रानी जब-जब दिलीप से शादी की बात करती तो वो टाल देता। इसी बीच मंगलवार को प्रेमिका रानी के बुलाने पर एक बार फिर अपने दोस्त के साथ मिलने के लिए उसके घर पहुंचा। दोनों एक कमरे में चोरी–छिपे मिल रहे थे। ग्रामीणों को प्रेमी की आने की भनक मिली। बिना देर किए लाठी–डंडे लेकर लड़की के घर पहुंचे और दरवाजा खुलवाया। ग्रामीणों ने प्रेमी दिलीप को धर–दबोचा और हंगामा शुरू कर दिया।

**प्रेमी मुकरा, पति बोला- अब उसी के साथ रहो:** पकड़े जाने पर प्रेमी शादी से इनकार कर रहा था। उसका कहना था कि लड़की को तलाक नहीं मिला है, तो मैं कैसे शादी कर लूं। इधर, रानी के पति सोनू का कहना था कि मैं इस लड़की को नहीं रखूंगा,अगर दिलीप से शादी करना चाहती है तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। जहां भी तुम्हें खुशी मिलती है, तुम वहां रहो। रानी अपने प्रेमी दिलीप के साथ के साथ रहना चाहती थी। इसके बाद कोयल गांव के ही शिव मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से दोनों की शादी करवा दी गई। उसे प्रेमी के घर ससुराल भी विदा कर दिया गया। शादी के दौरान पंचायत की तरफ से एक रजामंदी का लेटर भी सौंपा गया है।

# महासंघ ने 17 सूत्री मांगों के लिए किया धरना-प्रदर्शन

निज संवाददाता। आरा




जिला मुख्यालय पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सेवा संगठनों और एआईसीटीयू के आह्वान पर मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्रों को निजी कंपनियों को बेच रही है। आठवें वेतन आयोग का गठन नहीं हुआ। पुरानी पेंशन योजना की जगह नई पेंशन योजना लागू कर दी गई है। धरना स्थल से जुलूस निकाला गया जो जेपी स्मारक से होते हुए स्टेशन परिसर में सभा में तब्दील हो गया। धरना की अध्यक्षता बाल मुकुंद चौधरी ने की। धरना के अंत में 17 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिला सचिव सुमन ने कहा कि मुख्य मांगों में चारों श्रम कोड रद्द करना, निजीकरण और निगमीकरण पर रोक लगाना, राष्ट्रीय संपत्ति और बुनियादी ढांचे की बिक्री पर रोक लगाना शामिल है। स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर योजना रद्द की जाए। न्यूनतम मासिक मजदूरी 41 हजार रुपये और पेंशन 15 हजार रुपये की जाए। मौजूदा श्रम कानूनों को लागू किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के 11 साल के शासन में मजदूरों की हालत बदतर हो गई है। बेरोजगारी, महंगाई और बदहाली बढ़ी है। मजदूरी घटी है। सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा खत्म हो गई है। कॉरपोरेट कंपनियां मजदूरों से 70 से 90 घंटे काम करवाना चाहती हैं। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर देश की संपत्ति लूटी जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की उपलब्धियों को खत्म किया जा रहा है। संविधान, अधिकार, कल्याणकारी राज्य और सुरक्षित नौकरियों को खत्म कर दिया गया है। चार श्रम कोड लाकर मजदूरों को गुलाम बनाने की तैयारी है। इन कोड से काम के घंटे, न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकार छिन जाएंगे। हायर एंड फायर नीति लागू होगी। यूनियन बनाने, सामूहिक सौदेबाजी और हड़ताल का अधिकार खत्म हो जाएगा। तीन नए आपराधिक कानून और यूएपीए, पीएमएलए जैसे कानूनों से मजदूरों की सामूहिक कार्रवाई को अपराध बनाया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि तीन आपराधिक कोड और चार श्रम कोड का संयोजन मजदूरों के लिए विनाशकारी होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# राजस्व कर्मचारी 7 जून से हड़ताल पर जाएंगे

◆ भागलपुर में 17 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी, कहा-सरकार ने मांग की अनदेखी की

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में 17 सूत्री मांगों को लेकर जिले के राजस्व कर्मचारी 7 जून से हड़ताल पर जाएंगे। इससे पहले 4 मई को पटना में बिहार के तमाम राजस्व कर्मचारी ने धरना दिया था। 11 दिन बाद इसे सरकार के आश्वासन के बाद खत्म कर दिया। बुधवार को भागलपुर के सैंडीस कंपाउंड में जिले के राजस्व कर्मचारी ने एक बैठक की। इसमें यह निर्णय लिया गया कि सरकार की तरफ से आश्वासन के बाद कोई पहल नहीं की गई। अब 7 जून से फिर से धरना दिया जाएगा। राजस्व कर्मचारी राहुल ने बताया कि हम लोगों ने 4 मई को धरना देकर सरकार को आगाह किया था कि हमारी 17 सूत्री मांगों को पूरी किया जाए। 14 दिन बीत जाने के बाद सरकार की तरफ से ना ही हम लोगों को बुलाकर वार्ता किया गया। ना ही इस पर कोई पहल किया गया। कर्मचारी ने आगे कहा कि जो प्रमुख मांगे हैं, जैसे गृह जिले में नियुक्ति 1900 ग्रेड से 2800 ग्रेड तक करने की मांग, और विभागीय जिस तरह शोषण किया जा रहा है, हमारे काम को एक लिमिट तक के लिए किया जाए।

**राजस्व कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की मांगः** राजस्व कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की मांग की गई है। राजस्व कर्मचारियों को स्थायी नौकरी देने की मांग है। राजस्व कर्मचारियों के लिए अन्य सुविधाएं जैसे कि चिकित्सा छुट्टी, छुट्टी और पेंशन, पदोन्नति के लिए समान अवसर प्रदान करने की मांग है। राजस्व कर्मचारियों को जबरन तबादला से सुरक्षा, राजस्व कर्मचारियों के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान करना, राजस्व कर्मचारियों को मासिक वेतन और भत्ते समय पर दिए जाने की मांग है। राजस्व कर्मचारियों के लिए अनुदान में वृद्धि, उनकी शैक्षणिक और व्यवसायिक योग्यता के अनुसार पदोन्नति देने की मांग की गई है। राजस्व कर्मचारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कार देने की मांग, कर्मचारियों के संगठन के लिए उचित मान्यता देने, राजस्व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम प्रदान करने की मांग की गई है। राजस्व कर्मचारियों को अतिरिक्त काम के लिए भुगतान, नुकसान के लिए मुआवजा देना, राजस्व कर्मचारियों के लिए आवास प्रदान करने की मांग की गई है। इसके अलावा राजस्व कर्मचारियों के काम में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने, राजस्व कर्मचारियों के सेवा नियमों में संशोधन करने की मांग की गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### किशोरावस्था शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**भागलपुर**। बरारी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ। विषय था किशोरावस्था शिक्षा व शिक्षक क्षमता बढ़ाना। कार्यशाला सीबीएसई के निर्देशन में हुआ। इसका उद्देश्य किशोरों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व व्यावहारिक परिवर्तनों को समझना व उनसे जुड़ी समस्याओं से निपटने के लिए शिक्षकों को तैयार करना था। सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन अरुणिमा खरे और श्वेता ने सभी सत्रों का संचालन किया। उन्होंने शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से शिक्षकों को किशोरों की समस्याओं से संवेदनशीलता के साथ निपटने की जानकारी दी। सत्रों में रोल-प्ले, केस स्टडी, समूह चर्चा सहित अन्य गतिविधि शामिल था। मौके पर प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी अनिल कुमार ,रफत जहां खानम, निरेंदर प्रकाश सिंह, पूनम सिंह, आशुतोष कुमार, डॉ. चन्द्रहास भारती, डॉ. विमलेश झा, मनीष कुमार, प्रमोद कुमार मंडल, प्रिया कुमारी, शाम्भवी झा, शिल्पी कुमारी, अनु श्री, डॉ. शिवशंकर कुमार सिंह और गवेन्द्र नारायण सिंह आदि थे।

### दर्शनशास्त्र विभाग में कक्षा के दौरान छात्रा हुई बेहोश

**भागलपुर**। टीएमबीयू के पीजी दर्शनशास्त्र विभाग में मंगलवार को छात्रा नेहा कुमारी कक्षा करने के दौरान बेहोश हो गई। वह सेमेस्टर-2 की छात्रा है। उसे दूसरे छात्रों ने संभाला। इसके बाद वे लोग उसे विवि स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। वहां इलाज की सुविधा नहीं मिली तो वहां से छात्रा को एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया। इधर विभाग ने छात्रा के घरवालों का सूचना दी।

### एसएम कॉलेजः सेमिनार में छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र

**भागलपुर**। एसएम कॉलेज में एबीवीपी इकाई ने मंगलवार को एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया। विषय था, चुनौतियां जो महिलाएं झेलती हैं। इस दौरान मिशन साहसी अभियान में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर व सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल कुमार , कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष आशा, मनोविज्ञान की शिक्षिका सांत्वना, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुक्ता सिंह व एसएम कॉलेज एबीवीपी इकाई की अध्यक्ष प्राची कुमारी सहित अन्य मौजूद थी।

### स्नातकः इसी हफ्ते से होगा नामांकन, एलएलएम में 27 से

**भागलपुर**। टीएमबीयू में स्नातक के सत्र 2025-29 में नामांकन की शुरुआत इस हफ्ते हो जाएगी। इसके लिए आवेदन 22 मई तक लिया जाएगा। आवेदन लेना शुरू हो गया है और अब इसमें दो दिन और बचे हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि नामांकन के लिए तीन बार चयन सूची जारी की जाएगी जिसमें पहली चयन सूची 24 मई को जारी हो जाएगी। इसके आधार पर कॉलेज 25 मई से नामांकन लेना शुरू कर देंगे। हालांकि पहली चयन सूची से नामांकन पांच जून तक लिया जाएगा। कॉलेज अपनी सुविधा व संसाधन की उपलब्धता के अनुसार ऑफलाइन या ऑनलाइन मोड में नामांकन लेंगे। कॉलेज नामांकन का डाटा सॉफ्ट व हार्ड कॉपी में रखेंगे और इसकी एक प्रति डीएसडब्ल्यू कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। राजभवन ने जो शुल्क तय किया है, छात्रों से वही लिया जाएगा। कॉलेज राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विषयों और अनुमोदित सीट मैट्रिक्स पर ही नामांकन लेंगे। दूसरी चयन सूची नौ जून को जारी होगी और नामांकन 10 जून से 14 जून तक लिया जाएगा। जबकि तीसरी चयन सूची 17 जून को जारी होगी और इससे 18 जून से 20 जून तक नामांकन लिया जाएगा। ऑन स्पॉट व कोटा सीट पर नामांकन 23 से 29 जून तक होगा। एलएलएम पार्ट वन सत्र 2023-25 में नामांकन के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन 22 मई तक लिया जाएगा। इसके बाद अनारक्षित वर्ग के छात्रों के लिए पहली चयन सूची 26 मई को जारी होगी और नामांकन 27 से 30 मई तक लिया जाएगा। आरक्षित कोटि के छात्रों के लिए पहली चयन सूची 12 जून को जारी होगी और नामांकन 13 से 16 जून तक होगा।

### परिवारवाद एवं अराजकता से बिहार को अलग रखना है

**मुंगेर**। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद के करतूतों को जनता के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। जो लोग फिर से भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी जुबान बंद हो जाएगी। वे सभी अराजकता के पोषक हैं। चाहे राहुल गांधी बिहार में आकर अराजकता की बात करें या लालू प्रसाद का परिवार हो। बिहार को परिवारवाद और अराजकता से अलग रखना है। एनडीए की सरकार बनानी है। गिरिराज सिंह सोमवार को मुंगेर के जिला अतिथि गृह में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले वे लोग हैं जिन्हें अपनी सेना के शौर्य पर भरोसा नहीं होता।

### सड़क हादसे और मारपीट में दो महिलाएं घायल

**मुंगेर**। थाना क्षेत्र के रानी एक पंचायत के नारेपुर पश्चिम गांव में सोमवार की सुबह छापेमारी कर बछवाड़ा थाना कि पुलिस ने एक मारपीट मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रानी एक पंचायत के नारेपुर पश्चिम गांव निवासी उपेन्द्र यादव का पुत्र चुन-चुन यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी पर मारपीट करने का मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया। कल्याणपुर| थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाएं घायल हो गईं। पहली घटना में बाइक से गिरने पर ध्रुवगामा गांव की 52 वर्षीय चुनचुन देवी घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मुंगेर| आरडी एंड डीजे कॉलेज में सत्र 2024-26 के पीजी सेमेस्टर-1 की आंतरिक परीक्षा 17 मई से शुरू हुई थी। अंतिम दिन की परीक्षा सोमवार को ली गई। अब मंगलवार को सत्र 2023-25 के पीजी सेमेस्टर-4 की आंतरिक परीक्षा होगी। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रभात कुमार ने बताया कि सेमेस्टर-1 की परीक्षा 17 से 19 मई तक चली। वाणिज्य विषयों की परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे तक एलटी-1 में हुई। सेमेस्टर-4 की परीक्षा 20 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी।

# भागलपुर में कट्टा के साथ 2 युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता। भागलपुर



◆ हथियार बेचने के लिए जा रहे थे, तलाशी में युवकों के पास से कारतूस भी मिला

भागलपुर में कट्टा के साथ 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। शाहकुंड पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो युवक हथियार के साथ खैरा से पचरुखी की तरफ जा रहे थे। ग्राम जमालपुर के पास दो कट्टा, 2 कारतूस के साथ दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान मुर्शीद आलम के बेटे फैयाज और महमूद आलम के बेटे के रूप में हुई है।

**गिरफ्तार युवक का आपराधिक रिकॉर्ड नहींः** डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया कि तलाशी ली तो देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि युवक के पास पहले से हथियार था। घर में रखा हुआ, उसे बेचने के लिए एक व्यक्ति के पास जा रहा था। हम लोग उस व्यक्ति का भी पता लगा रहे हैं। गिरफ्तार अपराधी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है।

# बदमाशों ने एक युवक को मारी गोली, ट्रैक्टर नहीं हटाने के विवाद में 2 पक्ष में मारपीट, 4 घायल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच विवाद हुआ। ट्रैक्टर हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से लैस लोगों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस दौरान गोलीबारी हुई है। इसमें एक युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार रात लगभग 11 बजे की है। मामला नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाईदासपुर के वार्ड संख्या-तीन का है। एक पक्ष दियारा क्षेत्र से मकई की फसल ट्रैक्टर पर लादकर गोसाईदासपुर पहुंचा था। मकई उतारने के लिए ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा किया गया। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताई और ट्रैक्टर को हटाने की मांग की। विरोध करने पर पहले पक्ष ने कहा कि मकई उतारने के बाद ही ट्रैक्टर हटाया जाएगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई।

**मारपीट में 4 लोग जख्मीः** स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंके और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुई इस झड़प से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट की इस घटना में कुल चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक युवक कुंदन कुमार यादव को गोली लगने की पुष्टि हुई है। घायलावस्था में कुंदन को पुलिस ने तुरंत मायागंज अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नाथनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर हटाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। गोलीबारी हुई है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की छानबीन जारी है।

## मुंगेर के मर्चेंट नेवी कैप्टन का अमेरिका में निधन

# एक माह बाद पैतृक गांव पहुंचा पार्थिव शरीर, बेटी ने दी मुखाग्नि

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के संग्रामपुर प्रखंड स्थित मौजमपुर गांव में मंगलवार को शोक की लहर दौड़ गई। मर्चेंट नेवी में कैप्टन पद पर कार्यरत संजीव कुमार सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा।

17 अप्रैल को अमेरिका से बहामास जा रहे मालवाहक जहाज पर ड्यूटी के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इससे उनका निधन हो गया। अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं के बाद 20 मई को उनका पार्थिव शरीर भारत लाया गया। अंतिम दर्शन के लिए उनके बनवाए गए प्रेसिडेंट कलाम मेमोरियल स्कूल में शव रखा गया। सपना चौधरी इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र चौधरी, जनसुराज नेता समीर मधुकर समेत कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी। कैप्टन संजीव समाजसेवा में सक्रिय थे। उन्होंने ग्रामीण बच्चों की शिक्षा के लिए प्रेसिडेंट कलाम मेमोरियल स्कूल की स्थापना की। वे गरीबों की शादी और इलाज में भी मदद करते थे।

**बड़ी बेटी ने दी मुखाग्निः** सुल्तानगंज के गंगा घाट पर उनकी बड़ी बेटी सोनाक्षी ने मुखाग्नि दी। यह कदम बेटियों की समानता का संदेश बन गया। कैप्टन संजीव की दो बेटियां हैं। 20 अप्रैल 1983 को जन्मे संजीव ने सैनिक स्कूल तिलैया से शिक्षा प्राप्त की। पिछले 13 वर्षों से वे बहुराष्ट्रीय कंपनी 'वेनेसा' में कार्यरत थे।

## गंडक की 2010 मीटर लंबाई में मिट्टी की कटाई अंतिम चरण में

निज संवाददाता। संग्रामपुर

गंडक नदी में सोल कटिंग का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। यह कार्य पिछले डेढ़ महीने से ऋषि बिल्डर द्वारा कराया जा रहा है। विभाग के जेई और सहायक अभियंता ने बताया कि लगभग एक सप्ताह में कार्य पूरा हो जाएगा। सोल कटिंग से नदी के पाट को चौड़ा किया गया है। विभागीय निर्देश के अनुसार नदी की चौड़ाई औसतन 50 मीटर बढ़ानी थी। 2010 मीटर लंबाई में सोल कटिंग का एस्टीमेट तैयार किया गया था। पूछरिया गांव के सामने 50 मीटर की जगह 100 मीटर चौड़ाई बढ़ाई गई है। नदी के नेचर को देखते हुए जहां जितनी चौड़ाई और लंबाई की जरूरत थी, उसी अनुसार सोल कटिंग की गई है। इससे संभावित बाढ़ में नदी का दबाव गांव की तरफ से 30 फीसदी कम होने की संभावना है। यदि इस बार नदी चौड़ा किए गए हिस्से की ओर दबाव बनाती है तो 2 से 3 वर्षों में नदी की धारा पूरी तरह बीच से होकर बहने लगेगी। इससे गांव हमेशा के लिए सुरक्षित हो जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यदि विभागीय स्तर से प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाए और बोल्डर पिचिंग का कार्य भी साथ में शुरू कर दिया जाए तो गांव के साथ-साथ तटबंध भी स्थायी रूप से सुरक्षित हो जाएगा। नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हो गया है।

बिहार सरकार
बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि०, पटना
बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि0 की अनुषंगी कम्पनी
CIN – U74110BR2012SGC018889
(स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएँ)
प्रधान कार्यालय, विद्युत् भवन, बेली रोड, पटना–800021
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित करना है कि दाउदनगर LILO 132 के0वी0 सोननगर–चंदौती (सर्किट–1) संचरण लाईन को दिनांक– 22.05.2025 को सुबह 11:00 बजे या उसके बाद कभी भी ऊर्जान्वित होना है। उक्त संचरण लाईन औरंगाबाद जिला के अंतर्गत ओबरा प्रखण्ड, दाउदनगर प्रखण्ड, बारूण प्रखण्ड एवं औरंगाबाद प्रखण्ड के महावीरगंज, गोपालपूर, मुंशी बिगहा, पोथू दुधल्ला, सरपपटा, तमोरी, कझवां, धरमपुरा, कटिया, रामपुर अशकप, परसिया, कल्याणपुर, करहारा, बिहार बिगहा, सोनवर्शा, ललारो, कठबार, बेलवन, केसरारी, चमन बिगहा, जमहौर आदि गाँवों/वसवाटों से गुजरती है।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संचरण लाईन से यथेश्ट दूरी बनाए रखें। किसी प्रकार की असावधानी के कारण होने वाले दुर्घटना/जान–माल की क्षति की जवाबदेही बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना की नहीं होगी।
उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 004092 (B & C) 2025-26
मुख्य अभियंता (परियोजना–II)
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# मुंगेर में मंदिर के रास्ते के लिए तोड़ा स्कूल



200 बच्चों का मध्याह्न भोजन बंद, प्रधानाध्यापिका की शिकायत पर केस दर्ज

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र के फुलकिया गांव में रविवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। कुछ लोगों ने जेसीबी से मध्य विद्यालय फुलकिया की चारदीवारी और किचन के दो कमरों को तोड़ दिया। सोमवार सुबह प्रधानाध्यापिका आरती विश्वकर्मा को स्कूल की पूर्वी दीवार और दो कमरे ध्वस्त मिले। इन कमरों में बच्चों का मध्याह्न भोजन बनता था। प्रधानाध्यापिका और विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव अंबिका देवी ने बरियारपुर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मंगलवार को FIR दर्ज कर पुलिस निरीक्षण करने मौके पर पहुंची।

**पुलिस ने निर्माण कार्य रोकने का दिया आदेशः** ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के पीछे श्री मंगला काली मां का मंदिर निर्माणाधीन है। पहले मंदिर का रास्ता विद्यालय के पश्चिमी भाग से था। मंदिर को एनएच 80 से सीधे जोड़ने के लिए स्कूल की दीवार तोड़ी गई। पुलिस के निर्माण कार्य रोकने के आदेश के बावजूद मंगलवार को मंदिर की चारदीवारी का निर्माण जारी रहा। स्कूल में लगभग 200 बच्चे पंजीकृत हैं। पढ़ाई नए भवन में होती है।

पूर्व रेलवे
**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–23 से 28–25–26 (खुली), दिनांक 20.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.:1, केस सं. ओ–एसी–टी–23–25–26, कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत आसनसोल में पी–वे सामग्री के परिवहन के संबंध में ट्रक/लॉरी की पार्किंग के लिए टीडी–आसनसोल में एप्रोच रोड और हार्ड स्टैंडिंग के प्रावधान तथा अतिक्रमण की आशंकित स्थान वाली रेलवे भूमि के लिए फेंसिंग/कम्पाउंड वॉल आदि के प्रावधान के लिए खुली निविदा, **निविदा मूल्यः** रु.1,50,52,906.26, **बयाना राशिः** रु. 2,25,300/–, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **क्रम सं.:2, केस सं. ओ–एसी–टी–24–25–26, कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के तहत आसनसोल–झाझा, मधुपुर–गिरिडीह, देवघर–बांका, देवघर–दुमका की शाखा और तापसी–सोनाचारा शाखा में रोड ओवरब्रिज नं. 6 बी/टी में स्टैंडर्ड हाइट गेज के प्रावधान के लिए खुली निविदा, **निविदा मूल्यः** रु.6,53,67,495.60, **बयाना राशिः** रु. 4,76,800/–, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **क्रम सं.:3, केस सं. ओ–एसी–टी–25–25–26, कार्य का नामः** एसएसई/पी(वे)/I/अंडाल के अधीन ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा, **निविदा मूल्यः** रु. 80,77,001.08, **बयाना राशिः** रु. 1,61,500/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **क्रम सं.:4, केस सं. ओ–एसी–टी–26–25–26, कार्य का नामः** एसएसई/पी(वे/आसनसोल के अधीन ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा, **निविदा मूल्यः** रु. 87,00,909.41, **बयाना राशिः** रु. 1,74,000/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **क्रम सं.:5, केस सं. ओ–एसी–टी–27–25–26, कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/II/आसनसोल के अधीन केएओ (टैंक क्षमता–25000 गैलन), जेएसएमई (टैंक क्षमता–50000 गैलन), सीआरजे (टैंक क्षमता–50000 गैलन), एसटीएल (टैंक क्षमता–94625 लीटर) आदि में सर्कुलेटिंग एरिया में पाइपलाइन एवं अन्य सहायक कार्यों के साथ आरसीसी ओएच टैंकों से क्षतिग्रस्त टैंकों बदली के लिए खुली निविदा, **निविदा मूल्यः** रु. 5,33,85,510.25, **बयाना राशिः** रु. 4,16,900/–, **कार्य की समापन अवधिः** 24 माह। **क्रम सं.:6, केस सं. ओ–एसी–टी–28–25–26, कार्य का नामः** निम्नलिखित के लिए खुली निविदाः i) आसनसोल मंडल में यूडीएल, एसयूआरआई और जेएसएमई यार्ड में नाइट स्टैबलिंग एमईएमयू रेक के रखरखाव के लिए पाथवे एवं आच्छादित ड्रेन का प्रावधान तथा ii) वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के अधीन जेएसएमई में टॉयलेट किचन मेस डाइनिंग आदि के साथ नए 10 बेड वाले आरपीएफ महिला बैरक का निर्माण, **निविदा मूल्यः** रु. 2,28,83,250.60, **बयाना राशिः** रु. 2,64,400/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 16.06.2025 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक के लिए)। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।
ASN-55/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

Date Corrigendum Notice

Due to unavoidable reasons dates of e-NIT No. 107/PR/JUSNL/2025-26 is being revised as detailed below and rest of the conditions published will remain same :-

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 26.05.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 26.05.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 16.06.2025 at 02:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 17.06.2025 at 02:30 PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।
PR No. 352893
Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar
PR 353162 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

## संक्षिप्त समाचार

### गांव के चौक-चौराहों पर भी मिलेगी बैंकिंग की सुविधा

**■ समस्तीपुर में डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक छोटे बाजारों में खोल रही यूनिट, पैक्स में मिलेगा माइक्रो एटीएम**



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहे भी अब विकसित हो रहे हैं। यहां मार्केटिंग के लिए अब जिला का कोऑपरेटिव बैंक अपनी छोटी शाखा खोलने जा रही है। जहां पर ग्रामीण इलाके के किसान के साथ ही आम लोग भी लेनदेन कर सकेंगे। इसके लिए जिले के सभी 381 पंचायत में स्थल का चयन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 12 स्थान पर शाखा खोलने की स्वीकृति दी गई है। जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक डिपॉजिट मोबिलाइजेशन एजेंट के माध्यम से शाखा खोलने जा रही है। जिसमें मिल्क यूनियन को भी शामिल किया गया है। बैंक पैक्सों में माइक्रो एटीएम देने जा रही है। जिससे किसी भी बैंक के एटीएम कार्ड से निकासी की जा सकेगी। गांव के लोगों को अब किसी प्रकार की जमा, राशि निकालना और जमा करने के लिए शहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

#### लेनदेन की प्रक्रिया पर जिला सहकारिता बैंक की नजर

पैक्स और मिल्क यूनियन अपने गांव के लोगों का खाता खोल सकेंगे। डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने बताया कि अब जिले के पैक्स और मिल्क यूनियन अपने-अपने पंचायत अंतर्गत गांव के लोगों का खाता खुला सकेंगे, जहां से वे लेनदेन कर सकेंगे। पूरी लेनदेन की प्रक्रिया पर जिला सहकारिता बैंक की नजर रहेगी। पैक्स और मिल्क यूनियन जिला सहकारी बैंक से लोन भी दिलवा सकेंगे।

#### इन जगहों पर खुलेंगे बैंक

डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण में जिले के बेझाडीह, सराय रंजन पश्चिम, किशनपुर युसूफ गंगासरा, बिरनामा तुला, सातनपुर, रायपुर बुजुर्ग, मोहम्मदपुर सकरा, जितवारपुर कुंभरा व शिवैसिंहपुर और दिनमनपुर दक्षिणी में डिपॉजिट मोबिलाइजेशन एजेंट के माध्यम से शाखा खोला जाएगा। इसके अलावा मिल्क यूनियन आधारपुर और सोंगर को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

### गया में करोड़ों की प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

**■ केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने की छापेमारी ■ 400 पैकेट नशीली दवाओं की खेप जब्त**

**गया, एजेंसी।** गया शहर में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीएनबी) ने कार्रवाई की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के रंगबहादुर रोड और रामशिला मोड़ इलाके में सीएनबी की टीम ने छापेमारी की, जिसमें करीब 400 पैकेट नशीली दवाओं की खेप बरामद की गई। इन दवाओं की बाजार में कीमत करोड़ों रुपए में आंकी गई है। सूत्रों के मुताबिक, सीएनबी को इनपुट मिला था कि गया शहर में बड़े स्तर पर कोडीन सिरप और अन्य प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर तुरंत एक्शन लेते हुए टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई की कमान खुद केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक ने संभाल रखी थी। सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई को नारकोटिक्स डिपार्टमेंट के अधीक्षक विजय शंकर कर रहे थे।

# मोदी ने अमेरिका के दबाव में पाकिस्तान से युद्ध रोका : कांग्रेस नेता शकील अहमद

## भारतीय सेना बदला लेने के लिए पूरी तरह थी तैयार



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता डॉ शकील अहमद देर शाम पहुंचे। डॉ इंतखाब आलम को उन्होंने मुबारकबाद दिया। डॉक्टरी के क्षेत्र में बढ़िया से काम करने, गरीब लोगों का ख्याल रखते हुए इलाज करने की सलाह दी। डॉ शकील अहमद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक छोटी जंग थी। भारतीय सेना पाकिस्तान से पूरा बदला लेने को तैयार थी। लेकिन अमेरिका के दबाव में पीएम मोदी ने युद्ध रोक दिया। यह फैसला गलत था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने खुद पांच बार कहा कि उन्होंने युद्ध रुकवाया।

यह शिमला समझौते का उल्लंघन है। शकील अहमद ने कहा कि शिमला समझौते में साफ लिखा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी विवाद में कोई तीसरा देश दखल नहीं देगा। अमेरिका ने पंचायती की, भारत सरकार ने उसे मान लिया। इससे भारत को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1971 में तब तक युद्ध नहीं रोका जब तक पाकिस्तान ने घुटने नहीं टेक दिए। 95 हजार पाक सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। आज मोदी सरकार अमेरिका के दबाव में झुक गई।

### पर्यटकों को सरकार ने नहीं रोका

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान का समर्थन करते हुए शकील अहमद ने कहा कि अगर 17 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में खतरे की आशंका थी, तो पीएम मोदी वहां क्यों नहीं गए। अगर सरकार को जानकारी थी, तो पर्यटकों को क्यों नहीं रोका गया।

पहलगाम में रोजाना पांच हजार लोग आते हैं। वहां सुरक्षा क्यों नहीं थी। राहुल गांधी दरभंगा आए तो पूरी फोर्स तैनात कर दी गई। लेकिन कश्मीर जैसे संवेदनशील इलाके में लचर व्यवस्था क्यों रही। पहलगाम में एक जवान युवक की शादी के पांच दिन बाद ही मौत हो गई। डेढ़ घंटे तक कोई सुरक्षा बल नहीं पहुंचा। आतंकवादी बाहर से आए। बॉर्डर से करीब 100 किलोमीटर अंदर आकर हमला किया। 28 से ज्यादा लोगों को गोली मारी। फिर लौटकर चले गए। कोई पकड़ नहीं पाया। यह गंभीर चूक है।

### पहलगाम में नहीं थी कोई सुरक्षा

शकील अहमद ने कहा कि राहुल गांधी दरभंगा आए थे। छात्रों से मिलना था। वहां भारी पुलिस बल तैनात था। लेकिन पहलगाम में कोई सुरक्षा नहीं थी। यह सरकार की नाकामी है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने डर के कारण राहुल गांधी के कार्यक्रम को डिस्टर्ब करने की कोशिश की। वह छात्रों से मिलने आए थे। सरकार ने रोकने की कोशिश की। कुछ लोगों पर सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर केस दर्ज किया गया। यह डरी हुई सरकार का काम है। राहुल गांधी ने खुद कहा कि ऐसे केस उनके लिए मेडल हैं। लेकिन राज्य सरकार की मंशा गलत है। इसका असर आने वाले विधानसभा चुनाव में जरूर दिखेगा। उन्होंने कहा कि भागलपुर के एक जवान की शहादत की खबर दुखद है। उन्हें श्रद्धांजलि दी। सरकार से मांग की कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। शकील अहमद ने कहा कि पाकिस्तान से बदला लेने का मौका था। लेकिन मोदी सरकार ने ट्रंप को मध्यस्थ बना लिया। यह भारत की नीति के खिलाफ है। उन्होंने एक शेर पढ़ा - ना तो इधर-उधर की बात कर, ये बता काफिला क्यों लूटा, मुझे रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।

# बीडीओ और अकाउंटेंट रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## रानीगंज में डेढ़ लाख लेते निगरानी विभाग ने पकड़ा, उपप्रमुख की शिकायत पर कार्रवाई



**अररिया, एजेंसी।** अररिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई हुई। निगरानी विभाग ने छापा मारकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रितम चौहान और उनके अकाउंटेंट आदित्य प्रियदर्शी को गिरफ्तार किया। रानीगंज प्रखंड कार्यालय में दोनों को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। यह कार्रवाई विशेष निगरानी इकाई, पटना की 12 सदस्यीय टीम ने रानीगंज पुलिस के सहयोग से की। बीडीओ के सरकारी आवास पर छापेमारी के दौरान दोनों को रिश्वत की रकम के साथ पकड़ा गया। सूत्रों के अनुसार, यह रकम किसी सरकारी कार्य की मंजूरी दिलाने के एवज में मांगी गई थी।

### उपप्रमुख की शिकायत पर हुई कार्रवाई

रिश्वतखोरी की शिकायत रानीगंज के उपप्रमुख कलानंद सिंह ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बीडीओ द्वारा डेढ़ लाख रुपये की मांग की गई थी। इस पर उन्होंने सोमवार को पटना पहुंचकर विशेष निगरानी इकाई से संपर्क किया। विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मंगलवार रात करीब 10 बजे छापेमारी कर दी।

### दस्तावेजों की जांच जारी

निगरानी टीम बीडीओ के आवास और कार्यालय में तलाशी अभियान चला रही है। दस्तावेजों की जांच की जा रही है ताकि अन्य अनियमितताओं का भी खुलासा किया जा सके।

### स्थानीय प्रशासन में हड़कंप

इस कार्रवाई से पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग और तेज हो गई है। लोगों ने सरकार की कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि ऐसे मामलों में और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।



# दादा के दान की जमीन पर चल रहे स्कूल में पोतों ने ताला मारा, बच्चे बाहर जमा हैं

**वैशाली, एजेंसी।** बिहार के एक स्कूल में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। वैशाली जिले के गोरौल प्रखण्ड के उत्क्रिम मध्य विद्यालय भटौलीया में एक जमीन दाता ने स्कूल में तालाबंदी कर दी। स्कूल में तालाबंदी के बाद स्कूली छात्र स्कूल के बाहर घंटों बैठे रहे। इस बात से आक्रोशित ग्रामीणों ने वहां प्रदर्शन भी किया। इधर स्कूल में तालाबंदी और विद्यालय के बाहर बैठे छात्रों की सूचना जैसे ही प्रशासनिक अमले को लगी तो उनके कान खड़े हो गए। स्कूल के बाहर हंगामे की सूचना भी अधिकारियों को मिली। लिहाजा शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और सीओ तुरंत मौके पर पहुंच गए।

**किसने और क्यों कर दी स्कूल में तालाबंदी :** बिहार के इस स्कूल में भू-स्वामी द्वारा तालाबंदी करने की वजह भी काफी हैरान करने वाली है। बताया जा रहा है कि जिस जमीन पर स्कूल का निर्माण हुआ है वो पूर्व मुखिया है। भू-स्वामी तत्कालीन मुखिया ने 60 वर्ष पहले 25 डिसमिल जमीन दान दिया था, लेकिन शिक्षा विभाग ने अभी तक इसकी रजिस्ट्री नहीं करवाई है।

अब भू-स्वामी के बेटे और पोते का कहना है कि विभाग या तो जमीन की रजिस्ट्री करवाए या फिर जमीन खाली कर दे। इसी बात को लेकर भू-स्वामी की तरफ से तालाबंदी की गई है। दादा की दान की गई जमीन पर चल रहे स्कूल में पोतों के ताला जड़ने का यह मामला काफी चर्चा में है। स्कूल के गेट पर तालाबंदी किए जाने के एक वीडियो भी सामने आया है।

# आरा में बदमाशों ने युवक का काटा गला, मिस्त्री ने बकाया 1100 रूपए के लिए हमला किया



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में मंगलवार की देर शाम बकाए पैसे के विवाद को लेकर धारदार हथियार से एक युवक का बदमाशों ने गला काट दिया। इसे खून से लथपथ जमीन पर छटपटाते देख इसकी सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन ने जख्मी युवक को इलाज के लिए अविआंव क्लाष्ट में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि स्थिति को नाजुक देखते हुए आरा सदर अस्पताल से भी प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव का है। युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के मढनपुर गांव निवासी स्व.ईश्वर दयाल सिंह का 34 साल का बेटा संभल यादव है। संभल यादव ने बताया कि आठ दिन पहले उसने अपने गांव के ही राजमिस्त्री ओम प्रकाश से अपने घर का एक कमरा बनवाया था। जिसका 11 सौ रुपया मजदूरी का बकाया था। ओमप्रकाश ने उससे अपना 11 सौ बकाया रुपए की मांग की थी। उसने कहा कि मुझे पांच-छह दिन का वक्त दो मैं तुम्हें इंतजाम करके दे दूंगा।

**मारपीट के बाद काटा गला :** तभी राज मिस्त्री ने कहा था कि मुझे कल तक पैसा नहीं मिला तो मैं तुझे बता दूंगा। मंगलवार की जब देर शाम जब वह शौच करने के लिए बधार में जा रहा था। तभी ओमप्रकाश ने उसे घेर लिया। पहले उसके साथ मारपीट की। उसे पटककर धारदार हथियार से उसके गले को काट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।



# बिहार के नौलखा मंदिर दान पेटी लूट में पुजारी का बेटा और भतीज अरेस्ट

## पैसे और हथियार भी मिले

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** राजगीर के श्वेतांबर धर्मशाला के कार्यालय से रविवार की रात लुटेरों ने नौलखा मंदिर की 3 दान पेटी में रखे रुपये लूट लिये थे। विरोध करने पर नाईट गार्ड को धारदार हथियार के वार से जख्मी कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में मंदिर के मुख्य पुजारी का बेटा-भतीजा समेत 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

उनके पास से लूटे गये 8 लाख 5 हजार रुपये व घटना में इस्तेमाल किये गये हथियार भी बरामद किये हैं। मंगलवार को एसपी भारत सोनी ने प्रेस वार्ता कर पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर के अंदर ही लूट की साजिश रची गयी थी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कार्रवाई में जुट गयी थी। जख्मी गार्ड को इलाज के लिए पटना में भर्ती कराया गया है।

उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जाती है। विशेष जांच टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मुख्य पुजारी का पुत्र पुरी गांव निवासी विनीत कुमार, भतीजा परमीत तिवारी, धर्मशाला का सहायक सुपरवाइजर उपाध्याय टोला निवासी बच्चन उपाध्याय, वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के अपसढ़ गांव निवासी कन्हैया कुमार व हीरा कुमार शामिल है।

### पिस्तौल, 13 कारतूस और एक बाइक बरामद

एसपी भारत सोनी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों के पास से नगद रुपये के अलावा एक देसी पिस्तौल, 13 कारतूस, एक बाइक, 3 मोबाइल व एक चाकू भी बरामद किया गया है। आरोपितों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। स्पीडी ट्रायल के माध्यम से उन्हें सजा दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। छापेमारी टीम में डीएसपी सुनील कुमार सिंह, थानाध्यक्ष रमण कुमार आदि शामिल थे।

# गेंदा की खेती में एक लाख लगाया, ढाई लाख की कमाई

## औरंगाबाद में शादियों के सीजन में दूल्हे की गाड़ी सजाते किसान; 15 मजदूरों को दिया रोजगार



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के किसान संतोष मालाकार पिछले 15 सालों से गेंदा और अन्य फूलों की खेती कर रहे हैं। चिल्हकी गांव के किसानों से जमीन लीज पर लेकर उन्होंने पांच बीघा खेत में गेंदा फूल लगाया है। एक लाख 25 हजार रूपए लगाकर ढाई लाख की कमाई हो रही है। ये लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। खेत में दूर-दूर तक फैले पीले-नारंगी फूलों की खुशबू और सुंदरता लोगों को आकर्षित कर रही है। खेत की खूबसूरती देख लोगों को ऐसा लगता है, जैसे कश्मीर की वादियों में आ गए हों। संतोष कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत दधपा गांव के रहने वाले है। संतोष ने बताया कि उन्होंने कोलकाता से दो रुपए प्रति पौधे की दर से गेंदा के पौधे मंगवाए हैं। एक हजार पौधों की कीमत 600 रुपए पड़ी। स्थानीय स्तर पर पौधे तैयार करने के लिए जरूरी संसाधन नहीं हैं। खेती के लिए उन्होंने चिल्हकी गांव के किसान महाराज पांडेय से 15 हजार रुपए प्रति बीघा के हिसाब से पांच बीघा जमीन लीज पर ली है।

**अपनी दुकान से फूलों को बेट रहे :** संतोष ने खेत के पास अंबा-नबीनगर पथ पर एक दुकान भी खोल रखी है। यहीं से फूलों की बिक्री कर रहे हैं। अब लोग जानते हैं कि फूल यहीं मिलेगा। गेंदा फूल की बिक्री 250 रुपए कोड़ी यानी 20 लरछा या 60 रुपए प्रति किलो की दर से हो रही है। संतोष लग्न के दिनों में दूल्हे की गाड़ी, जयमाला और स्टेज के सजावट का भी काम करता है। इसके लिए उसे पहले बंगाल से फूल मंगाना पड़ता था। फूल महंगा मिलने के कारण आमदनी कम होती थी। इससे परिवार चलाना मुश्किल होता था। वाराणसी में फूलों की खेती देखकर उन्हें आइडिया आया और इन्होंने अपने गांव में ही फूल की खेती करना शुरू किया। अब खेतों से निकलने वाले फूलों से सजावट का काम करते है। इससे आमदनी भी अच्छी होती है और स्थानीय स्तर पर 15 से 20 मजदूरों को रोजगार भी दे रहे है। बाकी बचे फूलों को दूसरे बाजारों में बेच दिया जाता है।

**झारखंड-उत्तर प्रदेश में भी हो रही बिक्री :** संतोष के फूलों की मांग बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई बाजारों में है। झारखंड के हरिहरगंज, डाल्टेनगंज, छतरपुर, जपला और बिहार के नबीनगर, अंबा, बारून, देव और औरंगाबाद में व्यापारी यहां से फूल खरीद कर ले जाते हैं। संतोष ने बताया कि एक बीघा खेत में फूल की खेती पर करीब 25 हजार रुपए खर्च आता है। इस बार मौसम अनुकूल रहने से अच्छी आमदनी की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि बिना सरकारी सहायता के गुलाब, मोगरा, गुलदावदी जैसे फूलों की खेती करना मुश्किल है। न पॉलीहाउस है, न समय पर आर्थिक मदद मिलती है।संतोष के साथ गांव के किशोरी मालाकार,राहुल मालाकार और सुनील मालाकार भी बड़े पैमाने पर फूलों की खेती कर रहे हैं।

सभी का कहना है कि सरकार औषधीय खेती को तो बढ़ावा देती है, लेकिन फूलों की खेती को नजरअंदाज कर रही है। यही कारण है कि गुलाब और अन्य फूल बाहर से मंगवाने पड़ते हैं। अब तक संतोष को उद्यान विभाग से कोई फायदा नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार की ओर से समय पर पौधे, पॉलीहाउस और जैविक खाद मिलती तो गुलाब और अन्य फूलों की खेती भी संभव होती।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के माध्यमिक स्कूलों में नई सेवा नियमावली लागू, नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की कोशिश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार ने राज्य के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 9 से 12) में प्रधानाचार्य, आचार्य और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया और सेवा शर्तों को लेकर एक नई नियमावली लागू कर दी है. शिक्षा विभाग का दावा है कि इस कदम से स्कूलों में प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा. नई नियमावली स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से अधिसूचित की गई है. यह नियमावली झारखंड के सभी माध्यमिक स्कूल में तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी. अधिसूचना संख्या 09/+2 वि. (नि.) 03-18/2025 के तहत इसे राजकीय गजट में प्रकाशित किया गया है। इस नियमावली में प्रधानाचार्य, विषय शिक्षक, प्रयोगशाला सहयोगी, वर्ग-3 और वर्ग-4 के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति, भूमिका और कार्यक्षेत्र को स्पष्ट किया गया है. खास बात यह है कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षा के लिए शिक्षक की नियुक्ति की भी व्यवस्था की गई है. शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह पहली बार है जब माध्यमिक विद्यालयों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया को इस तरह से औपचारिक और सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया गया है. विभाग का कहना है कि इससे भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और कार्यस्थल पर जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन होगा. नियमावली में स्कूल स्तर के साथ-साथ निदेशक, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक और जिला शिक्षा पदाधिकारी जैसे प्रशासनिक पदों की भूमिकाएं भी परिभाषित की गई हैं, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। शिक्षा विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य, माध्यमिक शिक्षा प्रणाली को अधिक संगठित, जिम्मेदार और छात्र-केंद्रित बनाना है. विभाग को उम्मीद है कि इससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होगी और छात्रों को अधिक योग्य और समर्पित शिक्षक उपलब्ध हो सकेंगे।

### हेलीकॉप्टर और ड्रोन की मदद से हरी-भरी होंगी पहाड़ियां, लगाए जाएंगे 5 लाख से अधिक पौधे

**जमशेदपुर, एजेंसी।** बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण व घटते जंगल को देखते हुए जमशेदपुर वन प्रमंडल ने जंगलों में हरियाली लाने के लिए झारखंड में पहली बार हेलीकॉप्टर और ड्रोन के माध्यम से पौधरोपण करने का अनोखा प्लान तैयार किया है। इसी मानसून के दौरान जमशेदपुर वन प्रमंडल अपने क्षेत्र में हेलीकॉप्टर और ड्रोन की मदद से पांच लाख से अधिक फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। पहाड़ों के समतल स्थलों जहां पौधा पेड़ का रूप धारण कर सकें वैसे स्थानों पर ही हेलीकॉप्टर और ड्रोन से सीड बॉल उपर से गिराए जाएंगे। सीड बॉल मिट्टी से बने गेंद होते हैं, जिनमें पौधों के बीज होते हैं। हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल पौधों को लगाने के लिए एक नया तरीका है, जो खासकर उन जगहों पर उपयोगी है जहां जमीन तक पहुंचना मुश्किल है या पारंपरिक तरीकों से पौधरोपण करना संभव नहीं है। यह तकनीक पौधों की संख्या बढ़ाने, जंगल में घनत्व को बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। खासकर ऐसे इलाकों में जहां हरियाली कम हो गई है। इस तरीके की मदद से 5 लाख से अधिक फलदार पौधे लगाए जाएंगे। दुर्गम इलाकों में हरियाली लाने में हेलीकॉप्टर व ड्रोन से पौधरोपण करने के कई फायदे हैं। जैसे हेलीकाप्टर और ड्रोन उन जगहों तक पहुंच सकते हैं जहां पैदल जाना या अन्य तरीकों से पौधरोपण करना मुश्किल है, जैसे कि पहाड़ या ढलान। वहां इस तरीके से पौधरोपण जल्दी होता है और प्रभावी ढंग से होता है। पौधे लगाने में ड्रोन का इस्तेमाल पारंपरिक तरीकों की तुलना में कम लागत वाला हो सकता है। जहां कम पौधे हैं या जंगल कम हो गए हैं, वैसे स्थानों को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम अंसारी कहते हैं कि कई कंपनियां जो कि ड्रोन का उपयोग करके बड़े क्षेत्रों में वनीकरण के लिए पौधे लगा रही है। इस संबंध में उन्होंने क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक स्मिता पंकज से विचार विमर्श किया। सहमति मिलते ही उन्होंने प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेज दिया है। स्वीकृति मिलते ही सबसे पहले अपना ड्रोन खरीदा जाएगा। इसके बाद हेलीकाप्टर का उपयोग किया जाएगा।डीएफओजमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम अंसारी ने बताया कि उन्होंने निश्चय किया है कि जमशेदपुर के जंगलों में फलदार पौधे लगाया जाएं।

### बीबीएमकेयू में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण,

# राज्यपाल और सीएम हेमंत सोरेन हुए शामिल



**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को पूर्व घोषित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप राज्यपाल संतोष गंगवार और विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से बीबीएमकेयू परिसर में स्थापित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। कुलपति ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सांसद सीपी चौधरी, विधायक राज सिन्हा, जयराम महतो, अरूप चटर्जी, जयमंगल सिंह, शत्रुघ्न महतो, चंद्रदेव महतो, उमाकांत रजक, मथुरा महतो और पूर्व मंत्री बेबी देवी उपस्थित रहे।

**शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने का काम किया: सीएम हेमंत सोरेन:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान और उनके नाम को सजाने के काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दिन का लंबे समय से उन्हें और सभी को इंतजार था। सीएम ने कहा कि इस राज्य की जो भौगोलिक संरचना है, उसके अनुरूप शिक्षा व्यवस्था के लिए नई-नई पहल की जा रही है। सीएम ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने का काम किया है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि 2014 के कार्यकाल में हजारीबाग विश्वविद्यालय से हटाकर कोयलांचल में एक अलग विश्वविद्यालय बने, इसकी परिकल्पना उन्होंने ही की थी। आज बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय झारखंड के बच्चों के भविष्य को निखारने में निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं यह राज्य एक आंदोलन की उपज है। राज्य को अलग करने के लिए मूलवासियों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

**राज्य के चौक चौराहे वीर सपूतों के नाम से जाना जाता है: सीएम हेमंत सोरेन :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के अंदर अलग-अलग गली कस्बों और चौक-चौराहों को हमारे वीर सपूतों के नाम से जाना जाता है। कहीं उनकी मूर्तियां हैं तो कहीं फोटो लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे चौराहे हैं, जो आज भी महापुरुषों की मूर्ति लगने का इंतजार कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो का सपना आज पूरा होता हुआ दिख रहा है। सीएम ने बिनोद बिहारी महतो के ऐतिहासिक पहलुओं के बारे में मंच से लोगों को बताया।

**संसद में बिनोद बिहारी के साथ रहे: राज्यपाल संतोष गंगवार :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल सतोष गंगवार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को और भी आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि वे बिनोद बिहारी के साथ संसद में रहे। राज्यपाल ने कहा कि वे बिनोद बिहारी और उनके परिवार के साथ अच्छे से परिचित हैं। उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी महतो की सक्रियता और सोच का परिणाम है। उन्होंने समाज में शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को यह स्मरण कराते रहेगी। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि उच्च शिक्षा में राज्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। लेकिन उम्मीद है कि यह विश्वविद्यालय इस दिशा में बेहतर करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में देश कैसे आगे बढ़े लोगों की इसकी चिंता होनी चाहिए। विद्यार्थियों का कार्य पढ़ना, शिक्षक का कार्य उन्हें पढ़ाना और अधिकारियों का कार्य है कि वे पुल की तरह काम करें।

## झारखंड में उच्च माध्यमिक शिक्षा के नामांकन अनुपात से बढ़ी केंद्र की चिंता, जीईआर 50 फीसदी से भी कम



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में उच्च माध्यमिक शिक्षा (11वीं-12वीं) में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) महज 41.3 प्रतिशत है। हालांकि, स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर झारखंड में नामांकन अनुपात राष्ट्रीय औसत से कम है, लेकिन उच्च माध्यमिक स्तर पर यह काफी कम है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने इसमें सुधार को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश राज्य सरकार को दिए हैं। समग्र शिक्षा अभियान के चालू वित्तीय वर्ष के बजट स्वीकृति को लेकर केंद्र में हुई प्रोग्राम अप्रूवल बोर्ड (पैब) की बैठक में झारखंड में स्कूली शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात की स्थिति पर चिंता प्रकट की गई।

साथ ही नामांकन अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में यह बात सामने आई कि झारखंड के विद्यालयों में में निचली कक्षाओं में तो नामांकन अनुपात ठीक रहता है, लेकिन ऊपरी कक्षाओं में अनुपात में गिरावट आने लगती है। प्लस टू स्तर पर तो नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत से भी कम रह जाता है। केंद्र ने राज्य में ड्राप आउट में भी कमी लाने के निर्देश दिए हैं।

झारखंड के उत्क्रमित प्राथमिक शिक्षा स्तर पर ड्राप आउट रेट नौ प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 5.2 प्रतिशत ही है।

## रांची टाटा रोड पर मिले बाघ के पंजों के निशान, वन विभाग चला रहा सर्च अभियान



**खूंटी , एजेंसी।** रांची-टाटा मेन रोड पर बाघ के पंजो के निशान मिले हैं। इससे लोगों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग की टीम लगातार जंगलों में सर्च अभियान चला रही है। वहीं ग्रामीण भयभीत हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, 10 दिनों के बाद फिर से विभाग को बाघ की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसपर वन विभाग ने पूरी सतर्कता के साथ रांची टाटा मुख्य मार्ग के किनारे जंगलों में सर्च अभियान चलाया। जहां एनएच 33 स्थित रईसा मोड़ के हर्बल जंगल के पास बाघ के पगमार्क मिले। सड़क किनारे पगमार्क मिलने की सूचना पर ग्रामीण भयभीत हैं। खूंटी वन प्रमंडल के वनकर्मियों को सूचना मिली थी कि बाघ रांची प्रमंडल के जंगल से निकलकर रांची टाटा मुख्य मार्ग को पार कर फिर से रांची वन प्रमंडल के जंगल की ओर चला गया है। सूचना पर वनपाल प्रभात कुमार पाढ़ी, नितेश केशरी, रोशन श्रीवास्तव, अनल सिंह मुंडा, सिप्रिन टूटी व वन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मौके पर बाघ के दर्जनों पंजों के निशान मिले, जिससे बाघ के मौजूद होने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि अभी तक किसी ने बाघ को नहीं देखा है। इसके बावजूद वन विभाग पूरी सतर्कता के साथ बाघ की खोज कर रहा है। अब तक वन विभाग की टीम को बाघ नहीं मिला है और न ही किसी ग्रामीण ने उसे देखा है। 20 दिन पहले खूंटी के मारंगहादा के जंगलों में दो जानवरों को खाने के बाद बाघ ने रांची के नामकुम इलाके में एक जानवर का शिकार किया था। उसके बाद बाघ ने किसी जानवर का शिकार नहीं किया। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघ जंगल में मौजूद जानवरों का शिकार कर उन्हें खा रहा है। 10 दिन बाद फिर से बाघ की मौजूदगी की सूचना पर वन विभाग पूरी तरह अलर्ट है और आसपास रहने वाले ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। बाघ के पगमार्क मिलने की पुष्टि करते हुए खूंटी प्रमंडल के रेंजर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग को बाघ के पगमार्क मिलने की सूचना मिली है।

## आंधी-पानी से ब्लैक आउट जैसे हालात:कई लाइन ब्रेक डाउन



**रांची, एजेंसी।** दिन में एक घंटे की आंधी-बारिश एवं आउट ने एक बार फिर से रांची की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को आउट कर दिया। बिजली आपूर्ति उपकरणों को भारी क्षति पहुंचाई। रांची के कई इलाकों में इसके बाद ब्लैक आउट जैसे हालात रहे। देर रात तक कई क्षेत्रों में बिजली बहाल नहीं हो सकी। 33 केवी सिरमो लाइन के बिजली खंभे हवा में उड़ गए। इसके कारण बीआईटी, विकास व आसपास के क्षेत्र में देर रात तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। जेबीवीएनएल के इंजीनियर और कर्मी की टीम बिजली खंभे को फिर से खड़ा करने के प्रयास में जुटी रही। मगर इसमें काफी समय लगने के कारण देर रात तक बिजली चालू नहीं की जा सकी। यही हाल 11 केवी एयरपोर्ट फीडर और एदलहातू क्षेत्र का रहा।

एयरपोर्ट फीडर से पूरे हिनू इलाके में पहले लाइन ब्रेकडाउन होने के कारण दो बजे तक फिर बारिश शुरू होने के बाद रात साढ़े बजे तक बिजली नहीं रही। 33 हजार कांके-राजभवन लाइन ब्रेक डाउन होने के कारण राजभवन के कई फीडर और कांके के कई फीडर रोटेशन के तहत चले। देर रात इसे दुरुस्त करके बिजली बहाल की जा सकी। यह फॉल्ट मोरहाबादी के निकट आया था।

मौसम-बिजली की मार : वाटर सप्लाई में अघोषित राशनिंग की स्थिति

बारिश, आंधी के कारण उत्पन्न बिजली संकट ने वाटर सप्लाई पर भी अघोषित राशनिंग की स्थिति बना दी है। एक दिन बीच कर शहर में वाटर सप्लाई हो रही है। मंगलवार को रूक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में मामूली पावर कट को छोड़ बिजली आपूर्ति सामान्य रही। मामला प्रकाश में आने के बाद वाटर सप्लाई की स्थिति में सुधार देखा गया।

कहां क्या हुआ, कौन से क्षेत्र रहे प्रभावित

11 केवी एवं 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन होने से कतारी बगान चुटिया, शारदा बाबू लेन रातू रोड, चुट्टू, नीमटांड़, आयशा नगर, चर्च रोड आदि इलाके प्रभावित रहे।

33 हजार कांके- राजभवन लाइन ब्रेक डाउन हो गया। इसके कारण राजभवन के वीआईपी फीडर को छोड़ अन्य सभी फीडर को रोटेशन के तहत बिजली मिली।

कोकर साधु मैदान के पास आंधी में पेड़ बिजली तार पर गिर गया। जिससे कोकर क्षेत्र में बिजली ठप रही। मरम्मत के नाम पर थड़पकना, खोरहा टोली में बिजली नहीं रही।

6सिरमो फीडर के 33 हजार केवी के पोल गिर गए, नया पोल लगाने का काम शाम में शुरू हुआ। बीआईटी, विकास के बड़े एरिया में देर रात तक बिजली नहीं रही।

# चतरा के कटिया गांव में गहराया जल संकट, दूषित पानी पीने से बढ़ा बीमारियों का खतरा



**चतरा, एजेंसी।** झारखंड में भीषण गर्मी जारी है. पारा लगातार चढ़ रहा है. जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल यानी पानी का संकट गहराता जा रहा है. चतरा के लावालौंग प्रखंड के अंतर्गत कटिया कटहल टोला में पानी की समस्या ने ग्रामीणों की जिंदगी को मुश्किल में डाल दिया है. भीषण गर्मी के दौर में जहां हर तरफ जल संकट हावी है, दूसरी ओर कटिया गांव के लोग न केवल पीने के लिए स्वच्छ पानी से वंचित हैं बल्कि नहाने, खाना बनाने और बर्तन धोने जैसे दैनिक कार्यों के लिए भी नदी और चुआं में मौजूद दूषित पानी पर निर्भर हैं. यह स्थिति न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना, इस क्षेत्र में कितनी विफल रही है।

ग्रामीणों की शिकायतें, अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदारों के गैर जिम्मेदाराना रवैये ने समस्या को और गंभीर बना दिया है. कटिया गांव का हरिजन टोला, जहां पर दर्जनों परिवार रहते हैं, पानी की कमी से जूझ रहा है. ग्रामीण एकमात्र चूआं पर निर्भर हैं जो नदी के किनारे स्थित है. इस चूआं का पानी न केवल दूषित है, बल्कि इसे हासिल करने के लिए, ग्रामीणों को आधा किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

गांव में रहने वाले परमेश्वर भुइयां, अमित भुइयां, जगनी देवी और बसंती देवी जैसे ग्रामीणों ने बताया कि दूषित पानी का उपयोग वह न केवल पीने के लिए करते हैं, बल्कि खाना बनाने और बर्तन धोने जैसे कार्यों के लिए भी कर रहे हैं. महिलाओं को विशेष रूप से नहाने और धोने के लिए, नदी तक का लंबा सफर तय करना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित होती है।

गांव में रहने वाली ललिता देवी ने बताया कि सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत जल मीनार और नल जल योजना की शुरुआत तो की है, लेकिन ठेकेदारों ने पुराने बोरिंग में ही मोटर सेट कर दिया. जिसके कारण न तो चापाकल से पानी मिल रहा है और न ही जल मीनार से. इस वजह से गांव में लगे चापाकल और जलमीनार बंद हैं. उन्होंने बताया कि जलस्तर के नीचे चले जाने से यहां की स्थिति और भी भयंकर हुई है।

इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि उनकी आवाज प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती है क्योंकि उनकी कोई खास पहुंच नहीं है. मीना और अनीता देवी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जल मीनार लगने के बावजूद उन्हें एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ है. जल जीवन मिशन, जिसे केंद्र सरकार ने 15 अगस्त 2019 को शुरू किया था, का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है।

इस योजना के तहत पाइपलाइन और जल मीनार जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं लेकिन कटिया गांव की स्थिति, इस योजना की विफलता को उजागर करती है. ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार और चापाकल तो लगाए गए लेकिन रखरखाव और तकनीकी खामियों के कारण ये सुविधाएं बेकार हो चुकी हैं. गांव के ही अमित कुमार बताते हैं कि नेता, चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद गांव की सुध लेने नहीं आते हैं।

दूषित पानी पीने के कारण गांव में कई बीमारियां भी फैल रही हैं, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है. इधर मीना देवी ने कहा कि सुबह होते ही पानी की समस्या सताने लगती है. दूषित पानी से खाना बनाना, उनकी मजबूरी बन चुकी है. उन्होंने सरकार से अपील की है कि गांव में कम से कम एक चापाकल उपलब्ध कराया जाए, ताकि स्वच्छ पानी की समस्या कुछ हद तक कम हो सके।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी में मारी जोरदार टक्कर, भाजपा नेता की हुई मौत



**कर्रा, एजेंसी।** कर्रा-गोविंदपुर मुख्य सड़क पर जरियागढ़ थानांतर्गत तिलमी बाजारटांड़ के समीप सोमवार शाम लगभग 5=15 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से भाजपा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय रामध्यान सिंह तिलमी बाजार से अपनी स्कूटी से अपने घर मास्को लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी को पीछे से अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता को तत्काल 108 एंबुलेंस से सीएचसी कर्रा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही कर्रा बीडीओ स्मिता नागेशिया, सीओ वंदना भारती, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद सोनी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, शिवकुमार सिंह, बालकिशून महतो, अखिलेश गोप, रिंकू भगत सहित सैकड़ों लोग सीएचसी कर्रा पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुए दुख जताया।जानकारी के अनुसार स्कूटी को चपेट में लेने वाला बोलेरो वाहन दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल का है। बोलेरो में स्कूटी का आधा भाग घुसा हुआ है। बोलेरो चालक को जरियागढ़ थाना की पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को जब्त कर लिया है।मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के रामध्यान सिंह की गिनती क्षेत्र में एक अच्छे नेता के रूप में थी। भाजपा के वे समर्पित कार्यकर्ता थे।

# झारखंड में जेएमएम को मिल गया बीजेपी के खिलाफ बड़ा हथियार ! अब इस मुद्दे पर हेमंत सरकार बिछाएगी जाल



**रांची, एजेंसी।** आदिवासियों की मिनी असेंबली कही जाने वाली जनजातीय परामर्शदातृ पर्षद (टीएसी) की बैठक बुधवार, 21 मई को निर्धारित है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

इस बैठक से भाजपा ने दूरी बना ली है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल के अधिकारों को दरकिनार कर टीएसी का गठन किया गया है। पूर्व में भी भाजपा टीएसी की बैठक का बहिष्कार करती रही है।

आदिवासियों के विविध मसले पर होने वाली बैठक से भाजपा की दूरी ने सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को भाजपा पर प्रहार करने का हथियार दे दिया है।

झामुमो आदिवासियों की अनदेखी का आरोप भाजपा पर लगाती रही है। चुनावों में भाजपा आदिवासी सुरक्षित सीटों पर बुरी तरह पिट चुकी है।

पिछले वर्ष संपन्न लोकसभा चुनाव में सभी पांच आदिवासी सुरक्षित सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

28 में से सिर्फ एक आदिवासी सुरक्षित सीट पर भाजपा प्रत्याशी को सफलता मिली। टीएसी की बैठक से भाजपा की दूरी पर झामुमो ने कहा है कि भाजपा का कदम आश्चर्यजनक नहीं है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को आदिवासियों-मूलवासियों से परेशानी है। आदिवासी हित की बजाय इनकी नजर सिर्फ आदिवासियों की जमीन पर रहती है। यही कारण है कि रघुवर दास के शासनकाल में सीएनटी-एसपीटी एक्ट से छेड़छाड़ की कोशिश की गई। प्रबल विरोध के कारण भाजपा अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो पाई।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि भाजपा ने आदिवासी परामर्शदातृ समिति (टीएसी) की बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

टीएसी का गठन सदैव राज्यपाल के संरक्षण में करने की परंपरा रही है, जिसे इस राज्य सरकार ने तोड़ दिया है। कहने को तो यह संस्था आदिवासियों के हित में निर्णय लेकर सरकार को परामर्श देने के लिए बनी है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में टीएसी की बैठकों का कुछ खास परिणाम नहीं दिख रहा है।

टीएसी में सरकार के पास बहुमत है, लेकिन फिर भी कई वर्षों से पेसा समेत आदिवासी समाज के कई मामलों का फंसे रहना सरकार के ढुलमुल रवैये को दर्शाता है।

# रांची में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी पूरी, 25 मई को 48 केंद्रों पर होगी परीक्षा



**रांची, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई. राजधानी के मोरहाबादी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में ब्रीफिंग बैठक की अध्यक्षता दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने की. रांची जिला में कुल 48 परीक्षा केंद्रों पर 25 मई को यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी. आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को समय पर प्रश्नपत्र, उत्तरपुस्तिकाएं और अन्य दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से संबंधित केंद्रों तक पहुंचाने व वापस जीपीओ में जमा कराने का निर्देश दिया।

इस बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी केंद्रों पर विधि-व्यवस्था के लिए स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ चार पुलिस बल, एक महिला समेत विशेष पुलिस टीम तैनात रहेगी. मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

इसको लेकर रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि परीक्षा के दौरान यूपीएससी के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन हो. इसके साथ ही सभी जरूरी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, ओ आर एस व नींबू पानी हर केंद्र पर उपलब्ध हो. सभी परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय निरीक्षण पदाधिकारियों को दी गई है. परीक्षा के बाद उपस्थिति विवरणी, जैमर रिपोर्ट और निरीक्षण प्रतिवेदन नियंत्रण कक्ष में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. यूपीएससी परीक्षा के लिए के. श्रीनिवासन, मनोज कुमार और उमा शंकर सिंह को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया है. इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला दंडाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

# शांति की आस

रूस और यूक्रेन पिछले तीन साल में युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत के इतने करीब कभी नहीं पहुंचे। यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में गुरुवार को जब दोनों देश आमने-सामने होंगे, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस लड़ाई को रुकवाने के लिए कोई हल निकल आएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी इस दौरान तुर्किये में मौजूद रहने के संकेत दिए हैं, जो सकारात्मक कहा जा सकता है। इस बार उम्मीद ज्यादा इसलिए है, क्योंकि मुलाकात का प्रस्ताव रूस की तरफ से आया है। यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने रूस के सामने 30 दिनों के संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा था। मॉस्को ने इसे तो अस्वीकार कर दिया, लेकिन कहा कि वह सीधी बातचीत के लिए तैयार है। अभी तक रूस और यूक्रेन के बीच किसी न किसी मध्यस्थ की मौजूदगी जरूर रही है। पहली बार यह मुलाकात सही अर्थों में द्विपक्षीय होगी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन इसमें खुद मौजूद रहते हैं या उनका कोई प्रतिनिधि जाता है, इस बारे में मॉस्को ने अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, पर उसका वार्ता की मेज तक पहुंचना ही बड़ा डिवेलपमेंट है। रूस और यूक्रेन अगर इस स्थिति तक पहुंचे हैं, तो इसमें ट्रंप की भूमिका से इनकार नहीं कर सकते। दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभालने के पहले से ही उन्होंने युद्ध रुकवाने की बात कहनी शुरू कर दी थी। यूक्रेन को लेकर ट्रंप और उनके डेप्युटी जेडी वेंस के रवैये की आलोचनाओं के बावजूद यह मानना होगा कि अमेरिका ने हिचक तोड़कर रूस से सीधी बात की। उसने सभी पक्षों पर लड़ाई रोकने का दबाव बनाया है। इस सीधी मुलाकात के लिए भी जब रूस की तरफ से प्रस्ताव आया तो ट्रंप ने यूक्रेन को सुझाव दिया कि उसे तुरंत इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। यूरोप चाहता था कि सीजफायर स्वीकार न करने की स्थिति में रूस पर नए प्रतिबंध लगाए जाएं और अमेरिका इसमें साथ दे। जब यूक्रेन से ट्रंप नाराज हो गए थे, तब भी यूरोप उसके साथ खड़ा रहा। ऐसे में बातचीत भले आमने-सामने की हो, लेकिन इसमें यूरोप का पहलू जरूर शामिल होगा। उम्मीदें बहुत हैं, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम तभी मिलेगा, जब रूस-यूक्रेन समझौते को लेकर प्रतिबद्धता दिखाएं।

# 'दोस्त' ने की 'सिन्दूर' में गद्दारी

(डॉ. रवीन्द्र अरजरिया)

'आपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को सबक सिखाने के बाद अब उसके सहयोगियों को देश ने सबक सिखाना शुरू कर दिया है। इस श्रंखला की पहली कडी है तुर्किये। उल्लेखनीय है कि विगत 6 फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता वाला सदी का सबसे शक्तिशाली भूकम्प आया था। इस आपदा में 60 हजार से अधिक लोगों के हताहत होने, लगभग 1.50 लाख भवनों के धूलधूसित होने तथा 15 लाख से ज्यादा लोगों के बेघर होने की स्थिति निर्मित हुई थी। तब मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भारत ने 'आपरेशन दोस्त' चलाया था। सबसे पहले भारत ने ही सहायता पहुंचाई थी जिसमें राहत सामग्री भरकर सी-17 श्रेणी के 6 विमान तथा चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाइयों से सुसज्जित सुपर हरक्यूलिस श्रेणी का विमान भेजे गये थे। इसके अलावा भारतीय सेना के 250 जवानों सहित एनडीआरएफ के 50 दक्ष सेवाकर्मियों के दलों को भी सहायतार्थ पहुंचाया गया था। चिकित्सा जगत के 99 भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने तुर्किये में 30 बिस्तरों का फील्ड अस्पताल बनाकर वहां के 4 हजार से अधिक मरीजों की सर्जरी, क्रिटिकल केयर, आपरेशन के साथ साथ अन्य जटिल आपातकालीन इलाज किया था। कपडे, टैंट, बचाव उपकरण, जनरेटर्स, एक्सरे मशीन, वैन्टिलेटर्स, ईसीजी मशीनें, कम्बल, दैनिक उपयोग की सामग्री, राशन, फल, मेवा, पौषिक आहार, शक्तिवर्धक औषधियों सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी भारत ने भेजी थी। उसी देश ने अहसान फरामोशी का कीर्तिमान स्थापित करते हुए विगत 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए धर्मगत आतंकी हमले के गुनहगार पाकिस्तान पर किये गये 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे खुलकर समर्थन ही नहीं दिया बल्कि हथियारों का जखीरा, सैन्य उपकरण, उपकरणों के आपरेटर्स, कूटनैतिक तथा आर्थिक सहयोग तक मुहैया कराया था। सूत्रों के अनुसार तुर्किये ने पाकिस्तान को 350 से अधिक ड्रोन सहित बेतहाशा गोलाबरूद आदि दिये थे ताकि वह आपरेशन सिंदूर का मुंहतोड जवाब दे सके। इसी क्रम में विगत 4 मई 2025 को तुर्किये नौसेना युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा एफ-512 भी कराची पोर्ट पर सहायतार्थ पहुंच गया था ताकि भारतीय नौसेवा के साथ खुली जंग हो सके। अतीत में भी अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर तुर्किये व्दारा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया जाता रहा है। अब भारत ने तुर्किये के खिलाफ आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक नाकेबंदी हेतु कूटनैतिक प्रयास तेज कर दिये हैं। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, जामिया विश्वविद्यालय सहित देश के अनेक विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों ने तुर्किये के साथ हुए अपने अनेक अनुबंध निलम्बित कर दिये हैं जिससे वहां विकसित हो रही शिक्षा संभावनायें एक झटके के साथ रुक गई। दूसरी ओर दिल्ली, किशनगढ, उदयपुर, चित्तौडगढ तथा सिलवासा के मार्बल व्यवसायियों ने पाक सहयोगी से मार्बल के आयात को पूरी तरह से बंद करने की घोषणा कर दी है। मालूम हो कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 14.5 लाख मीट्रिक टन मार्बल का आयात करता है जिसमें से 10 लाख मीट्रिक टन मार्बल केवल तुर्किये से आता था। इस तरह लगभग 2500 करोड रुपये का कारोबार शून्य पर पहुंच गया। देश के मार्बल व्यापार संगठनों की माने तो वे अब तुर्किये के स्थान पर इटली, वियतनाम, स्पेन, क्रोशिया, नामीबिया तथा ग्रीस जैसे देशों से माल मंगाकर उच्चतमस्तर के विलासतापूर्ण जीवन जीने वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेंगे। इसी तरह देश के फल व्यापारियों ने भी तुर्किये के सेव के आर्डर कैंसिल करना शुरू कर दिये हैं। भारतीय पर्यटकों ने भी इस देश की पूर्व निर्धारित यात्रायें स्थगित करना शुरू कर दीं हैं। आंकडे बताते हैं कि भारतीय पर्यटकों ने गत वर्ष तुर्किये को लगभग 4 हजार करोड का मुनाफा दिया था। तुर्किये के ब्रैंड्स को आनलाइन घायल करने के लिये रिलायंस तथा फ्लिपकार्ट ने भी प्रहार शुरू कर दिये हैं। रिलायंस के आजियो तथा फ्लिपकार्ट के मिंत्रा पर तुर्कीश बैंड्स का सामान आउट आफ स्टाक दिखने लगा है। ज्ञातव्य है कि तुर्किये के ई-कामर्स प्लेटफार्म ट्रेंडयाल के मार्केटिंग राइट्स भारत में खरीदे गये थे। टीओई टेक की रिपोर्ट के अनुसार मिंत्रा ने ट्रेंडयाल पर लिस्टिड सभी तुर्कीश ब्रैंड्स की सेल अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दी है। रिलायंस ने तो तुर्की में स्थापित अपने सारे आफिस बंद कर दिये हैं। भारत सरकार ने तो बडा झटका देते हुए तुर्की की ग्राउण्ड हैंडलिंग सर्विस देने वाली कम्पनी सेलेबी एविएशन की सिक्योरिटी क्लीयरेंस को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। बौखलायी तुर्किये की कम्पनी ने भारत में मौजूद मीर जाफरों की फौज के सहयोग से भारत सरकार के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है ताकि देश के लचीले संविधान की आड में सरकार के राष्ट्रवादी कदमों को रोक जा सके। चुनौती में उसने मानवीय भावनाओं की आड लेते हुए कहा कि सिक्यूरिटी क्लीयरेंस पर लिया गया फैसला बिना किसी तर्क के अस्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर लिया गया है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के कारकों का स्पष्टीकरण नहीं है और न ही इस संबंध में पूर्व में कोई चेतावनी ही दी गई थी। इस फैसले से न केवल 3791 नौकरियों पर असर पडेगा बल्कि विदेशी निवेशकों का विश्वास भी डमगाएगा। इस चुनौती को आधार बनाकर एक बार फिर विपक्ष मुखरित हो उठा है। आधिकारिक आंकडे बताते हैं कि कच्चा पेट्रोलियम, सोना, विमान, ग्रेनाइट, संगमरमर, सेब आदि का आयात तथा एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स, आटो कंपोनेंट, विमान, टेलीकाम इक्विपमेंट्स आदि का निर्यात तुर्किये के साथ किया जाता है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के मध्य तुर्किये को भारत का कुल निर्यात 14.8 प्रतिशत घटकर 5.12 बिलियन डालर रहा जबकि आयात 17. 25 प्रतिशत बढकर 2.8 बिलियन डालर पहुंच गया था। गत शुक्रवार को सीएआईटी व्दारा आयोजित बिजनेस लीडर्स का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें देश भर के 125 से अधिक प्रमुख दिग्गजों ने भाग लिया था। उस सम्मेलन में तुर्किये और अजरबैजान के साथ यात्रा, पर्यटन, व्यापार, वाणिज्य, तकनीक आदि सभी क्षेत्रों के जडाव का बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। सरकारी संस्थाओं से लेकर निजी संगठनों तक ने 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान आतंकी देश पाकिस्तान के सहयोगी राष्ट्र तुर्किये पर प्रहार पर प्रहार करने शुरू कर दिये हैं। ऐसे में पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने हेतु निकलने वाले मल्टी पार्टी डेलिगेशन के शशि थरूर (कांग्रेस), रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय झा (जदयू), बैजयंत पंडा (भाजपा), कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके), सुप्रिया सुले(एनसीपी) तथा श्रीकान्त शिन्दे (एनसीपी) का विश्वव्यापी दौरा निश्चय ही आने वाले समय में पाकिस्तान को आतंकिस्तान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

*आंकडे बताते हैं कि भारतीय पर्यटकों ने गत वर्ष तुर्किये को लगभग 4 हजार करोड का मुनाफा दिया था। तुर्किये के ब्रैंड्स को आनलाइन घायल करने के लिये रिलायंस तथा फ्लिपकार्ट ने भी प्रहार शुरू कर दिये हैं। रिलायंस के आजियो तथा फ्लिपकार्ट के मिंत्रा पर तुर्कीश बैंड्स का सामान आउट आफ स्टाक दिखने लगा है।*

# सरकारी तंत्र की नाकामी या संगठित अपराध का जाल?

हरियाणा में इस वर्ष के शुरुआती तीन महीनों में ही चार हजार एक सौ लोगों के लापता होने की खबर चिंताजनक है। इससे राज्य के सुरक्षा इंतजाम और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठते हैं। एक राज्य में रोजाना औसतन पैंतालीस लोगों का गुम हो जाना और उनका फिर कभी न मिलना एक ऐसी त्रासदी है, जो न केवल सरकारी तंत्र की नाकामी को दर्शाता, बल्कि एक ऐसी जटिल समस्या का सूचक भी है, जो कई स्तरों पर प्रभावित परिवारों और लोगों पर गहरा असर डाल रहा है।गौरतलब है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के गुम हो जाने के अलावा एक हजार से ज्यादा लोगों के अपहरण के मामले भी सामने आए हैं। ये आंकड़े किसी भी जिम्मेदार सरकार को विचलित करने वाले होने चाहिए। यही वजह है कि एक रपट पर स्वत- संज्ञान लेते हुए हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने राज्य की पुलिस को नोटिस जारी कर आठ हफ्ते के भीतर इस मसले पर जवाब मांगा है। आयोग ने सख्त टिप्पणी की है कि ये आंकड़े सार्वजनिक सुरक्षा तंत्र के विफल होने की गंभीर स्थिति को दर्शाते हैं।यह समझना मुश्किल नहीं है कि जो लोग गुम हो जाते हैं, उनके परिवारों को किस गंभीर मानसिक आघात का सामना करना पड़ता होगा। खासकर तब, जब उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उनके जो प्रियजन गुम हो गए, वे जीवित हैं या नहीं। मानवाधिकार आयोग की टिप्पणी बिल्कुल सही है कि यह गहन मानवीय पीड़ा और संकट की स्थिति को दर्शाता है।यह छिपा नहीं है कि लापता हो जाने वाली महिलाएं, बच्चे और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लोग मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी, यौन शोषण, देह व्यापार और अवैध अंग व्यापार जैसी आपराधिक गतिविधियों का शिकार हो जाते हैं। जाहिर है, यह सिर्फ बड़ी संख्या में रोजाना बच्चों, महिलाओं और अन्य लोगों के लापता होने का मामला नहीं, बल्कि इसका सिरा एक व्यापक और संगठित अपराध-तंत्र से जुड़ा दिखता है।

# यह ग्लेशियर की मौत की शोकसभा नहीं अपितु भावी संकट का है संकेत

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

जब कोई ग्लेशियर इस हालात में आ जाता है कि उसका मूवमेंट ही लगभग समाप्त हो जाता है तो वह ग्लेशियर मृत श्रेणी में आ जाता है। दुनियाभर में ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज बढ़ती जा रहे हैं। ग्लेशियरों के पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। अभी दो चार दिन पहले ही भारत, भूटान, नेपाल और चीन के चुनिंदा ग्लेशियलोजिस्टों ने समुद्र तल से करीब 5100 मीटर उंचे याला ग्लेशियर के मौत की अनोखी शोकसभा का आयोजन कर दुनिया के देषो को ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के प्रति सावचेत करने का प्रयास किया है। हांलाकि किसी ग्लेशियर की मौत की विधिवत घोषणा और मातम सभा के आयोजन का यह कोई पहला मौका नहीं है। पिछले सात सालों में यह तीसरा मौका है जब ग्लेशियर की मौत की शोक सभा का आयोजन और उस स्थल पर पट्टिका लगाने का काम हुआ है। इससे पहले 2019 में आइसलैण्ड के ओक और 2021 में मैक्सिको के ओयोलोको ग्लेषियर के मौत की शोकसभा का आयोजन किया जा चुका है। ग्लोबल वार्मिंग दुनिया को किस दिशा में ले जा रही है और किस तरह के प्रभाव हमें पिछले सालों से लगातार देखने को मिल रहे हैं उनमें से ग्लेशियरों के नष्ट होना तो केवल और केवल एक पक्ष मात्र है। जबकि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों के पिघलने के बारे में विशेषज्ञ वैज्ञानिक लगातार सावचेत करते रहे हैं। जब कोई ग्लेशियर इस हालात में आ जाता है कि उसका मूवमेंट ही लगभग समाप्त हो जाता है तो वह ग्लेशियर मृत श्रेणी में आ जाता है। दुनियाभर में ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज बढ़ती जा रहे हैं। ग्लेशियरों के पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। समुद्र के जल स्तर के बढ़ने के कारण समुद्र किनारे के कई शहरों के सामने डूबने का संकट दिखाई दे रहा है। यह तो केवल एक पहलू है। ग्लोबल वार्मिंग और ग्लेशियरों के पिघलने के कारण सूखा, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तापमान में अत्यधिकता जैसे साल दर साल गर्मी में तेजी और असमय तेज गर्मी, तेज वर्षात और तेज सर्दी प्रभावित कर रही है। जंगलों में आग के कारण जिस तरह से जंगल और जंगल की जीव विविधता प्रभावित हो रही है और जंगल रेगिस्तान में तब्दील हो रहे हैं यह अपने आपमें गंभीर है। इसी तरह से मौसम में अनावश्यक बदलावों के कारण नई नई बीमारियों के साथ ही विलुप्त बीमारियां जैसे मलेरिया और वायरस जनित बीमारियों का बढ़ता प्रकोप, दवाओं की असरता कम होना और ना जाने इस तरह के क्या क्या परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं यह आज सारी दुनिया के सामने हैं। ग्लोबल वार्मिंग के चलते सूखा और रेगिस्तान का विस्तार लगातार होता जा रहा है। पिछले सालों में दुनिया के देशों में चक्रवातों का चक्र तेजी से बदला है और तूफानों की तीव्रता और फ्रिक्वेंसी में तेजी आई है। इसके साथ ही भूकंपों की सक्रियता बढ़ रही है। अब तूफान और भूकंपों की फ्रिक्वेंसी तो इस कदर बढ़ गई है कि कब भूकंप आ जाये और कब समुद्र तट की और बढ़ते तूफान की घोषणा हो जाए यह आये दिन देखने को मिल रहा हे। दुनियाभर के देश ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों से प्रभावित है। जिस तरह के बडे बड़े सम्मेलनों में दुनिया के नेता ग्लोबलवार्मिंग को लेकर चिंतन मनन को जुट तो जाते हैं पर परिणाम अभी तक जो सामने दिखाई दे रहे हैं पह गंभीर संकट की और साफ इशारा समझने की आवश्यकता है। दरअसल जिस तरह का ग्लोबल वार्मिंग का असर देखा जा रहा है उससे यह माना जा रहा है कि लाख प्रयासों के बावजूद 9 लाख ट्रिलियन टन बर्फ के पिघलने की संभावना वैज्ञानिकों द्वारा बार बार की जा रही है। मौसम में हर दूसरे तीसरे दिन बदलाव और चरम मौसम के हालात गंभीर है। रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है तो सूखे की संभावनाएं अधिक हो गई है। बीमारियों के नित नए वेरियंट सामने आ रहे हैं तो कीटाणुओं की सक्रियता और उनका असर साफ देखा जा सकता है। ऐसे में एक और दुनिया के देशों को ढुलमिल नीति त्यागकर ठोस प्रयास करने होंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5738

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5737

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 5738

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | |
| ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| | ■ | ■ | 17 | | | ■ | 18 |
| 19 | 20 | | | ■ | 21 | 22 | |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. मजदूर दिवस इस महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है (2)
3. पुराणानुसार एक प्रकार का सत्त जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वों ने दुहा था (2)
6. नहाने की क्रिया, स्नान (3)
8. भय, खौफ, भीत (2)
9. पिता, पैदा करने वाला (3)
10. श्राद्धपक्ष, पितृपक्ष (4)
12. गुलामी, दास का कार्य (3)
13. वाक्य, का अपभ्रंश, शब्द, वाणी (2)
14. एक देवर्षि जो ब्रह्मा के मानस पुत्र कहलाए (3)
15. सामने, उपस्थित, गोचर (3)
17. तल रहित, बिना पेंदे का (3)
19. शास्त्रीय संगीत में ताल का एक प्रकार (4)
21. साधारण, सामान्य (3)
23. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया पदार्थ, टेलीग्राम (2)
24. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)

**ऊपर से नीचे**

1. केवल, निरा, मात्रा, सिर्फ (3)
2. विश्वनीय, सच्चा (5)
3. नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी जिसे नेपाल में नारायणी और सत्पगंडकी कहा जाता है (3)
4. पकड़ना, थामना (3)
5. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
7. अभिप्राय, मतलब (4)
11. झरोखा, खिड़की (3)
14. कोमलता, नरमी (4)
15. पदार्थ का मूल तत्वा, सच्चाई, यथार्थता (2)
16. अधिक मास, पुरूषोत्तम मास (4)
17. पब्लिक, जनता (3)
18. बोझा ढोकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5737 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्या | मा | प्र | सा | द | मु | ख | र्जी |
| मा | ल | वा | ■ | स्त | ■ | ता | ■ |
| च | ■ | स | र | क | ना | ■ | प |
| र | वि | ■ | ह | ■ | र | स | द |
| ण | ■ | इ | म | दा | द | ■ | क |
| शु | भा | ■ | ■ | स | पु | त्र | ■ |
| क्ल | ब | ■ | हु | ■ | रा | य | ता |
| ■ | रा | ह | त | ■ | ण | ■ | ज |

# आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य साथ देगा। कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। यदि आप स्वरोजगार या स्टार्टअप के बारे में सोच रहे हैं, तो शुरुआती निवेश लाभदायक रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को दोहरी जिम्मेदारी मिल सकती है, लेकिन इसके बदले वेतन वृद्धि की उम्मीद बन सकती है। पुराने निवेश से कुछ आय मिल सकती है।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आप अपनी योग्यता और परिश्रम से कार्यस्थल पर सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से प्रभावित होंगे, जिससे निकट भविष्य में पदोन्नति या प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। यदि आप व्यापार में हैं, तो कोई बड़ा ग्राहक जुड़ सकता है जिससे भविष्य में निरंतर लाभ प्राप्त हो सकता है।

### मिथुन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट असंतुलित हो सकता है, विशेषकर यात्रा, गिफ्ट या गाड़ी से जुड़ा खर्च अचानक बढ़ेगा। नौकरी में दबाव बढ़ेगा, लेकिन साथ ही वरिष्ठों से सहानुभूति और सहयोग मिलेगा। व्यापार में यदि साझेदारी है।

### तुला
आज दिन शुभ है और आपकी ईमानदारी और समर्पण का कार्यक्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आपको भाग्य का सहयोग मिलेगा, विशेषकर नौकरी बदलने या प्रमोशन के इच्छुक जातकों को अवसर मिल सकता है। व्यापारियों को किसी पुराने डीलर से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। रियल एस्टेट या लॉजिस्टिक्स से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक तनाव के कारण कार्यक्षेत्र में एकाग्रता की कमी हो सकती है। हालांकि, दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे सुधरेंगी। सरकारी विभागों से जुड़े लोग कोई अवरोध पार कर सकते हैं। नौकरी बदलने का मन बना रहे हैं तो अभी कुछ दिन प्रतीक्षा करें। ग्रह गोचर अभी पक्ष में नहीं है। कोई पुराना भुगतान रुक सकता है।

### धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है। आपकी तर्कशक्ति और स्पष्टता कार्यक्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाएगी। जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें शुभ समाचार मिल सकता है। व्यापारी वर्ग के लिए पुराना निवेश लाभ देना शुरू करेगा। आयात-निर्यात, ई-कॉमर्स या होलसेल से जुड़े कार्यों में नई डील पक्की हो सकती है।

### कर्क
आज दिन आर्थिक मामलों में काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। धन के मामलों में मुश्किल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अकारण आलोचना का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन संयम से काम लें। व्यवसाय में कुछ नए ग्राहक जुड़ सकते हैं जिससे टर्नओवर में बढ़ोत्तरी होगी। गुप्त शत्रु आपकी योजनाओं को विफल करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपको वित्तीय रूप से लाभ प्राप्त होगा। विशेषकर किसी पारिवारिक विवाद में पैसों का मुद्दा उठा सकता है। समाधान होने पर आर्थिक पक्ष भी सुधरेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा सराही जाएगी और कोई बोनस या अतिरिक्त लाभ भी मिल सकता है। व्यापार में कोई पुराना क्लाइंट अचानक लौट सकता है।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन नवाचार और शोध कार्यों के लिए बहुत अनुकूल है। अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो यह सही समय है। उच्च शिक्षा, विदेश यात्रा या मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी का सपना रखने वालों के लिए कोई सूचना मिल सकती है।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा। धन और करियर दोनों ही क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। नौकरीपेशा जातकों को ऑफिस में कोई विशेष ज़िम्मेदारी दी जा सकती है, जिससे छवि मजबूत होगी। व्यापार में साझेदार से तालमेल मजबूत होगा और नई योजनाएं भी बन सकती हैं। कोई पुराना दोस्त या रिश्तेदार निवेश के लिए संपर्क कर सकता है।

### कुंभ
आज हर कार्य बहुत संभलकर करने की सलाह है। व्यवसाय में किसी नए क्लाइंट से डील करते समय पूरी सतर्कता बरतें। कोई शर्त बाद में उलझन पैदा कर सकती है। कार्यक्षेत्र में अपने काम से आज विरोधियों को भी प्रभावित करेंगे। ऑफिस में आपकी मेहनत को नोटिस किया जा रहा है, बस थोड़ा धैर्य रखें। किसी प्रॉपर्टी डील या निवेश की योजना है।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है। धन संबंधी मामलों में ग्रहों की विशेष कृपा है। ऑफिस में आपकी कुशलता और नेतृत्व क्षमता के चलते कोई महत्वपूर्ण परियोजना आपको सौंपी जा सकती है। यह जिम्मेदारी आगे चलकर पदोन्नति में सहायक हो सकती है। शेयर बाजार, सोना-चांदी या रियल एस्टेट में किया गया निवेश लाभदायक रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# तिलक समारोह में जा रहे एक व्यक्ति की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत



निज संवाददाता | गोड्डा

घटना बुधवार रात को गोड्डा जिले के ललमटिया मुख्य मार्ग एक 51 वर्षीय व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान ललमटिया थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी लालजी सोरेन के रूप में हुई है। घटना उस वक्त की है जब वे अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक पारिवारिक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, लालजी सोरेन अपने साढ़ू मंगरा के बेटी के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर रवाना हुए थे। रास्ते में अचानक उनकी टोपी हवा में उड़कर सड़क पर जा गिरी, जिसे उठाने के लिए वे बाइक से उतरकर सड़क पर आए ही थे कि तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप वैन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि लालजी सोरेन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन को मौके से लेकर फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश भी देखा गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बोआरीजोर थाना को दी। सूचना मिलते ही बोआरीजोर थाना प्रभारी ध्रुव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने मौके से कुछ सुराग जुटाए हैं और फरार चालक की तलाश तेज कर दी गई है।

आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि पिकअप वाहन का नंबर और चालक की पहचान की जा सके। वहीं, मृतक लालजी सोरेन के परिवार में इस दुर्घटना के बाद कोहराम मच गया है। परिजन गहरे सदमे में हैं, और गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द फरार चालक को गिरफ्तार किया जाए और मृतक के परिजनों को मुआवजा व सहायता दी जाए। कई लोगों ने यह भी कहा कि ललमटिया मुख्य मार्ग पर अकसर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता। इधर पुलिस ने कहा है कि मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और जल्द ही इस मामले में फरार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही घटना की पूरी जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

## सीमेंट लदे ट्रक ने युवक को कुचला, मौत

निज संवाददाता | गोड्डा

मंगलवार की शाम गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मारखन गांव में एक तेज रफ्तार सीमेंट लदा ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान मारखन गांव निवासी 35 वर्षीय इलियास अंसारी के रूप में हुई है, जो पेशे से मजदूर था और अपने परिवार की रोजी-रोटी का अकेला सहारा था। मिली जानकारी के अनुसार इलियास अंसारी अपने घर के पास स्थित सड़क पार कर रहा था, तभी सरौनी की तरफ से गोड्डा की ओर आ रहे एक सीमेंट लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आने से इलियास गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन को वहीं छोड़कर भाग निकला, लेकिन उपचालक भागने में असफल रहा। आक्रोशित ग्रामीणों ने उपचालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी आनंद साहा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेजा और घायल उपचालक को भी इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इलियास अंसारी की मौत की खबर गांव में फैलते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि मृतक अपने पीछे पत्नी नुरजान बीबी के अलावा तीन बेटियां और दो बेटे छोड़ गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी और अब कमाने वाला एकमात्र सदस्य भी नहीं रहा। पुलिस ने सीमेंट लदे ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आनंद साहा ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और जल्द ही चालक को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि कानून को अपने हाथ में न लें और पुलिस को मामले की निष्पक्ष जांच करने दें। इस दर्दनाक हादसे के बाद एक बार फिर जिले में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ सख्ती की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में ओवरलोड और तेज गति से चलने वाले वाहन गुजरते हैं, जिससे जानमाल की सुरक्षा खतरे में पड़ी हुई है। प्रशासन से यह मांग की जा रही है कि सड़क पर वाहनों की गति पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी और पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल पर नगर पंचायत पदाधिकारी ने लिया संज्ञान

- मानदेय वृद्धि और ईपीएफ कटौती पर बनी सहमति, लेकिन हड़ताल जारी
- बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई कर्मियों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और दिया आश्वासन



निज संवाददाता | महगामा

नगर पंचायत क्षेत्र में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों की मांगों पर विचार को लेकर बुधवार को नगर पंचायत सभागार में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने की, जिसमें मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि बिपिन बिहारी सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि सह प्रखंड कांग्रेस प्रभारी याहया सिद्दीकी, जय सिंह, प्रवीण मिश्रा समेत नगर पंचायत के कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई कर्मियों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और उन्हें आश्वासन दिया कि नगर प्रशासन उनकी जायज़ मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेगा और उनके हित में हरसंभव कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी नगर पंचायत परिवार का एक अभिन्न अंग हैं, जिनकी मेहनत से ही शहर की सफाई व्यवस्था बनी रहती है। लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि नगर पंचायत की सीमित आय एवं वित्तीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए ही कोई निर्णय लिया जा सकता है। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में नगर पंचायत में 108 दैनिक सफाई कर्मी कार्यरत हैं, जिन्हें नियमित रूप से मानदेय का भुगतान किया जा रहा है।

फिर भी सफाई कर्मियों के यूनियन के सचिव सुभाष मेहतर के नेतृत्व में सफाई कर्मी 446 प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय और ईपीएफ की अनिवार्य कटौती की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। नगर प्रशासन ने इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कर्मियों के मानदेय में तत्काल 900 की मासिक वृद्धि करने, हड़ताल के दौरान का वेतन भी देने तथा ईपीएफ के 12% कटौती के साथ 13% अंशदान पंचायत द्वारा वहन करने की घोषणा की। इसके साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई कर्मियों से अपील की कि वे नगर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को देखते हुए अपनी ड्यूटी पर वापस लौट आएं ताकि आम जनता को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। शहर में लगातार कचरे के ढेर लगते जा रहे हैं, जिससे वातावरण दूषित हो रहा है और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। जगह-जगह नालियों की सफाई नहीं हो रही है और कचरे के ढेरों से दुर्गंध फैल रही है, जिससे नगरवासियों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। हालांकि सफाई कर्मियों ने अपनी मूल मांगों के पूरी तरह से मान लिए जाने तक हड़ताल जारी रखने की बात स्पष्ट शब्दों में कही है। उनका कहना है कि जब तक 446 प्रतिदिन का मानदेय और ईपीएफ की पूर्ण व्यवस्था लागू नहीं की जाती, तब तक वे कार्य पर नहीं लौटेंगे। उनका यह भी आरोप है कि नगर प्रशासन बार-बार आश्वासन देता है, लेकिन अमल में ढिलाई बरती जाती है।

# आयुष्मान आरोग्य शिविर में 72 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच, दिखा जागरूकता का उत्साह

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले के शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रौतारा में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर में कुल 72 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें विभिन्न बीमारियों व स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराया गया। इस शिविर में मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप, हीमोग्लोबिन जांच, एएनसी (गर्भवती महिलाओं की जांच), आंखों की जांच, ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, सिकल सेल एनीमिया जांच, टीबी स्क्रीनिंग, मुँह के कैंसर की जांच, परिवार नियोजन, व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता, और डाइट काउंसलिंग जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से सेवा और जानकारी दी गई। इन सेवाओं के साथ ही आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा कार्ड) और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड भी बनाए गए जिससे भविष्य में मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। शिविर में स्टाफ नर्स अर्चना कुमारी, एएनएम पुष्पा कुमारी, रीना कुमारी, जुली कुमारी, अराधना कुमारी, सोनम कुमारी समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आईईसी कॉर्नर के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में न केवल स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं, बल्कि जागरूकता फैलाने का भी बड़ा प्रयास किया गया। इस मौके पर महिला आरोग्य समिति की सदस्यों और शहरी सहिया जैसे सुजाता कुमारी, डिप्टी कुमारी, रजनी कुमारी, प्रेमलता कुमारी, आरती कुमारी, नागोरी देवी और रानी कुमारी ने वार्डों में जाकर लोगों को शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

गोड्डा (नि.सं.)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संचार क्रांति के पुरोधा और भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि आदरणीय राजीव गांधी जी ने इस देश को कंप्यूटर क्रांति और पंचायती राज का अधिकार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वहीं कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ज्योतिंद्र कुमार झा, जिला प्रवक्ता अकबर अली, महासचिव कुंदन ठाकुर, प्रियव्रत झा, अभय जायसवाल, जुगनू अली, सुशीला देवी, सोनी सिंह, राजेंद्र झा आजाद, जयकांत ठाकुर और दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोयला तस्करों के खिलाफ ललमटिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच बाइक व चार टन कोयला जब्त

निज संवाददाता | गोड्डा/ललमटिया



ललमटिया पुलिस ने बुधवार को अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी कर चार टन चोरी का कोयला और पांच बाइक को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई ललमटिया थाना क्षेत्र के हुर्रासी परियोजना अंतर्गत हहाजोर जंगल के पास की गई, जहां से तस्कर चोरी-छिपे कोयले की ढुलाई कर रहे थे। पुलिस की कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, ललमटिया थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि राजमहल परियोजना क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से कोयले की ढुलाई हो रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने ईसीएल के सुरक्षा जवानों के साथ मिलकर संयुक्त टीम गठित की और छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने हहाजोर जंगल के पास से लगभग चार टन कोयला जब्त किया, जिसे पांच अलग-अलग बाइकों के माध्यम से ढोया जा रहा था। पुलिस के आने की भनक लगते ही मौके पर मौजूद सभी तस्कर फरार हो गए।

लेकिन पुलिस ने न सिर्फ कोयला और वाहन जब्त किए, बल्कि तस्करों द्वारा अवैध रूप से जमा किए गए कोयले को जेसीबी मशीन के माध्यम से एकत्र कर उसे भी कब्जे में ले लिया। सूत्रों के अनुसार, इस इलाके में लंबे समय से अवैध कोयला कारोबार फल-फूल रहा था। स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायतें भी सामने आई थीं, लेकिन ठोस कार्रवाई अब जाकर हुई है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से तस्करों के हौसले पस्त हो गए हैं और आसपास के इलाकों में डर का माहौल है। थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार इस तरह की अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, इस पूरी कार्रवाई को लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है और फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की दिशा में प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# महागामा में विशेष रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा/महागामा



मंगलवार को महागामा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसने क्षेत्र में सेवा और मानवता की एक अनोखी मिसाल पेश की। यह शिविर गोड्डा जिले के उपायुक्त के निर्देश पर, महागामा प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अन्य गंभीर रोगियों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था, ताकि किसी भी जरूरतमंद को खून की कमी के कारण अपनी जान न गंवानी पड़े। रक्तदान शिविर की शुरुआत महागामा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० खालिद अंजुम द्वारा रक्तदान कर की गई, जिन्होंने स्वयं रक्तदान कर इस सामाजिक कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई और लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। उनके साथ जय नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक मु० नौशेरवान आदिल ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। इसके अलावा कई अन्य सामाजिक रूप से जागरूक नागरिकों ने भी अपनी स्वेच्छा से रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में योगदान दिया। बताया गया कि अब तक लगभग 15 यूनिट रक्त एकत्र किया जा चुका है और यह शिविर दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की देखरेख में रक्त संग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और वैज्ञानिक ढंग से की जा रही है। इस दौरान रक्तदाताओं की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच भी की जा रही है ताकि रक्तदान करने से पहले उनकी स्वास्थ्य स्थिति सुनिश्चित हो सके।

रक्तदान शिविर में उत्साह और जागरूकता का माहौल देखा गया। लोगों में यह भावना दिखी कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक मानवीय संवेदनशीलता है। रक्तदान किसी अनजान व्यक्ति के जीवन की अंतिम उम्मीद बन सकता है। विशेष रूप से थैलेसीमिया से जूझ रहे मासूम बच्चे और गर्भवती महिलाएं ऐसी श्रेणी में आती हैं, जिन्हें समय-समय पर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में समाज के हर जागरूक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह इस दिशा में आगे आकर सहयोग करें। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उपस्थित लोगों को रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया और बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति साल में दो बार रक्तदान कर सकता है। इससे शरीर पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, बल्कि यह रक्त निर्माण प्रक्रिया को और बेहतर बनाता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर हर व्यक्ति इस नेक कार्य के लिए आगे आए तो रक्त की कमी से किसी की जान नहीं जाएगी। अंत में शिविर के आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की कि वे मानवता की इस महान मुहिम में सहभागी बनें और वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान कर समाज को जीवन देने का प्रयास करें।

## आम तोड़ते समय पेड़ से गिरकर युवक की मौत

हरिहरगंज (नि.सं.)। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव में एक बागीचे में आम तोड़ने के दौरान एक युवक की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान खड़गपुर गांव निवासी कामाख्या सिंह के 35 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार सिंह के रूप में की गई है। यह घटना उस समय घटी जब धीरज अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गांव के ही एक बागीचे में आम तोड़ने गया हुआ था। बताया गया कि धीरज आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा हुआ था। वह काफी ऊंचाई पर चढ़कर आम तोड़ रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे जमीन पर गिर पड़ा। गिरने के बाद धीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर पर कई गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद परिवार वालों ने आनन-फानन में उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे तुरंत औरंगाबाद सदर अस्पताल ले गए, लेकिन दुर्भाग्यवश वहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धीरज की मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार में मातम पसर गया। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

# झारखंड के सभी जिलों में वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत

निज संवाददाता | गोड्डा




झारखंड में खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाते हुए झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं 'आर्ट ऑफ गिविंग' की झारखंड इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के सभी 24 जिलों में एक साथ वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई है। बुधवार 21 मई 2025 को एकसाथ सभी जिलों में इन शिविरों का उद्घाटन किया गया, जिससे खिलाड़ियों में नया जोश और ऊर्जा देखने को मिल रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 10 दिनों तक चलाया जाएगा, जिसमें हर जिले के 30 से 40 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। गोड्डा जिले में भी इस शिविर का जोरदार आगाज़ हुआ है। स्थानीय मैदान पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 40 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव देवाशीष कुमार झा ने बताया कि खिलाड़ियों में शिविर को लेकर काफी उत्साह है और वे पूरे समर्पण के साथ प्रशिक्षण सत्र में भाग ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस शिविर में केवल कौशल नहीं बल्कि खिलाड़ियों के शारीरिक, मानसिक और तकनीकी विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षक खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल की भी ट्रेनिंग दे रहे हैं। राज्य स्तर पर इस शिविर के आयोजन को लेकर झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं 'आर्ट ऑफ गिविंग' के प्रदेश सचिव शेखर बोस ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर न केवल खिलाड़ियों की क्षमता को निखारने का कार्य करेगा, बल्कि ग्रामीण और दूर-दराज़ इलाकों में छिपी खेल प्रतिभाओं को खोजने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के जरिए राज्यभर के खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और देश का नाम रोशन कर सकें। इस शिविर का संचालन अनुभवी और प्रशिक्षित कोचों की निगरानी में किया जा रहा है जो खिलाड़ियों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए विशेष ड्रिल, अभ्यास सत्र और खेल रणनीतियों पर काम करवा रहे हैं। साथ ही, 'आर्ट ऑफ गिविंग' की सोच के अनुरूप शिविर में सामाजिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास हो सके। गोड्डा सहित राज्य के सभी जिलों में इस प्रकार का आयोजन खेल जगत के लिए एक मिसाल बन गया है। आयोजकों ने कहा कि यह शिविर एक शुरुआत है और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को लगातार आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और आयोजकों में इस संयुक्त प्रयास को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# ओमान से लौटे अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और कोच का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले के महागामा स्थित राजमहल हाउस में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ओमान में आयोजित 10वीं सीनियर एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप से लौटे अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक कुमार और उनके प्रशिक्षक राष्ट्रीय कोच राजेश रंजन को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह एनएसयूआई अध्यक्ष मुन्ना राजा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर दीपक कुमार और कोच राजेश रंजन को शॉल, माला और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जिले के युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रेरित करना और इस बात को सिद्ध करना था कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। मुन्ना राजा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि "दीपक कुमार ने न केवल गोड्डा जिले, बल्कि पूरे झारखंड और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है। ऐसे खिलाड़ियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है।" दीपक कुमार ने अपनी सफलता को जिले के युवाओं को समर्पित करते हुए कहा कि यदि युवा मन ठान ले और ईमानदारी से मेहनत करे, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनकी इस यात्रा के पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और कोच राजेश रंजन का मार्गदर्शन रहा है। इस सम्मान समारोह में जिला हैंडबॉल टीम की ओर से भी दोनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजहर अंसारी, अमित, राहुल, रोनित कुमार, अकरम अंसारी, कासिफ आलम, गोपाल शर्मा, श्रीवास्तव, अफजल, अभिषेक कुमार, नदीम सरवर, आनंद कुमार, गुलाम आजाद, सैफ, अब्दुल अंसारी, अफसाना, गोलू, मनीष कुमार समेत कई खेल प्रेमी और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

## पथरगामा मुख्य चौक घंटों रहा जाम, प्रशासन नदारद

पथरगामा (नि.सं.)। प्रखंड के मुख्य बाजार पर दोपहर करीब 1 बजे भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा, वहीं पथरगामा प्रशासन कहीं नजर नहीं आया। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार, चौक पर जाम लगना अब आम बात हो गई है। ऑटो चालकों की मनमानी और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण अक्सर चौक पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। खासतौर पर पथरगामा मुख्य चौक से बरमसिया जाने वाले मोड़ पर टोटो और ठेले लगने से सड़क काफी संकीर्ण हो जाती है, जिससे वाहनों की आवाजाही में कठिनाई होती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार बड़े अधिकारी भी इस जाम में फंस चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। चौक से होकर बड़ी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं, जिससे जाम की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

# बोकारो स्टील प्लांट में 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स के व्यावहारिक उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | बोकारो



बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में बुधवार को " थिंग्स @Work: एक्सप्लोरिंग द इंटरनेट ऑफ थिंग्स" विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को स्टील उद्योग में IoT (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से परिचित कराना था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में नीता बा, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) तथा श्रीमती देवरानी टोप्पो, महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) उपस्थित थीं। मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा ने अपने सम्बोधन में बदलते औद्योगिक परिदृश्य में IoT की भूमिका को रेखांकित किया और इसे प्रचालनिक दक्षता, नवाचार एवं डेटा-आधारित निर्णय लेने की दिशा में एक अहम कदम बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 21 अधिशासियों ने भाग लिया तथा परिचय भट्टाचार्य, वरीय प्रबंधक (सीआरएम-III) ने संकाय के रूप में IoT की मूलभूत अवधारणाओं और संरचना जैसे सेंसर, एक्ट्युएटर, कनेक्टिविटी एवं क्लाउड एकीकरण, सामान्य IoT हार्डवेयर प्लेटफॉर्म और संचार प्रोटोकॉल, स्टील निर्माण में IoT के औद्योगिक उपयोग, सरल IoT प्रोटोटाइप का निर्माण, प्रोग्रामिंग एवं परीक्षण, विभागों में संभावित IoT परियोजना की पहचान करने जैसे विषय पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का सञ्चालन अमित आनंद, सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन, पर्यवेक्षक एवं सिधो चरण मुर्मू, प्रशिक्षक का सराहनीय योगदान था।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में दर्दनाक सड़क हादसा, 6 लोगों की मौके पर ही मौत

**विजयपुर, एजेंसी।** कर्नाटक में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मंगोली के पास एक कार और बस के बीच जोरदार टक्कर होने से यह हादसा हो गया। एसयूवी कार सोलापुर जा रही थी, इस दौरान वह मुंबई-बल्लारी बस से जा टकराई। एसयूवी में सवार पांच यात्री और बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मरने वालों की पहचान नहीं हो पाई थी। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखच्चे उड़ गए। धमाके सी आवाज सुनकर लोग इकट्ठे हो गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों की काफी भीड़ जुट गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति हो गई, जिसके बाद पुलिस ने सड़क से क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाकर जाम खुलवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद वहां लोग जुटना शुरू हो गए।

हाल के महीनों में कर्नाटक में सड़क हादसों में कई लोगों ने अपनी जान गंवानी पड़ी है। 8 मई को हावेरी जिले में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। यह हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ था, जब एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी थी। इससे अलावा, 4 जनवरी को कर्नाटक के गडग में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा गडग जिले के हुलाकोटी गांव के पास हुआ था।

### अटारी-वाघा बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी फिर शुरू, भारत माता की जय के नारों से गूंजी भारतीय गैलरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव होने के बाद से पंजाब के अमृतसर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर और फिरोजपुर के हुसैनीवाला व सादकी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी बंद कर दी गई थी, जो आज से दोबारा शुरू हो गई। लेकिन इस बार पहले की तरह न तो दोनों तरफ के गेट खोले गए और न ही बीएसएफ जवानों और पाक रेंजर्स ने हाथ मिलाए। अटारी बॉर्डर पर भारत की ओर से करीब 1500 सैलानी पहुंचे और वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारे लगाए। लेकिन, पाकिस्तानी की गैलरी पूरी तरह से खाली थी। पाकिस्तानी रेंजर्स ने औपचारिकता के तौर पर अपनी तरफ से झंडा फहराने की रस्म तो अदा की, मगर उनका हौसला बढ़ाने वाले दर्शक नहीं थे। मंगलवार शाम 6:30 बजे बीएसएफ जवानों और पाकिस्तान रेंजर्स के बीच रिट्रीट सेरेमनी हुई।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद 7 मई से रिट्रीट सेरेमनी बंद कर दी गई थी। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर की तरफ से एक्स पर पोस्ट की गई थी, जिसमें कहा गया कि हाल ही में पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के मद्देनजर फैसला लिया गया है। इसके तहत पंजाब स्थित अटारी, हुसैनीवाला और सदकी बॉर्डर पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी के दौरान प्रतीकात्मक प्रदर्शन को सीमित कर दिया गया है। रिट्रीट सेरेमनी भारत के सीमा सुरक्षा बल और पाकिस्तान रेंजर्स के बीच होती है। यह आमतौर पर शाम को सूरज ढलने के साथ शुरू होती है। इसमें भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों की परेड होती है, जिसमें दोनों देशों के कमांडर हाथ मिलाते हैं। इसका समापन राष्ट्रीय ध्वज को एक साथ नीचे उतारने के साथ किया जाता है। इसे रोजाना हजारों दर्शक देखने के लिए आते हैं।

### पोस्टमार्टम के लिए मांगे 10 हजार, नहीं दिया शव वाहन, बच्चे की लाश बाइक से लेकर घर पहुंचा मजबूर पिता

**सरगुजा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा से दिल को झकझोर देने वाली वीडियो सामने आई है। यहाँ एक पिता अपने मासूम बच्चे की लाश बाइक से गोद में रखकर घर ले जाते दिखाई दिया, घटना की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी, जिसे लोग खूब शेयर कर रहे हैं। वीडियो सामने आने पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस का भी रिएक्शन सामने आया है।

दरअसल सरगुजा में रविवार को दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। जब परिजन पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचे तो कथित तौर पर डॉक्टरों ने उनसे पोस्टमार्टम के लिए 10-10 हजार रुपये मांगे। परिजनों को शव घर तक ले जाने के लिए शव वाहन भी नहीं दिया। इस कारण मजबूरन पिता को अपने बच्चे की लाश गोद में रखकर बाइक से घर ले जाना पड़ा। हालांकि इस मामले में बीएमओ ने परिजनों द्वारा पैसे मांगने के आरोप को खारिज किया है। साथ ही साथ उनका कहना है कि परिजन जल्दबाजी में थे, इसलिए उन लोगों ने शव वाहन नहीं लिया था।

# आगरा में रेलवे के 122 साल बाद अब मेट्रो ने बनाई टनल

## 14 किमी में बनेंगे 13 स्टेशन



**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) शहर के बीचों-बीच करीब सात किलोमीटर लंबी मेट्रो टनल बना रही है। आधुनिक तकनीक से लैस टीबीएम मशीन टनल का निर्माण कर रही हैं। ताजमहल मेट्रो स्टेशन से लेकर आरबीएस कॉलेज तक लगभग टनल तैयार है। इसी सप्ताह में मेट्रो मनकामेश्वर मंदिर पर अप लाइन के कॉरिडोर में पहला ब्रेक थ्रू लेने की तैयारी में है। लेकिन, ये शहरवासियों के लिए नया नहीं है। 122 साल पहले रेलवे की टनल बनी थी। ब्रिटिशकाल में बेलनगंज व सेंट जोंस के पास 323 मीटर लंबी रेलवे टनल बनाई गई थी।

बता दें कि यूपीएमआरसी आगरा में 29.4 किलोमीटर लंबे दो कॉरिडोर का मेट्रो नेटवर्क तैयार कर रहा है। पहला कॉरिडोर ताजमहल पूर्वी गेट से सिकंदरा के बीच 14 किमी लंबा निर्माणाधीन है, जिसमें 13 स्टेशनों का निर्माण होगा। छह एलिवेटेड और सात भूमिगत स्टेशन होंगे। ताजमहल मेट्रो स्टेशन से लेकर आरबीएस कॉलेज तक करीब सात किलोमीटर की टनल है। आगरा में ये दूसरी रेलवे टनल है। इससे पहले 1903 में ब्रिटिश सरकार ने आगरा सिटी रेलवे स्टेशन और राजा की मंडी रेलवे स्टेशन के बीच में बेलनगंज और सेंट जोंस के पास 323 मीटर मीटर लंबी रेलवे सुरंग बनाई गई थी, जिसमें आज भी अप और डाउन में ट्रेन चलती हैं।

जानकार बताते हैं कि फ्रेंच और ब्रिटिश इंजीनियरों के नेतृत्व में गुजरात के कर्मचारियों ने डाट पद्धति से ईंटों से बनाया था। इस पर आज पूरी तरह से शहर बसा हुआ है। 122 साल बाद आगरा मेट्रो टीबीएम और पूरे स्ट्रेक्चर के साथ टनल निर्माण कर रही है। मनकामेश्वर मंदिर पर इसी सप्ताह में अप और डाउन की दोनों टीबीएम ब्रेक थ्रू करेंगे। इसके बाद टनल में सिग्नल का कार्य शुरू होगा। पूर्व में 11 महीने के अंदर तीन किलोमीटर टनल निर्माण का रिकार्ड मेट्रो बना चुकी है।

### इसलिए बनाई गई थी बेलनगंज टनल

वर्ष 1911 में यूनाइटेड प्रॉविंस ऑफ आगरा एंड अवध के गजेटियर में दर्ज है कि आगरा में वर्ष 1900 की शुरुआत से ही औद्योगिकीकरण शुरू हो गया था। वायसराय लार्ड कर्जन ने आगरा में उद्योग, व्यापार के प्रोत्साहन के लिए गधापाड़ा में मालगोदाम, सिटी स्टेशन, बेलनगंज में सुरंग, यमुना नदी पर स्ट्रेची ब्रिज के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। नार्थ वेस्ट प्रॉविंस के लेफ्टिनेंट गवर्नर रहे स्ट्रेची ने आगरा की औद्योगिक इकाइयों के उत्पादों को देशभर में पहुंचाने के लिए रेलवे नेटवर्क का इस्तेमाल किया था। यहां जॉन्स मिल समेत दरी उद्योग, चमड़ा, आटा, दाल मिल, प्रिंटिंग और जूट का बड़ा काम था।

### जुलाई में यात्रियों के लिए शुरू होगी मेट्रो

यूपीएमआरसी जुलाई-2025 तक आईएसबीटी तक मेट्रो सेवा यात्रियों के लिए शुरू करने की तैयारी में है। तेजी से कार्य भी हो रहा है। भूमिगत मेट्रो स्टेशन बनकर तैयार हैं। करीब 150 मीटर फाइनल ब्रेक थ्रू रह गया है। इस सप्ताह में इसे भी करने का दावा मेट्रो के अधिकारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रायोरिटी दावा क कॉरिडोर के बाद मेट्रो सेवा आईएसबीटी तक शुरू की जाएगी। ये भाग काफी अहम है।





### यूपी में अब बीएसए पर फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी पाने का आरोप, अपर प्रमुख सचिव से शिकायत

**भदोही, एजेंसी।** यूपी के अब भदोही जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह पर फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी पाने का आरोप लगा है। यह आरोप गोपीगंज क्षेत्र में जखांव गांव निवासी अशोक कुमार मिश्र ने लगाया है। उन्होंने अपर प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा विभाग) समेत कई अफसरों को पत्र भेजकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

शिकायतकर्ता के मुताबिक भूपेंद्र नारायण सिंह पं. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से बीएड का फर्जी मार्कशीट लगाकर 16 जनवरी, 1991 को शिक्षक बने। श्री भगवंत मान इंटर कॉलेज अहिमित, केराकत (जौनपुर) में उनकी सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हुई। वह 25 अक्टूबर, 2010 तक वहां कार्यरत रहे। फर्जी मार्कशीट के जरिए उन्होंने 26 अक्टूबर, 2010 को बांदा में सीनियर लेक्चरर की नौकरी हासिल की। वर्ष 1987 में जारी किए गए उनके बीएड मार्कशीट का अनुक्रमांक 18587 है। शिकायतकर्ता का दावा है कि भूपेंद्र नारायण सिंह ने कूटरचित ढंग से मार्कशीट तैयार की। सच्चाई यह है कि वह 1987 में बीएड में फेल हो गए थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि भूपेंद्र नारायण सिंह करीब 35 वर्ष से फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी कर रहे हैं। वह इतने साल से वेतन ले रहे हैं। सबसे बड़ा खेल यह है कि उनकी बीएड की मार्कशीट सन् 1985 में गाजीपुर एवं सन् 1987 डोभी (जौनपुर) से है। भदोही बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि औराई ब्लॉक क्षेत्र में बंजारी प्राथमिक विद्यालय में अशोक कुमार मिश्र सहायक अध्यापक थे। उनके खिलाफ शिकायत की गई। जांच में उनकी बीएड मार्कशीट और डिग्री फर्जी मिली। पिछले वर्ष 28 जून को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई।

### महाराष्ट्र में कोविडः स्वास्थ्य विभाग सतर्क, मुंबई में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 10 के पार



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में कोविड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश की राजधानी मुंबई में ही मंगलवार को कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 15 बताई गई। स्वास्थ्य विभाग ने 20 मई को इसकी जानकारी दी साथ ही लोगों से अपील की कि वो किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं। इसके मुताबिक ऐहतियातन वर्तमान में महाराष्ट्र में कोविड के लिए आईएलआई (इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी) और एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) को लेकर सर्वे चल रहा है। टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए संक्रमितों का उपचार किया जा रहा है। विभाग के मुताबिक फिलहाल मामले ज्यादा भयावह नहीं हैं, मरीजों में लक्षण बेहद सामान्य या हल्के हैं। इसके साथ ही जनता से अपील की गई है कि वो डरे नहीं, घबराएं नहीं। किसी भी तरह के लक्षण दिखें तो तुरंत पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के माध्यम से कोविड परीक्षण कराएं। उपचार की सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जनवरी से अब तक कोरोनावायरस के लिए 6,066 स्वैब नमूनों की जांच की गई है, जिनमें से 106 मरीजों के नतीजे पॉजिटिव आए। इनमें से 101 मुंबई से और शेष 1 पुणे, 1 ठाणे और 3 कोल्हापुर से थे। मुंबई में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 101 पाई गई। राज्य में 52 मरीज हल्के लक्षणों के कारण उपचार करा रहे हैं, जबकि 16 मरीज अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। वहीं, जनवरी से अब तक कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 2 रही है।

# अहमदाबाद नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण को हटाकर 2.5 लाख वर्ग मीटर जमीन खाली कराई



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में चंडोला तालाब के किनारे एक साथ गरजे करीब 50 बुलडोजरों ने एक ही दिन में करीब 8500 मकानों/झोंपड़ों को पत्थर-पत्थर कर डाला। अब कुछ धार्मिक ढांचे ही बचे हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हें सम्मान के साथ हटाया जाएगा। अहमदाबाद नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण को हटाकर 2.5 लाख वर्ग मीटर जमीन खाली कराई है।

अहमदाबाद के जॉइंट कमिश्नर (क्राइम ब्रान्च, सेक्टर 2) जयपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि कल चंडोला तालाब के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने का दूसरे चरण का काम शुरू हुआ था। जितना अतिक्रमण हटाना था, उसमें से 99.9 फीसदी ध्वस्तीकरण पूरा हो चुका है। 2.25 लाख वर्ग मीटर जमीन खाली करा ली गई है। अब कुछ धार्मिक ढांचे ही बचे हैं जिन्हें सम्मान के साथ हटाया जाएगा। हमारी अपील है कि कोई अफवाह पर ध्यान ना दें। नगर निगम की नीति के मुताबिक जिन्हें मकान मिलना है उनके फॉर्म लिए जा चुके हैं।

पहलगाम हमले के बाद अहमदाबाद में यहां बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये पकड़े गए थे। 29 और 30 अप्रैल को अहमदाबाद नगर निगम ने पहले चरण के बुलडोजर ऐक्शन में बड़ी संख्या में ढांचों को गिरा दिया था। 20 मई से शुरू हुए दूसरे चरण में नगर निगम की 50 टीमों को सात जोन में बांटकर काम पर लगाया गया था। 350 स्टाफ सदस्यों के साथ सुबह 7 बजे ही ध्वंसीकरण का काम शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। 50 से ज्यादा बुलडोजर/अर्थमूवर से अवैध ढांचों को मिट्टी में मिला दिया गया। कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए 3000 पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया था।

### तालाब किनारे एक बेहद सघन बस्ती थी

जॉइंट पुलिस कमिश्नर शरद सिंघल ने मंगलवार को पीटीआई को बताया था कि पहले चरण में हमारा मुख्य लक्ष्य असामाजिक तत्व और अवैध बांग्लादेशी निवासी थे जो यहां रह रहे हैं। हमने अतिक्रमण विरोधी अभियान के पहले चरण से पूर्व यहां अवैध रूप से रह रहे 202 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। दूसरे चरण में हम शेष अवैध अतिक्रमण को हटा देंगे। जब तक सभी अवैध ढांचे हटा नहीं दिए जाते, तब तक अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहेगा।

### किन्हें मिलेगा घर

अहमदाबाद नगर निगम ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि 2010 या उससे पहले से यहां रहने वाले लोग वैकल्पिक आवास के लिए पात्र होंगे और कई लोग पहले ही अपना घरेलू सामान वहां ले जा चुके थे। इससे पहले 29 और 30 अप्रैल को बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण किया गया था। इसकी शुरुआत तब की गई जब इन बस्तियों से बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अहमदाबाद पुलिस ने 26 अप्रैल को चंडोला झील क्षेत्र में छापा मारा और लालू पठान उर्फ लल्लू बिहारी की मदद से क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 150 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। चंडोला झील में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के पीछे के 'मास्टरमाइंड' लालू पठान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## सांसदों को विदेश भेजने को लेकर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर उठाए सवाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सर्वदलीय सांसदों के समूह विदेश जाने की तैयारी में हैं। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी दलों के सांसदों को विदेश भेजने के फैसले के बारे में इसलिए सोचा ताकि वह उन कठिन सवालों का जवाब देने से बच पाएं, जिनके लिए उन्हें वहां बुलाया जा रहा है। बकौल रमेश वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब हो चुकी है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रमेश ने लिखा, 1950 के दशक के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को हर अक्टूबर-नवंबर में संयुक्त राष्ट्र में भेजा जाता रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में ही इस परंपरा को बंद कर दिया था। लेकिन अब जबकि वह हताश हैं, तो अचानक से उन्हें सभी पार्टियों के सांसदों की याद आई। कांग्रेस नेता ने कहा, पीएम मोदी ने यह फैसला लिया क्योंकि वह वैश्विक और घरेलू स्तर पर पूछे जाने वाले सवालों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी की छवि को धक्का लग चुका है। जयराम रमेश ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का एक वीडियो साझा करते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा। इस वीडियो में अटल बिहारी बता रहे हैं कि कैसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया, जिससे विदेश में उनका इलाज हो सके। वीडियो के कैप्शन में जयराम ने लिखा, मनुष्य के प्रमुख गुण अच्छाई, शालीनता और मानवता होते हैं.. यह गुण नरेंद्र मोदी में उपस्थित नहीं है। इस वीडियो के जरिए हम किसी प्रधानमंत्री के मार्मिक और सुलझे हुए रूप को समझ सकते हैं, जो कि उनके धुर-विरोधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने खुद बताए थे। शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि सरकार ने उससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए प्रतिनिधिमंडलों में शामिल करने के लिए चार सांसदों के नाम भेजने के लिए कहा था।

# शादी के नाम पर 25 पुरुषों को ठगने वाली महिला पकड़ी गई

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान पुलिस ने भोपाल से एक 23 साल की महिला को गिरफ्तार किया है। महिला पर आरोप है कि उसने शादी के बहाने लगभग 25 पुरुषों को ठगा था। महिला की पहचान अनुराधा पासवान के रूप में हुई है,जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज की रहने वाली है। राजस्थान के सवाई माधोपुर में विष्णु शर्मा और उनके परिवार को कथित तौर पर धोखा देने के बाद वह कुछ समय से भोपाल में रह रही थी।

सवाई माधोपुर के मानटाउन पुलिस स्टेशन के अनुसार, विष्णु शर्मा सवाई माधोपुर में ठेला चलाते हैं और वह शादी करना चाहते थे। तभी एक पप्पू मीणा नाम का व्यक्ति संपर्क में आया। उसने उन्हें अनुराधा की तस्वीर दिखाई। विष्णु शर्मा ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि मीणा लड़कियों को मैचमेकिंग के लिए एक स्थानीय पार्क में लाते थे और वहीं उनकी मुलाकात अनुराधा से हुई और उन्होंने शादी करने का फैसला किया। यह शादी 19 अप्रैल को स्थानीय अदालत में हुई थी। शर्मा ने



बताया कि उन्होंने मीणा को 2 लाख रुपये नकद दिए थे,जिसमें उधार लिए गए पैसे भी शामिल थे। पप्पू मीणा ने ही यह रिश्ता तय करवाया था।

शादी के बाद वह और अनुराधा पति-पत्नी के रूप में साथ रहने लगे। विष्णु शर्मा ने बताया,उनकी कार्यप्रणाली के अनुसार,गिरोह के सदस्य शादी के 5-7 दिनों के भीतर आधी रात को अनुराधा को उठा ले जाते थे। विष्णु शर्मा ने आगे कहा कि हालांकि,मेरा फास्ट-फूड का ठेला है और इसलिए मैं रात 10.30 बजे तक ही लौट पाता था, फिर खाना खाता था और आधी रात के बाद तक टेलीविजन देखता था। इस दौरान कोई न कोई देर रात तक जागता रहता था, इसलिए हमें धोखा देने में उसे 13 दिन लग गए।

2 मई को,अनुराधा ने कथित तौर पर अपने ससुराल वालों को दिए गए खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। शर्मा ने कहा कि हमने छोले-भटूरे बनाए थे लेकिन मुझे शक है कि उसने पानी में कुछ मिलाया था। उस रात भी मैंने उससे पूछा था कि मेरी आंखें इतनी भारी क्यों लग रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह थोड़ा अजीब व्यवहार कर रही थी। हालांकि, वह सो गए। पुलिस ने बताया कि जब वे अगली सुबह जागे,तो उन्हें पता चला कि वह गहने,नकदी और एक मोबाइल फोन लेकर घर से भाग गई थी। सहायक उप-निरीक्षक मीठा लाल यादव ने बताया कि 3 मई को विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी,जिसमें धोखाधड़ी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं।

उप-निरीक्षक मीठा लाल यादव ने बताया कि हमने मैरिज एग्रीमेंट देखा,जिसमें उसका पता लिखा था और भोपाल में उस जगह पहुंचे। हमें पता चला कि उसके द्वारा दिया गया पता झूठा था।

## 'आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है', राजीव गांधी को याद कर राहुल गांधी ने शेयर किया भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें याद किया है। राहुल गांधी ने अपने पिता के नाम एक भावुक पोस्ट भी शेयर किया। उन्होंने लिखा कि पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर दो तस्वीरों को शेयर किया। एक तस्वीर में वह अपने पिता के साथ बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर राजीव गांधी की समाधि स्थल की है, जहां राहुल अपने पिता को हाथ जोड़कर श्रद्धांजलि देते हुए नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक संदेश भी साझा किया। उन्होंने लिखा, पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा। इससे पहले कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने लिखा, स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वीर भूमि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व ने हमारे राष्ट्र की नींव को बदल दिया, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित है। उनकी स्थायी विरासत हमारे दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करती रहती है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज उनकी पुण्यतिथि पर मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी राजीव गांधी को याद किया।

## बांग्लादेश टी20 के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित; बाबर, रिजवान और अफरीदी बाहर



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है, जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी शामिल नहीं हैं। पीसीबी ने कहा कि टीम का चयन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब बाबर, रिजवान और अफरीदी को टी20 सेटअप से बाहर किया गया है। इससे पहले अप्रैल में, तीनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था, लेकिन वे वनडे मैचों का हिस्सा थे। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होने वाली तीन मैचों की सीरीज, कोच के तौर पर माइक हेसन की पहली सीरीज होगी, जिसका शेड्यूल आने वाले दिनों में घोषित किया जाएगा। बल्लेबाज सलमान अली आगा कप्तान बने रहेंगे और ऑलराउंडर शादाब खान उनके डिप्टी होंगे, जबकि अनुभवी सफेद गेंद के खिलाड़ी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह भी टीम में शामिल हैं। चोट से जूझने के बाद आक्रामक बल्लेबाज सैम अयूब की वापसी से पाकिस्तान को मजबूती मिलेगी। फरवरी में दूसरे टेस्ट में फील्डिंग करते समय टखने में फ्रैक्चर होने के बाद अयूब इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच में ही बाहर हो गए थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मौजूदा पीएसएल सीजन में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है।

इस बीच, 29 वर्षीय बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को पीएसएल में उनके प्रदर्शन के लिए 2018 के बाद पहली बार टी20 सेटअप में वापसी का इनाम मिला है। उन्होंने पीएसएल में अब तक अपने 10 मैचों में 154.50 की स्ट्राइक रेट से 394 रन बनाए हैं और इवेंट में रन बनाने वाले चार्ट में सबसे आगे हैं।

पाकिस्तान टीम- सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के लिए रवाना हुई। वहां वे चार देशों के एक दोस्ताना हॉकी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट टीम की दिसंबर में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारी का हिस्सा है। इसमें भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें भाग लेंगी। सभी टीमें एक-दूसरे के साथ मुकाबला करेंगी और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से 2 जून (भारतीय समयानुसार) तक चलेगा। इस दौरान भारतीय टीम इन तीनों देशों के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी। इसका उद्देश्य टीम की तैयारी को परखना, सही टीम संयोजन बनाना और रणनीतियां सुधारना है। इस टीम के कोच तुषार खांडेकर हैं। गोलकीपर निधि टीम की कप्तान होंगी और फॉरवर्ड खिलाड़ी हीना बानो उप-कप्तान होंगी। भारत का पहला मुकाबला 25 मई को चिली से, दूसरा 26 मई को उरुग्वे से और तीसरा 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

टीम के रवाना होने से पहले कप्तान निधि ने कहा, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है। हम प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयास मैचों में दिखेंगे। मजबूत विरोधियों के खिलाफ खेलने से हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है और हम आगामी खेलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कोच तुषार खांडेकर ने कहा, हम इस दौरे से अपने सबसे अच्छे खिलाड़ियों को पहचानने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि जूनियर वर्ल्ड कप अब सिर्फ छह महीने दूर है। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देगा और आगे चलकर उन्हें सीनियर टीम में शामिल होने में मदद करेगा।

आईपीएल 2025:

# 23 मई को बंगलूरू में होने वाला आईपीएल मैच लखनऊ शिफ्ट




**लखनऊ, एजेंसी।** 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में खेला जाएगा। इसके लिए हैदराबाद की टीम रोक ली गई है। बीते दिनों टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले विराट कोहली आईपीएल में धूम मचा रहे हैं। अब बंगलूरू में 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में शिफ्ट किया गया है। इस खबर के साथ शहर में विराट के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं, क्योंकि अब उन्हें एक नहीं, बल्कि दो बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी का जलवा देखने का मौका मिलेगा।

विराट को लेकर शहर में पहले से ही काफी उत्साह था। दरअसल, यहां 27 मई को लखनऊ और बंगलूरू का मैच तय है। विराट को खेलता देखने के लिए इस मुकाबले के टिकट काफी पहले ही बिक चुके हैं। अब 23 मई को इकाना स्टेडियम में हैदराबाद और बंगलूरू का मैच विराट प्रसंशकों के लिए बोनस है।

मंगलवार शाम को हैदराबाद की टीम बंगलूरू के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन उन्हें लखनऊ में ही रुके रहने के लिए कह दिया गया है। मुकाबले के लिए बंगलूरू टीम बुधवार को लखनऊ आ जाएगी। टीम का बृहस्पतिवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास का शेड्यूल भी है। इस दिन हैदराबाद की टीम भी अभ्यास कर सकती है।

**प्लेऑफ नहीं तो एक अतिरिक्त लीग मैच ही सही**

पिछले तीन साल से आईपीएल के मुकाबलों की मेजबानी करने वाले लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली बार आठ मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दो सत्रों में लखनऊ सुपरजायंट्स के घरेलू मैदान में सात-सात लीग चरण के मुकाबले खेले गए थे। हालांकि इस सत्र में आईपीएल के मुकाबलों को लेकर उमड़ी भीड़ को देखकर लगा था कि शायद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लखनऊ को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी दे दे, लेकिन ऐसा हो न सका। इसके बाद यहां एक अतिरिक्त मैच आने से स्टेडियम प्रबंधन भी उत्साहित है।

**बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद**


हम प्लेऑफ के मुकाबले की मेजबानी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है, क्योंकि अब प्रशंसक अपने पसंदीदा विराट कोहली को इकाना स्टेडियम एक नहीं, दो बार खेलते दिखेंगे। उम्मीद है कि इन मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक अपनी उपस्थित दर्ज कराएंगे।

## धर्मशाला में होंगे अंतर जिला टी-20 क्रिकेट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच



**धर्मशाला, एजेंसी।** प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्तमान में ऊना के संतोषगढ़ और पेखुबेला क्रिकेट मैदानों में अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसमें पूल के मुकाबले भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव से पूर्व ही करवा लिए थे। कांगड़ा, मंडी, सोलन, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के बीच मैच खेले गए। इस पूल में कुल्लू की टीम अंकतालिका में पहले और कांगड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में कांगड़ा और कुल्लू ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, पूल बी के मुकाबले टूर्नामेंट की तिथि बदलने के चलते 17 मई से शुरू हुए हैं। पूल-बी में ऊना, हमीरपुर, शिमला, बिलासपुर, किन्नौर और सिरमौर के बीच लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। पूल बी में टॉप टू में रहने वाले टीमें 25 मई को धर्मशाला स्टेडियम में पूल-ए में टॉप पर रही कांगड़ा और कुल्लू के साथ सेमीफाइनल मुकाबले खेलेगी। सेमीफाइनल मुकाबलों में विजेता रहने वाले टीमों के बीच 26 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## शिखर धवन ने गुरुग्राम में खरीदा लग्जरी फ्लैट, कीमत है करोड़ों में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन ने गुरुग्राम में 69 करोड़ रुपए में एक लग्जरी फ्लैट खरीदा है। यह फ्लैट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर अत्यधिक भव्य परियोजना 'द डहलियाज' में है। इस अपार्टमेंट का साइज 6,040 वर्ग फुट है। रियल एस्टेट क्षेत्र में आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म सीआरई मैट्रिक्स के मुताबिक पंजीकृत समझौता चार फरवरी, 2025 को हुआ था। धवन ने गुड्स संपत्ति का मूल्य 65.61 करोड़ रुपए है। स्टाम्प शुल्क 3.28 करोड़ रुपये है, जिससे कुल कीमत लगभग 69 करोड़ रुपए हो जाती है। पिछले साल अगस्त में हरियाणा के गुरुग्राम में शुरू हुए 'द डहलियास' परियोजना में 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस हैं। सीआरई मैट्रिक्स के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार यहां प्रति स्क्वायर फीट अपार्टमेंट की कीमत 1,14,068 रुपए है। भारतीय क्रिकेट में 'गब्बर' नाम से के मशहूर शिखर धवन ने अगस्त 2024 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और भारत के लिए उनका अंतिम मैच भी 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 50 ओवर का खेल था। अपने करियर के दौरान, धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले।

CSK की 10वीं हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा...

# शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह लगभग तय है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 में आखिरी स्थान पर समाप्त होगी, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हारने के साथ उनका पतन जारी रहा। मंगलवार को बड़ी संख्या में भीड़ - जिसमें बच्चे, वयस्क और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे - ने कोटला में कड़ी गर्मी और कामकाजी सप्ताह के दिन का सामना किया और पीली जर्सी पहनकर और हर छोटे अवसर पर सीटी बजाकर एमएस धोनी एंड कंपनी के लिए जोरदार समर्थन दिखाया।

लेकिन सीएसके के उलझे हुए दृष्टिकोण - जैसे कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे से आगे बढ़ाना - और गेंदबाजी में कोई भी पैनापन नहीं होना, ने उन्हें फिर से निराश किया।

मंगलवार के मुकाबले से पहले, मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि सीजन को अच्छी तरह से खत्म करने का अवसर उनके लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। लेकिन आरआर से हार, जो इस सीजन की उनकी दसवीं हार थी, ने सीएसके को टी20 तालिका में काफी पीछे रहने की याद दिला दी। इसलिए, फ्लेमिंग को यह कहते हुए सुनना आश्चर्यजनक नहीं था कि सीएसके का अंक तालिका में सबसे नीचे रहना 'संभवतः उचित' है। हमें यहां नीचे रहना बिल्कुल पसंद नहीं है, लेकिन यह कोई प्रेरणा नहीं है। हम बस एक अच्छा प्रदर्शन चाहते थे। हम कुछ प्रदर्शनों को एक साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य दो अच्छे प्रदर्शन करना था। अब बस एक अच्छा प्रदर्शन खत्म करना होगा। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं। हमने उस तरह का क्रिकेट खेला है, इसलिए आप इससे दूर नहीं रह सकते। लेकिन हम जो करना चाहते हैं, वह यह है कि मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करें, जो टीम की क्षमता को दर्शाता है।

हालांकि सीएसके द्वारा 78 रन पर अपनी आधी टीम गंवाने के बाद 187/8 का स्कोर बनाना सराहनीय था, लेकिन यह स्कोर हमेशा ही आरआर की प्रेरित टीम को चुनौती देने के लिए अपर्याप्त था, जिसने अपने युवाओं के दम पर जीत हासिल की। कुछ खिलाड़ियों ने चेन्नई में भी ट्रेनिंग की थी। बस इसमें थोड़ी यात्रा शामिल थी। बाकी सब अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि यह तालिका में हमारी स्थिति के हिसाब से अधिक है, अगर आप शीर्ष चार या पांच के आसपास हैं, तो वापस आकर प्रेरित होना और खेल में उतरना बहुत आसान है। फ्लेमिंग ने कहा, हम मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। इन दो मैचों के लिए हमारी प्रेरणा बहुत अधिक रही है। ट्रेनिंग अच्छी रही है। तीव्रता ठीक थी। हम फिर से बीच में प्रदर्शन करने में कमी कर रहे हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच, सीएसके इस बात से खुश होगी कि आयुष म्हात्रे और डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार को किस तरह से प्रदर्शन किया, जिन्होंने क्रमशः 43 और 42 रन बनाते हुए कुछ बेहतरीन शॉट दिखाए। हालांकि सीएसके ने पावर-प्ले में 68 रन बनाए, एक ऐसा चरण जो उनके पतन का आधार रहा है, के बाद उन्होंने म्हात्रे सहित तीन विकेट खो दिए, और इससे 200 तक पहुंचने की उनकी इच्छा को चोट पहुंची।

## मलेशिया मास्टर्स: एचएस प्रणय और करुणाकरन की शानदार जीत, दूसरे दौर में पहुंचे; सिंधू पहले ही दौर में बाहर




**कुआलालंपुर, एजेंसी।** प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने पुरुष एकल मुकाबलों में उलटफेर करते हुए जीत हासिल की और मलेशिया मास्टर्स बैडमिंट टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को बुधवार को महिला एकल मुकाबले के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पुरुष एकल में भारतीयों का जलवा

प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। भारत के एक अन्य पुरुष खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से मात दी।

**सिंधू की खराब फॉर्म जारी**

पुरुष एकल वर्ग में जहां भारत के लिए अच्छा दिन रहा, वहीं, महिलाओं के वर्ग में सिंधू की खराब फॉर्म यहां भी बरकरार रही और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट का शुरुआती दौर ही पार नहीं कर सकीं।

सिंधू को वियतनाम की नगुयेन थियू लिंथ के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हार मिली।

## चुराह की चंपा ठाकुर कबड्डी वर्ल्ड कप शिविर के लिए चुनीं

**चंबा, एजेंसी।** चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। हिमाचल प्रदेश के चंबा



जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। प्रशिक्षण शिविर सोनीपत में चल रहा है। यह 30 मई तक चलेगा। शिविर में देशभर से करीब 35 कबड्डी खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ही विश्व कप की टीम घोषित की जाएगी। चंपा के पिता रमेश ठाकुर पेशे से पहलवान हैं, बेटा कुश्ती में अपना भविष्य संवार रहा है। इसके अलावा बेटी चंपा ठाकुर भी कबड्डी में जिले का नाम देशभर में रोशन कर रही हैं।

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने कहा-

# अगला साल निश्चित रूप से हमारा होगा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लीग मैचों के समाप्त होने में अभी एक सप्ताह बाकी है, लेकिन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 14 लीग मैचों का कोटा पूरा होकर उनके आईपीएल 2025 का सफर समाप्त हो चुका है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली दूसरी टीम बनने वाली आरआर अभी भी सीएसके से ठीक ऊपर और अंक तालिका में अंतिम से दूसरे स्थान पर है, जबकि पिछले साल आरआर ने प्ले ऑफ तक का सफर पूरा किया था। टीम के इस प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा, इस सीजन कई मैच ऐसे रहे, जहां हमने जीतते-जीतते कई करीबी मुकाबले गंवाए। हमने तीनों विभागों, खासकर फील्डिंग में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इसके अलावा हमने पांच बल्लेबाज रिटेन किए थे तो हमें बल्लेबाजों से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन कई मौके ऐसे आए, जहां हमने अच्छी शुरूआत नहीं की। वहीं गेंदबाजी में भी हमने अधिकतर बार 10 से 15 रन अधिक दिए, जो बाद में हार का अंतर साबित हुए। कई मौकों पर हम मैच को अपने पक्ष में समाप्त कर सकते थे, लेकिन हम दुर्भाग्यशाली रहे कि हम ऐसा नहीं कर पाए। यह निराशाजनक है और इससे तकलीफ होती है, लेकिन यह आपको अगले सीजन के लिए उम्मीद भी देती है। मुझे लगता है कि हम इससे बुरा और नहीं कर सकते और अगले सीजन हम निश्चित रूप से वापसी करेंगे। ये सभी लड़के एक साल और अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट खेलकर और भी बेहतर होंगे, खासकर हमारी बल्लेबाजी इकाई और भी मजबूत होगी। गौरतलब है कि आरआर ने इस साल चार ऐसे करीबी मुकाबले गंवाए, जिसमें जीत-हार का अंतर 11 रन से भी कम था, वहीं दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मुकाबला भी सुपर ओवर में जाने के बाद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अगर इन मुकाबलों में से आधे के परिणाम भी आरआर के पक्ष में जाते तो वे प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहते। हालांकि राठौड़ ने कहा कि उन्हें इस सीजन से कई सकारात्मक चीजें मिलीं, जो कि अगले सीजन को बेहतर बनाने के काम आएंगी। वैभव सूर्यवंशी के लिए पूछे जाने पर राठौड़ ने कहा, सूर्यवंशी के साथ अच्छी बात यह है कि उनके पास निरंतरता है और वह लगभग हर मैच में अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी अच्छी पारी खेली थी और बार-बार ऐसा करना दिखाता है कि वह अलग और अनूठे हैं। उनके बल्ले का डाउनस्विंग उन्हें एक विशेष खिलाड़ी बनाता है।

राठौड़ ने कहा, हमने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, जैसे आज सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल ने अच्छा स्पैल डाला। उनको ऐसे गेंदबाजी करते देखना निश्चित रूप से सुखद था। इसके अलावा जोफ्रा आर्चर ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अच्छी गेंदबाजी की। आज, वनिंदु हसरंगा ने भी वापसी करते हुए अच्छी गेंदबाजी की। हम दुर्भाग्यशाली रहें कि सैंडी (संदीप शर्मा) बीच टूर्नामेंट में चोटिल हो गए, लेकिन वह ऐसे गेंदबाज हैं, जिस पर हम निर्भर रह सकते हैं। तो गेंदबाजी में ये सभी सकारात्मक चीजें हैं। उन्होंने कहा, वहीं बल्लेबाजी में तो बहुतों ने उम्मीद जगाई है। हमारी बल्लेबाजी जिस तरह की है, मुझे लगता है कि यह हमारे लिए जितना बेकार सीजन हो सकता था, हो चुका है। यहां से चीजें बेहतर ही होंगी। चाहे वैभव (सूर्यवंशी) हों या ध्रुव जुरेल, सब यहां से बेहतर ही होंगे। वहीं रियान पराग एक विशेष खिलाड़ी हैं। संजू (सैमसन) दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस सीजन अधिकतर समय चोटिल रहें, हम उम्मीद करते हैं कि वह अगले सीजन पूरी तरह फिट होकर हमारे लिए पूरा सीजन खेलेंगे। वह न सिर्फ एक अच्छे बल्लेबाज, बल्कि बेहतरीन कप्तान और नेतृत्वकर्ता हैं। वहीं (शिमरॉन) हेटमायर के लिए यह निराशाजनक सीजन रहा, लेकिन जिस तरह के वह खिलाड़ी हैं, वह भी निश्चित रूप से कोशिश करेंगे कि आगे ऐसा ना हो।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ली शपथ

**औरंगाबाद (एसवीवी .सं.)।** देशभर में बुधवार को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इसी क्रम में 21 मई 2025 को औरंगाबाद जिले के सभी पुलिस प्रतिष्ठानों में विशेष आयोजन किया गया, जहाँ पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ शपथ ली। जिला मुख्यालय से लेकर सभी अनुमंडलीय और थाना स्तर के पुलिस कार्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया। सभी ने आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने तथा समाज में शांति, सहिष्णुता और भाईचारे को बढ़ावा देने का भी प्रण लिया। इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि आतंकवाद देश के लिए एक गंभीर चुनौती है, जिसे सामूहिक संकल्प और जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी।

### एसपी ने की जनसुवाई

**औरंगाबाद (एसवीवी .सं.)।** जिले में बुधवार को एक खास अवसर पर बिहार पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों ने अपने-अपने मामलों को डीजीपी के समक्ष रखा, जिसमें जमीन विवाद, थाने में कार्रवाई में देरी, आपराधिक मामलों की निष्पक्ष जांच और महिला सुरक्षा से जुड़े विषय प्रमुख रहे।

### भाकपा नेता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**हसपुरा (औरंगाबाद) (एसवीवी .सं.)।** हसपुरा प्रखंड के डुमरा गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डुमरा पंचायत के शाखा सचिव रहे ललन राम का बुधवार को श्राद्धकर्म किया गया। इसके बाद नेताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. ललन राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभा की अध्यक्षता सरपंच श्याम किशोर ने की जबकि संचालन सचिव चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख विजय यादव, राजद नेता अशोक यादव, नागेश्वर राम, गिरजा राम, दिनेश राम, राजेंद्र पासवान सहित अन्य वक्ताओं ने उनके विचार और संघर्ष का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कहा कि पार्टी के लिए उन्होंने हमेशा सहयोग किया। सभा के अंत में 1 मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### पुलिस ने चार वर्षीय गुमशुदा बच्चे को सुरक्षित परिजनों को सौंपा

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** उदनगर थाना क्षेत्र में गुमशुदगी के एक मामले में औरंगाबाद पुलिस ने त्वरित व सराहनीय कार्रवाई करते हुए एक 4 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, परिजनों ने अपने 4 वर्षीय मासूम के अचानक गायब हो जाने की सूचना दाउदनगर थाना में दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और संभावित स्थानों की गहन तलाशी शुरू कर दी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी जांच के साथ-साथ क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी गहनता से जांच की।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

# दो बाइक की टक्कर में दो की मौत



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की जान चली गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक घटना ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा और महादेबा गांव के बीच मंगलवार को दोपहर के समय घटी, जब दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओबरा थाना क्षेत्र के लबदना गांव निवासी विवेक कुमार (28 वर्ष), जो राजेश राम का पुत्र था, अपनी चाची ज्ञानती देवी को लेकर बाइक से दाउदनगर बाजार जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही विवेक तथा उनकी चाची गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति की पहचान सत्येंद्र कुमार, निवासी बडीहा गांव, थाना नासरीगंज, जिला रोहतास के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी के ससुराल लबदना गांव जा रहा था। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर लाया गया, जहाँ स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने सभी को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने विवेक कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि चाची ज्ञानती देवी की भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सत्येंद्र कुमार की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद परिजनों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए किसी अन्य बड़े शहर के अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद पूरे लबदना गांव में मातम का माहौल है। विवेक के परिजन और ग्रामीण बेहद गमगीन हैं।

दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस हादसे में एक युवक और एक महिला की मौत हुई है, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, मृतकों के परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वह क्षेत्र अत्यंत संकीर्ण और खतरनाक है।

## खाई में पलटा ट्रैक्टर, मजदूर की मौत



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद में ट्रैक्टर दूसरे वाहन के चकमा से बेकाबू होकर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर के ट्रेलर में बैठे एक मजदूर की मौत हो गई। घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के भोला बिगहा गांव के पास की है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिजोई गांव निवासी सुरेश भगत के बेटे 30 साल के अपलेन्द्र कुमार भगत के रूप में की गई। मृतक ट्रैक्टर पर मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की देर शाम वह अन्य मजदूरों के साथ भादवा से मिट्टी गिरा कर ट्रैक्टर के ट्रेलर में बैठकर घर लौट रहा था। ट्रैक्टर भोला बिगहा गांव के समीप पहुंचा। सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन से चकमा खाकर ट्रैक्टर बेकाबू हो गया और सड़क किनारे खाई में पलट गया। ट्रैक्टर चालक और ट्रेलर में सवार अन्य मजदूरों ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। लेकिन अपलेन्द्र ट्रैक्टर से कूद नहीं सका और ट्रेलर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी गई। घटना की सूचना पाकर मजदूर के परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां कुछ देर इलाज के बाद निजी क्लिनिक के संचालक ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी। सदर अस्पताल में मजदूर की मौत की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस वहां पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर रफीगंज के बीबीपुर गांव निवासी लोकेश कुमार सिंह की थी। ट्रैक्टर उनका बेटा छोटू सिंह चला रहा था। घटना के बाद ट्रैक्टर मलिक जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को उठाकर ले गया। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक अत्यंत ही गरीब परिवार से था। वह किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत के बाद उसके दो छोटे-छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका है। घटना के बाद मृतक के पिता सुरेश भगत समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने पर जिप सदस्य अनिल कुमार यादव ने सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। सरकारी प्रावधान के अनुरूप मिलने वाली मुआवजा राशि दिलाए जाने में सहयोग करने की बात कही।

# प्रखंड और पुलिस कार्यालय को उड़ाने वाला मोस्ट वांटेड हार्डकोर नक्सली 10 साल बाद गिरफ्तार

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में पिछले दस वर्षों से फरार चल रहा मोस्ट वांटेड हार्डकोर नक्सली शिवकुमार सिंह पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। शिवकुमार औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र स्थित नीमीडीह गांव का निवासी है और वह प्रखंड कार्यालय एवं अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय को विस्फोट कर उड़ाने समेत करीब आधा दर्जन गंभीर मामलों में वांछित था।

औरंगाबाद सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने बुधवार शाम इस गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि जिले को नक्सल और अपराध मुक्त बनाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में एक महत्वपूर्ण खुफिया सूचना मिली कि कुख्यात नक्सली शिवकुमार सिंह अपने गांव लौटा है और गांव में सक्रिय रूप से देखा गया है। खबर की पुष्टि के बाद पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम नीमीडीह गांव पहुंची। पूरी रणनीति के तहत गांव की घेराबंदी की गई और सटीक ठिकाने पर छापेमारी कर शिवकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने कई नक्सली घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

पुलिस के अनुसार, शिवकुमार सिंह ने वर्ष 2014 में मदनपुर प्रखंड कार्यालय और अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर अपने दस्ते के साथ हमला कर भारी तोड़फोड़, आगजनी और विस्फोट किया था, जिससे सरकारी संपत्ति को व्यापक क्षति हुई थी। इन घटनाओं के संदर्भ में उसके खिलाफ मदनपुर थाना में कांड संख्या 133/14, 134/14, 135/14, 137/14 और 138/14 दर्ज हैं।

एसडीपीओ ने यह भी बताया कि इस तरह की कार्रवाई औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में की जा रही है। पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाइयों से नक्सली संगठनों का मनोबल लगातार टूट रहा है। जिले में नक्सल गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने इस गिरफ्तारी की सराहना की है और कहा है कि इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बेहतर होगा। वहीं, पुलिस का यह प्रयास साफ संकेत है कि कानून के खिलाफ काम करने वाले कितने भी बड़े अपराधी क्यों न हों, वे कानून की पकड़ से बच नहीं सकते।

## वरीय अधिकारियों ने किया गश्ती दल का निरीक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** औरंगाबाद पुलिस रात में शहर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में लगी हुई है। बीते रात्रि वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा रात्रि गश्ती में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति और सतर्कता का निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर रात्रि में ड्यूटी पर लगे पुलिस बल की सक्रियता की जांच की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि रात्रि में गश्ती दल अलर्ट रहे और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। पुलिस की यह पहल शहरवासियों को न केवल सुरक्षा का भरोसा देती है, बल्कि आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने में भी कारगर साबित हो रही है। रात्रि गश्ती के दौरान विभिन्न चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती देखी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है ताकि नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। औरंगाबाद पुलिस ने आमजनों से भी अपील की है कि वे किसी भी तरह की आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

## पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

- **प्रोजेक्टर के माध्यम से डिजिटल प्रस्तुति दी गई। केस स्टडी और उदाहरणों के जरिए समझाया गया।**



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बुधवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभा कक्ष में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में पुलिस पदाधिकारीयों एवं पुलिसकर्मियों को कांड के अनुसंधान में तकनीकी के उपयोग से जुड़ी अत्याधुनिक जानकारी और तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें आपराधिक मामलों की जाँच के दौरान तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग कैसे किया जाए, इस पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस प्रकार से सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल ट्रैकिंग, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), डिजिटल फोरेंसिक, साइबर जांच, डाटा विश्लेषण और जीपीएस लोकेशन ट्रैकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों की सहायता से अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में तेजी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में प्रशिक्षण दे रहे विशेषज्ञों ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे तकनीक की मदद से पुराने पेचीदा मामलों को भी हल किया जा सकता है। पुलिसकर्मियों को तकनीक का सही और नैतिक उपयोग करने की सीख भी दी गई, ताकि समाज में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में अपराधियों के कार्य करने के तरीके भी अत्याधुनिक होते जा रहे हैं, ऐसे में पुलिस को भी खुद को तकनीक से लैस करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अनुसंधान की प्रक्रिया में पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ तकनीकी दक्षता भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो गई है।

इस प्रशिक्षण सत्र में जिले भर के थानों से आए पुलिस पदाधिकारी, दारोगा, एएसआई और अन्य तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी और समयानुकूल बताया। कार्यक्रम के अंत में यह जानकारी दी गई कि आने वाले दिनों में अन्य बैचों के लिए भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक पुलिसकर्मी तकनीक में दक्ष होकर अपराधियों पर शिकंजा कस सकें।

# दो पक्षों में मारपीट, आठ लोग घायल

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



मंगलवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के हिंसक झड़प हो गई। जिसमें दोनों पक्ष के आठ लोग जख्मी हो गए। मामला रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरौना बुजुर्ग गांव की है। घायल लोगों में एक पक्ष के 55 साल के तपेश्वर यादव, उसके बेटे सोनू कुमार यादव और सुशील कुमार शामिल है। दूसरे पक्ष के अरविंद यादव, युगेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव और भूटाली यादव जख्मी हुए हैं।

रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों पक्ष के घायलों का इलाज कराया गया है। डॉक्टरों ने इनमें से चार की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। एक पक्ष के सत्येंद्र यादव व भूटाली यादव और दूसरे पक्ष के तपेश्वर यादव व उनके बेटे सोनू यादव का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पहले पक्ष के तपेश्वर यादव ने बताया कि उसके चार भाई हैं। पहले ही चारों के बीच में बंटवारा हो चुका था। लेकिन, अब भतीजा अरविंद यादव अक्सर जमीन बंटवारे को लेकर विवाद खड़ा करता है। मंगलवार को विवाद को लेकर उसने उसने घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। उसने अरविंद यादव के अलावा योगेंद्र यादव,सत्येंद्र यादव, भूटाली यादव, अरविंद यादव के ससुर टिमल यादव समेत अन्य लोगों पर घर में घुसकर लाठी डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाया है। सदर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे जख्मी सत्येंद्र ने बताया कि वह और उसका चचेरा भाई अरविंद दिल्ली में गार्ड की नौकरी करता है। चाचा तपेश्वर यादव ने उसके हिस्से की जमीन बेचने की सूचना दी। 2 दिन पहले ही घर आया था। पूछने गया तो उसने अपने बेटों के साथ मिलकर मारपीट करना शुरू कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। उसने बताया कि उसके पिता चार भाई थे। बटंवारा हो चुका था। चाचा शालिग्राम यादव की शादी नहीं हुई। उसने अपने हिस्से की जमीन तपेश्वर यादव की पत्नी के नाम कर दिया। लेकिन इसके बावजूद भी तपेश्वर यादव दो अन्य भाइयों के हिस्से की जमीन पर कब्जा जमाना चाहता है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है।

## अधर में लटका अंबा बाईपास निर्माण कार्य

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ एनएच-139 स्थित अंबा बाजार के बाइपास सड़क का निर्माण अधर में लटक गया है। अंबा में बाइपास निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के द्वारा बनाए गए प्राक्कलन को मुख्य अभियंता दक्षिण के द्वारा 21 जून 2022 को तकनीकी अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेजा था। सरकार को भेजे गए तकनीकी अनुमोदन के तहत अंबा बाइपास का निर्माण पिपरा मोड़ से सिमरा मोड़ भाया पिपरा बिगहा, झरना, सोनवर्षा, नेउरा गांव से होकर बनना था। लंबाई 11.66 किमी थी। प्राक्कलन के तहत इसकी लागत राशि 6657.59 लाख रुपये थी। पथ निर्माण विभाग के द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को समर्पित किया गया पर सरकार के द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दिए जाने से बाइपास का निर्माण अधर में लटक गया।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई दाउदनगर-ओबरा रोड स्थित भरुब मोड़ के पास की गई, जहां गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार, ओबरा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू लादकर क्षेत्र से गुजर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और भरुब मोड़ के पास वाहनों की जांच के दौरान एक संदिग्ध ट्रैक्टर को रोका गया। जांच में ट्रैक्टर में बिना वैध कागजात के बालू लदा पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत वाहन को जब्त कर थाना ले जाया। इस संबंध में ओबरा थाना द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और ट्रैक्टर चालक की पहचान व अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है। स्थानीय प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ जिले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। ओबरा थाना की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## जनता दरबार में सुनी गई लोगों की समस्याएं, पुलिस अधीक्षक ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

- **शांतिपूर्ण वातावरण में जनता दरबार सम्पन्न हुआ, लोग निडर होकर अपनी समस्याएं रख सके।**



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। यह दरबार पुलिस कार्यालय परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया, जहाँ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ कहा कि आम लोगों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरबार के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक झगड़े, आपराधिक घटनाओं की शिकायतें, साइबर क्राइम और थाने में लंबित मामलों से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं, जिन पर त्वरित पहल करने का आदेश दिया गया।

दरबार में मौजूद लोगों ने भी पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली की सराहना की और भरोसा जताया कि अब उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। मौके पर कुछ मामलों में वहीं से कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जिससे लोगों को काफी राहत महसूस हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार का मकसद है आमजनों की आवाज को सीधे शीर्ष पुलिस अधिकारियों तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे दरबार नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि जनता और पुलिस के बीच विश्वास और बेहतर समन्वय बना रहे। जनता दरबार के इस आयोजन से लोगों में एक सकारात्मक संदेश गया है कि उनकी समस्याएं अब अनसुनी नहीं रहेंगी और पुलिस प्रशासन उनके साथ है।

## समकालीन अभियान के तहत 66 अभियुक्तों की गिरफ्तारी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष समकालीन अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ सघन कार्रवाई की गई। इस अभियान में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो अलग-अलग संगीन मामलों में वांछित थे।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में हत्या, हत्या के प्रयास, पुलिस पर हमला, शराब पीने तथा पॉक्सो जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त लोग शामिल हैं। हत्या के दो मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों को पकड़ा गया, वहीं हत्या के प्रयास के 9 मामलों में शामिल आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा शराब पीने के मामले में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। एक व्यक्ति को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। वहीं, अन्य गंभीर मामलों से जुड़े 41 अभियुक्त भी पुलिस के हत्थे चढ़े। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में की गई, जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने एक साथ मिलकर काम किया। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध को नियंत्रित करने और जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए यह अभियान चलाया गया था, जिसका असर अब साफ नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी अपराधियों पर इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और जिले में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम करती रहेगी।

## पूर्व जिप अध्यक्ष ने पथ निर्माण मंत्री के फ्लाई ओवर की घोषणा का ध्यान कराया आकृष्ट

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन से औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र के निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट से लेकर रमेश चौक तक फ्लाई ओवर की मांग के संबंध में एक बार फिर उन्हें याद दिलाते हुए पत्र प्रेषित किया है। बिहार के पूर्व सीएम सत्येंद्र नारायण सिंहा के प्रतिमा अनावरण के समय पहुंचे मंत्री को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया था मंत्री द्वारा समारोह के मंच से यह घोषणा की गई थी कि औरंगाबाद में फ्लाईओवर का निर्माण जल्द कराया जाएगा। उनकी घोषणा के बावजूद भी फ्लाईओवर के कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। औरंगाबाद की जनता वर्षों से प्रतीक्षा में है कि कब उन्हें आए दिन होने वाले जाम से निजात मिल सके औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। खासकर लग्न त्यौहार के मौसम में विशेष कर जामा मस्जिद के पास तो प्रतिदिन जाम से जरूर मुलाकात हो जाती है। औरंगाबाद के जनता की ओर से मैं मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं जितना जल्द हो सके कि फ्लाई ओवर बनवाने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करवाना चाहेंगे जिससे लोगों को प्रदूषण से मुक्ति भी मिले और जाम से निजात भी मिल सके।

## मारपीट एवं हत्या कांड के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**



जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र में हुई मारपीट और हत्या की घटना के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी बिहार पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, हसपुरा थाना क्षेत्र में कुछ दिनों पूर्व आपसी विवाद में मारपीट की एक गंभीर घटना सामने आई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई थी। छानबीन के दौरान पुख्ता सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों वांछित अभियुक्तों को धर दबोचा गया।

गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और हत्या के पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य संभावित लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्र में लोगों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है। वहीं, हसपुरा थाना पुलिस ने साफ कहा है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। औरंगाबाद पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत और प्रशासन के प्रति विश्वास का माहौल बना है।

## गेट नंबर-19 पर सीढ़ी बनाने की मांग को लेकर समाजसेवियों ने सौंपा स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन

**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन गेट नंबर 19 पर ओभर ब्रिज का निर्माण किया गया और संचालित भी हो रहा है लेकिन पैदल चलने में लोगों के लिए इस पार से उस पार जाने के लिए सीढ़ी नहीं बनाया गया। जिससे आम लोगो को काफी असुविधा हो रही है। रेलवे गुमटी को सील कर दिया गया। जिससे अंचल कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय व बाल विकास परियोजना कार्यालय में आना जाना दुर्लभ हो गया है। खास करके स्कूल के बच्चों एवं यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। कभी भी दूर्घटना हो सकती है। जिसका सारा जिम्मेवारी रेलवे विभाग को वहन करना पड़ेगा। जबतक सीढ़ी का निर्माण नहीं होता है तबतक गेट का संचालन करते रहें। वही भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, समाजसेवी ब्रजेश कुमार, उपेन्द्र कुमार यादव ने आक्रोश जताते हुए कहा कि जब तक ओवर ब्रिज पर सीढ़ी नहीं बन जाती तब तक रेलवे गुमटी को खोल दिया जाए ताकि छात्रों एवं आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिले एवं दुर्घटना से बचाया जा सके। कई छात्र छात्रा एवं आम पब्लिक रेलवे क्रॉसिंग से होकर जान जोखिम में डालकर पार हो रहे हैं कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसकी प्रतिलिपि डी आर एम को भेजा जाएगा। इस संबंध में डीएम से मुलाकात की जाएगी।